CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 06°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 24 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 9 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न पेज 2



सुधार की गुंजाईश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा खेल टाइम्स



बालिकाओं के साथ बढ़ते हैवानियत के मामले चिंताजनक सम्पादकीय




ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया पेज 12

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश हुए विमान में पहले से खराबी थी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी।

अमेरिका स्थित फाउंडेशन फार एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एलओसी के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरुआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी।

# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज, लौटी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तर भारत** में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।



**राजस्थान-यूपी में जमकर बारिश, शीतलहर चली, शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी, श्रीनगर एयरपोर्ट पर चार इंच बर्फ, सभी फ्लाइट्स कैंसिल, वैष्णो देवी यात्रा रुकी, कई स्थानों पर तापमान में भारी गिरावट**

हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती है। तापमान में गिरावट, पाला और कोल्डवेव के हालात बनते हैं। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर पुलिस ने बर्फबारी में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग चोचरू गल्ला इलाके में खराब मौसम के कारण फंस गए थे। चोचरू गल्ला इलाके से लगभग 12 किलोमीटर दूर संघ में पुलिस पोस्ट को एक इमरजेंसी कॉल मिली। इसके बाद अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उधमपुर पुलिस अधिकारियों को उस इलाके तक पहुंचने में तीन घंटे लगे जहां स्थानीय लोग फंसे हुए थे। शिमला में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई। घरों के बाहर सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर मोटी बर्फ की परत जम गई है। हिमाचल के मनाली में शुक्रवार सुबह से बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरी घाटी सफेद चादर से ढक गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छगन भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 साल बाद बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चले आ रहे एक बड़े कानूनी मामले में राकांपा नेता और मंत्री छगन भुजबल को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र सदन निर्माण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि भुजबल के खिलाफ आरोप तय करने लायक ठोस सबूत पेश नहीं किए जा सके। यह मामला वर्ष 2005-06 का है। उस समय भुजबल महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। आरोप था कि नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण का ठेका एक निजी कंपनी को गलत तरीके से दिया गया। ईडी ने दावा किया था कि इस सौदे के बदले भुजबल और उनके परिजनों को कथित रूप से रिश्वत मिली थी, जिसे मनी लान्ड्रिंग बताया गया। ईडी का आरोप था कि निर्माण कंपनी केएस चमनकर ने भुजबल परिवार को किकबैक दिया। जांच एजेंसी के मुताबिक यह पैसा उन कंपनियों में भेजा गया, जिनमें भुजबल के बेटे पंकज भुजबल और भतीजे समीर भुजबल निदेशक थे।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है। अभी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। सुरक्षाबलों की जाइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था।

### बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

## जज को उसकी लिमिट बताने वाले वकील को सीजेआई ने लगाई फटकार

# आंख दिखाना चाहता है, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को उस वकील को कड़ी फटकार लगाई, जिसने जज को लिमिट बताने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने वकील से कहा कि अगर वह आंखें दिखाना चाहता है तो दिखाए, हम भी यहां बैठे हैं। हम भी देखेंगे। वकील का नाम महेश तिवारी है।

उन्होंने पिछले साल कोर्टरूम की कार्यवाही के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के एक जज के साथ मौखिक बहस के लिए जारी किए गए आपराधिक अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। दरअसल, वकील महेश तिवारी 16 अक्टूबर को झारखंड हाईकोर्ट के जज राजेश कुमार के साथ बहस की थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहस के दौरान वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना घ्क्का नोटिस जारी किया। इस पर वह सुप्रीम कोर्ट चले गए। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट से वकील तिवारी को झटका लगा है। सीजेआई सूर्यकांत ने हाईकोर्ट की अवमानना कार्यवाही के खिलाफ अपील करने के लिए वकील महेश तिवारी को फटकार लगाई और कहा कि वह बस सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश चाहता है, ताकि यह दिखा सके कि मेरा क्या बिगाड़ लिया। मामला तब सुलझ गया जब महेश तिवारी ने अपनी क्लाइंट को 50,000 रुपये जमा करने पर सहमति जताई। हालांकि, तिवारी का मामला खत्म होने के बाद यह मुद्दा और बढ़ गया। जैसे ही कोर्ट ने अगला मामला लिया, जस्टिस कुमार ने कथित तौर पर महेश तिवारी के तर्क पेश करने के तरीके के बारे में टिप्पणी की। इसके बाद कोर्ट ने उस वक्त अदालत में ही मौजूद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन से वकील के आचरण का संज्ञान लेने को कहा। इसके बाद तिवारी खड़े हुए, बेंच के पास गए, और जज की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं, आपके बताए तरीके से नहीं। कृपया इस बात का ध्यान रखें, किसी भी वकील को अपमानित करने की कोशिश न करें, मैं आपको बता रहा हूं। इस पर जज ने पलटकर जवाब दिया और कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि कोर्ट अन्याय कर रहा है। इसके बाद वकील महेश ने कहा कि क्या मैंने ऐसा कहा। इसके बाद जज से लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के लिए कहा, यह इशारा करते हुए कि यह कोई और वकील था, जिसने बहस की वह लाइन इस्तेमाल की थी, जिसे जस्टिस कुमार ने अपमानजनक पाया। बयान अधिवक्ता महेश तिवारी द्वारा अदालत की कार्यवाही के दौरान दिया गया बताया जा रहा है। वकील ने कहा कि कृपया रिकॉर्डिंग देखिए। मैंने केवल आपके समक्ष प्रार्थना की थी, देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है, ये मेरे शब्द हैं। किसी भी अधिवक्ता को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए, आप जज हैं, इसलिए सब जानते हैं और हम अधिवक्ता कुछ नहीं, मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, सीमा पार मत कीजिए।



**वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें**

### अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए, अगर वह जजों को आंखें दिखाना चाहता है, तो वह आगे बढ़ सकता है। हम यहां बैठे हैं, और हम भी देखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अगर वह माफी मांगता है, तो सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाए। महेश तिवारी का जस्टिस राजेश कुमार के साथ तीखी बहस तब हुई, जब वह अपनी क्लाइंट (एक विधवा) के लिए राहत मांग रहे थे, जिसकी बिजली लाइन 1.30 लाख रुपये के बकाया के कारण काट दी गई थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी क्लाइंट कनेक्शन दोबारा लगवाने के लिए 25,000 रुपये जमा करने को तैयार है। हालांकि, जस्टिस कुमार ने एक न्यायिक मिसाल का हवाला दिया, जिसमें कुल बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने की आवश्यकता थी।

# तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू: पीएम

**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी नेकहा कि डीएमके ने वादे बहुत किए, लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में



वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ए सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है। बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपये दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

# धार की जमीन ने दिया धीरज का परिचय

**धार।** धार की भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी वसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज अदा कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा।

पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चौन की सांस ली। आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। बीते वर्षों में जब भी वसंत पंचमी शुक्रवार को आई थी,

**विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हुई पूजा, अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज भी अदा कराई गई**

धार के हालात बिगड़े थे, लेकिन इस बाद प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी और धार के लोगों ने भी धीरज धरा। वसंत पंचमी और जुम्मे की नमाज निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न हुई। भोज उत्सव समिति ने धर्मसभा भी आयोजित की। जिसमें वर्ष 2034 तक धार में भव्य मंदिर बनाने की बात कही गई। शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया। 15 से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आए थे। इसके लिए प्रशासन ने पास भी जारी किए। वसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान पर ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। धार में जब-जब शुक्रवार और वसंत पंचमी का मिलन हुआ, धार में तनाव और संघर्ष ने भी दस्तक दी, इसीलिए प्रशासन ने सुरक्षा में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

# पाक को लेकर बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वॉरफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा

**भारत की एंटी ड्रोन शील्ड चेक कर रहा पाकिस्तान, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे**

ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे। इनका मकसद भारतीय सेना की तैनाती और उसका पैटर्न पता लगाना था। पाकिस्तान ऐसे सर्विलांस से आतंकियों की घुसपैठ के रास्ते खोजता रहा है। सैन्य संचालन- महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में भारत ने ड्रोन एक्टिविटी पर आपत्ति दर्ज कराई है।

# साढ़े चार करोड़ नौकरियां, लाखों कारोबार दांव पर: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ है। राहुल ने कहा 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों कारोबार दांव पर लगे हैं, लेकिन मोदी ने न तो कोई राहत दी है और न ही अमेरिकी टैरिफ पर कुछ कहा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें। राहुल ने वीडियो के साथ एक्स (ग) पर किए गए पोस्ट में कहा,अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ और अनिश्चितता भारत के कपड़ा निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रही है। नौकरियां जा रही हैं, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और ऑर्डर कम हो रहे हैं-यह

**मोदी जवाबदेह, न राहत दी, न अमेरिकी टैरिफ पर कुछ बोले, यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई: कांग्रेस सांसद**

हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई है। राहुल कहा कि भारत के लिए यह बेहद जरूरी है कि अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जिसमें भारतीय कारोबार और मजदूरों के हित सर्वोपरि हों। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी कमजोरी का असर अर्थव्यवस्था पर और नहीं पड़ने देना चाहिए। राहुल ने हरियाणा की कपड़ा फैक्ट्री के अपने हालिया दौरे का वीडियो सोशल पर शेयर किया। उन्होंने मजदूरों के बात भी की। गांधी ने यही वीडियो यूटड्ब पर भी शेयर किया और उसके साथ एक पोस्ट लिखा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें! वीडियो में राहुल गांधी कपड़ा फैक्ट्री के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते हैं। वहां काम कर रहे मजदूरों और अफसरों से बातचीत करते हैं और कपड़ा काटने की प्रक्रिया में खुद भी हाथ आजमाते नजर आते हैं। राहुल ने कहा कि भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। हमारे कपड़े दुनियाभर में पसंद किए जाते हैं और हमारे कपड़ा कारीगरों की कारीगरी वाकई बेजोड़ है। लेकिन आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और डर का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमतें और बांग्लादेश व चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते हमारे कपड़ा निर्यातक हर तरफ से दबाव में हैं। गांधी के मुताबिक इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है- फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, कच्चे माल की खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में भारी उथल-पुथल है।श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार मनमाने कानून बनाकर लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति-एक वोट' के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उनकी मंशा है कि हिंदुस्तान के चुने हुए लोगों के पास ही शक्ति हो और वे जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। गरीबों को कुचलने का अधिकार भाजपा अडानी-अंबानी को देना चाहती है ।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी से बैन हटाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में अब बाइक टैक्सी चल सकेंगी। शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को परमिट जारी करने का निर्देश दिया।

चीफ जस्टिस विभु बखरू और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने कहा कि ओला, उबर समेत एप बेस्ड एग्रीगेटर कंपनियों की अर्जी स्वीकारी गई है। मौजूदा कानूनों के तहत जरूरी परमिशन पर बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बेंच ने कहा है कि बाइक टैक्सी चलाने वाले वाहन मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को जरूरी लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। राज्य सरकार बाइक टैक्सी रेगुलेशन में शर्तें लगा सकती है, लेकिन सिर्फ इसलिए रजिस्ट्रेशन की अर्जी खारिज नहीं कर सकती कि वाहन बाइक है। अप्रैल 2025 में हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब तक राज्य सरकार मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत नियम नहीं बनाती, तब तक इनपर बैन रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को स्नान से वंचित करना घोर अपराध: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। सिंह ने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने कहा कि उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंक. राचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाए वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है।

### योगी ने दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** स्वाधीनता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व और अदम्य साहस आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'दिल्ली चलो' जैसे नारों ने देशवासियों के भीतर आजादी की अलख जगाई और युवाओं में जोश भर दिया।

# उप्र में कौशल क्रांति को मिलेगा नया आयाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ पश्चिमी उप्र के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से नोएडा परिधान निर्यात क्लस्टर और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमओयू के तहत आगामी पांच वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालिक, रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लगभग 70 हजार युवाओं को औद्योगिक इकाइयों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस पहल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कुल प्रशिक्षुओं में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी।

देश के अग्रणी परिधान निर्यात क्लस्टरों में शामिल एनएईसी, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विशेषकर गारमेंट एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी के डिजिटल पोर्टल 'कौशल गंगा' के माध्यम से संचा. लित की जाएगी। इसके साथ ही 'कौशल आजीविका' और 'कौशल बाजार' पोर्टल प्रशिक्षुओं को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे। इस सहयोग में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की अहम भूमिका होगी। भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त एससीवीटी प्रशिक्षुओं के मूल्यांकन और प्रमाणन का कार्य करेगी। एमओयू के तहत एनएईसी द्वारा प्रति प्रशिक्षु 1,200 रुपए प्रमाणन शुल्क एससीवीटी को दिया जाएगा। साथ ही एससीवीटी स्वयं स्तर पर पाठ्यक्रम विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय परिषद से अनुमोदित भी कराएगी।

### सरकार का लक्ष्य हर युवा कौशल बने: कपिल

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा कुशल बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े। एनएईसी और एससीवीटी के बीच यह एमओयू उद्योग और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को प्रदेश की कौशल नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

# महाराष्ट्र सरकार जो निवेश गिनाती है, वह जमीन पर क्यों नहीं दिखता: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने महाराष्ट्र की भाजपा सरकार पर निवेश के आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर-एमओयू करने के मामले में झूठे आंकड़े देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री जो दावे करते हैं, वैसा जमीन पर कहीं कुछ नहीं है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोढ़े पाटिल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्विट्जरलैंड के दावोस में हमेशा की तरह इस साल भी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की बैठक हुई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गाजे-बाजे के साथ इस बैठक में भाग लेने के लिए दावोस गए। फडणवीस अब दावा कह रहे हैं कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र में 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2023-24 में भी इसी तरह के दावे किए गए थे। तब एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने 3 लाख 60 हजार करोड़ रुपए निवेश आने की बात कही थी। फिर जब शिंदे को हटाकर फडणवीस मुख्यमंत्री बने, तो 2024-25 में 15 लाख करोड़ का निवेश आने के दावे किए गए और अब 30 लाख करोड़ की बात हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन साल में 50 लाख करोड़ का निवेश महाराष्ट्र में आ चुका है और इस हिसाब से महाराष्ट्र की सारी समस्याएं अब खत्म हो जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है तो इससे सवाल पूछना लाजमी है कि महाराष्ट्र सरकार ने कितने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और जो दावे किए जा रहे हैं उनमें से कितने कार्यान्वित हुए। इस प्रक्रिया के तहत कितने किसानों से भूमि का आंवटन उद्योगों के लिए किया गया, कितने एमओयू हकीकत में बदले और कितने लोगों को रोजगार मिला।

# सवाल उठाने वालों को अपमानित कर रही भाजपा: सपा

**लखनऊ, वार्ता**

■ जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा वो चार्टर प्लेन से चलेगा

समाजवादी पार्टी ने सतुआ बाबा का जिक्र किए बगैर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 'भाजपा की गुलामी करने वालों' को वीआईपी सुविधा और सुरक्षा मिलती है, जबकि धर्म और जनता की आवाज उठाने वालों को अपमानित कर हिंसा का शिकार बनाया जाता है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने अपने मीडिया सेल हैंडिल पर पोस्ट करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा, वो चार्टर प्लेन से चलेगा, बड़ी-बड़ी करोड़ों की गाड़ियों से चलेगा और उसके दरवाजे पर अफसर रोटियां बेलेंगे। लेकिन जो गौमाता की रक्षा, गंगा मैया की रक्षा और आम आदमी की बात करेगा, उसे हिंदू विरोधी और कालनेमी कहा जाएगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेले में इस बार सतुआ बाबा अपनी गाड़ियों को लेकर खासे चर्चा में हैं। कभी डिफेंडर तो कभी पोर्शे तो कभी बुलडोजर पर बैठ कर फोटो खिंच. ने की तस्वीर ज्यादा वायरल हुई है। सपा ने प्रयागराज के स्नान पर्व में धर्माचार्यों के साथ हुई कथित घटनाओं को 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा कि जब सतुआ बाबा और भाजपा के गुलाम बाबा. ओं का बुलडोजर स्नान स्थल तक जा सकता है, तो सदियों पुरानी परंपरा वाली शंकराचार्य की पालकी क्यों नहीं जाने दी गई। पालकी तो बुलडोजर से छोटी होती है, बुलडोजर से एक्सीडेंट की संभावना होती है, फिर भी प्रशासन ने उसे रास्ता दिया और पालकी रोकी। पार्टी ने आरोप लगाया, ये स्पष्ट रूप से शंक. राचार्य की हत्या की साजिश थी, जिसे वक्त रहते शंकराचार्य ने पहचान लिया।

## चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

# मतदाता सूचियों की शुद्धता का संकल्प लिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने पर सहमति

■ चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न

चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन पर यहां आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) शुक्रवार को 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें 42 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों ने अन्य बातों के अलावा मतदाता सूचियों की शुद्धता, चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया है।

भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी, 42 देशों निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रमुख, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 मुख्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने 'दिल्ली घोषणा 2026' को पढ़ा और सम्मेलन में शामिल सभी निर्वाचन प्रबंधन निकायों की ओर से इसे सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस घोषणा पत्र में चुनाव निकायों ने पांच क्षेत्रों- निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता, चुनावों का संचालन, अनुसंधान एवं प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण-पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया है। प्रतिभागियों ने अपनी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने तथा 3, 4 और 5 दिसंबर 2026 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लो. कतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में पुन: बैठक करने का प्रस्ताव भी पारित किया। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार उपस्थित सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने विश्व के लो. कतंत्रों पर सह- संकलित लो. कतंत्र विश्वकोश प्रकाशित करने, सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तथा 36 विषयों पर रिपोर्ट तैयार करने पर का निर्णय लिया है। इनमें सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तैयार किए जाने का काम वैश्विक अंतर-सरकारी संस्था इंटरनेशनल आईडीईए के नेतृत्व में तथा 36 अन्य विषयों पर रिपोर्ट बनाने के काम का नेतृत्व आईआईआईडीईएम कर रहा है।

### प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया

सम्मेलन में चुनाव आयोग के एकीकृत डिजिटल मंच ईसीआईनेट जैसी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के सह-विकास, और आईआईआईडीईएम के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया, ताकि चुनाव संचालन एवं निर्वाचक नामावली की तैयारी में व्यावसायिकता को बढ़ावा दिया जा सके। कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन मानकों पर महत्वपूर्ण संवाद को प्रोत्साहित किया है। सम्मेलन के दौरान आयोजित 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन बैठकों से आपसी सहयोग, सामूहिक प्राथमिकताओं और दृष्टिकोणों की समझ का विस्तार हुआ है। चुनाव आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पारस्परिक सम्मान, खुलेपन और एक-दूसरे से सीखने की इच्छा वैश्विक निर्वाचन समुदाय की परिपक्वता और व्यावसायिकता को दर्शाती है। चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने कहा कि ईसीआईनेट का शुभारंभ भारतीय तकनीकी प्रगति का प्रतीक है और यह इस बात को रेखांकित करता है कि चुनाव आयोग प्रौद्योगिकी को इस प्रकार अपनाता है, जिससे वह विश्वास को सुदृढ़ करे, न कि उसका स्थान ले।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 770 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी होने से बीएसई का सेंसेक्स 769.67 अंक (0.94 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,537.70 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 241.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में 25,048.65 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपए के कमजोर पड़ने से शेयर बाजार में भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। अनंतिम जानकारी के अनुसार रुपया आज 42 पैसे टूटकर पहली बार 92 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों का और बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई और सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, रियलटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, ऑटो, वित्त और मीडिया सेक्टरों पर दबाव अधिक रहा। संसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 7.5 प्रतिशत से ज्यादा टूटा। इटरनल में छह फीसदी से अधिक और इंडिगो में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच टूटे। मारुति सुजुकी, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर करीब एक फीसदी ऊपर बंद हुआ। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एशियन पेंट्स और टीसीएस में भी तेजी रही।

# अब देश में बनेंगे वाणिज्यिक विमान मंगलवार को होगी घोषणा

**नई दिल्ली।** अडानी समूह 'मेक इन इंडिया' की दिशा में बड़ी पहल करते हुए देश में वाणिज्यिक विमानों का निर्माण शुरू करने वाला है। अडानी समूह की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इसके लिए ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंब्रेयर के साथ करार करने जा रही है। आगामी 27 जनवरी को यहां राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्ड यन मंत्रालय में इसकी घोषणा की जाएगी। दोनों कंपनियों की ओर से मीडिया ब्रीफिंग के लिए जारी संयुक्त आमंत्रण में कहा गया है कि भारत के वाणिज्यिक विमानन की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक ऐतिहासिक विकास की घोषणा की जानी है। आमंत्रण में यह भी कहा गया है कि यह घोषणा 'एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर' साबित होगी। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर आई थी कि दोनों कंपनियों ने भारत में वाणिज्यिक विमानों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले उम्मीद की जा रही थी कि 28 से 31 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया 2026' में इसकी घोषणा की जाएगी। 'विंग्स इंडिया 2026' में एंब्रेयर अपने ई195-ई2 और ई175 विमानों का प्रदर्शन कर रही है। ई195-ई2 एक छोटा नैरोबॉडी वाणिज्यिक विमान है, जिसमें 132.146 सीटें हो सकती हैं।

# केंद्र ने वेतन और पेंशन संशोधनों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के 95 हजार से अधिक कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी (23,570 पेंशनर) और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा। इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12-41 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है। परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपए का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है। पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। नाबार्ड के ग्रुप ए, बी और सी के लगभग 3,800 वर्तमान और पूर्व कर्मचारी एक नवंबर 2022 से लगभग 20 प्रतिशत बढ़े हुए वेतन और भत्ते के हकदार होंगे। इसके साथ ही नाबार्ड के उन सेवानिवृत्तों के लिए भी पेंशन संशोधन मंजूर किया गया है, जो एक नवंबर 2017 से पहले जुड़े और सेवानिवृत्त हुए थे, ताकि उनकी पेंशन भी पूर्व आरबीआई-नाबार्ड सेवानिवृत्तों के समान हो सके। केवल वेतन संशोधन से वार्षिक वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी, जबकि बकाया राशि लगभग 510 करोड़ रुपए होगी।

# कफ सिरप तस्कर भोला प्रसाद की 28.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच कर रही सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद की अपराध जगत से अर्जित की गई 28.50 करोड़ की संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद के खिलाफ राबर्ट्सगंज कोतवाली में एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच एसआईटी द्वारा किया जा रहा है। एसआईटी ने कफ तस्करी के मुख्य अभियुक्त वाराणसी निवासी भोला प्रसाद को कुछ दिन पहले विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। एसआईटी जांच में प्रकाश में यह तथ्य आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के लिए संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग 28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की के लिए न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 जनवरी को अभियुक्त की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया।

इस आदेश के अनुपालन में आज 23 जनवरी को इण्डियन बैंक शम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शाखा, वाराणसी में जमा 53 लाख 93 हजार 276 रुपए और 60 लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट और अन्य दो खाते में जमा 68 लाख 96 हजार, एक मर्सिडीज बेंज कार अनुमानित कीमत एक करोड़ 22 लाख 15 हजार रुपए, तीन अचल संपत्ति अनुमानित कीमत एक करोड़ 98 लाख रुपए समेत 23 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया गया है। गौरतलब है कि सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ बंगाल और बांग्लादेश तक प्रतिबंधित कफ सिरप का नेटवर्क फैला रखा था। शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल ने शैली ट्रेडर्स फर्म तथा अन्य फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए का काला कारोबार प्रतिबंधित कफ सिरप के माध्यम से किया।

# आजादी में बोस के योगदान को मिटाने के कांग्रेस ने किए प्रयास: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सरकार पर देश की आजादी के लिए किए जाने वाले प्रयासों में बाधा डालने और उनके योगदान को मिटाने और कम आंकने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू पर यह आरोप लगाए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा उन्हें संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। त्रिवेदी ने नेता. जी को लेकर कांग्रेस के साथ-साथ कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, जिसे हम सब पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी ने 1943 में भारत की पहली निर्वासित सरकार बनाते समय किसी वायसराय या गवर्नर जनरल से शपथ नहीं ली थी, जबकि पंडित नेहरू को सरकार बनाते समय दो सितंबर 1946 को वेवल ने और 15 अगस्त, 1947 को माउंटबेटन ने शपथ दिलाई थी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आज पूर्ण स्वतंत्र विचारों से स्वतंत्र भारत की पहली स्वतंत्र सरकार स्थापित करने के प्रथम प्रतीक सुभाष चन्द्र बोस के स्मरण का पर्व है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने 1955 में बीबीसी को दिए अपने साक्षात्कार में कहा है कि भारत को जो आजादी मिली, वो इसलिए मिली, क्योंकि भारतीय सेना के सैनिकों की वफादारी अंग्रेजों के प्रति नहीं रह गई थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारतीय सैनिकों की अंग्रेज सरकार के प्रति वफादारी कभी नहीं बदलेगी, ऐसा वो सोचते थे, लेकिन सुभाष चंद्र बोस की वजह से अंग्रेजों का यह सपना पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। त्रिवेदी ने कहा कि 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के बाद नेता. जी सुभाष चंद्र ने कहा था कि यही मौका है, हमें ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उस समय उनके विचार को नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने उस समय दबाव क्यों नहीं बनाया और तीन साल तक क्यों इंतजार किया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस कार्य समिति में 14 जुलाई, 1942 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जो नकारात्मक भाव है, उसे सहयोग और सकारात्मक में बदलेंगे और हम एवं ब्रिटेन मिलकर दुनिया के लोगों और भारत के लोगों के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे, आपकी फौजें यहां रहें, इसके लिए कांग्रेस पूरी स्वेच्छा से समर्थन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यही मूल कारण था कि कांग्रेस ने 1931 से लेकर 1947 तक 1942 को छोड़कर कोई भी आंदोलन नहीं किया।

### इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं अखिलेश: भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं। सनातन संस्कृति को लेकर जब वो कुछ बोलते हैं, तो हंसी आती है। भाजपा के प्रवक्ता आनंद दूबे ने शुक्रवार को कहा कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं, जो केवल चुनाव नजदीक आते ही हिंदुत्व का चोला ओढ़ लेते हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को कारसेवकों के खून से लाल कर दिया था। जैसे ही चुनाव करीब आता है, वैसे ही समाजवादी पार्टी के नेताओं का छद्म हिंदू स्वरूप सामने आ जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यही लोग दिव्य और भव्य महाकुंभ पर सवाल उठाते हैं और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं पर भी आपत्ति जताते रहे हैं। चुनावी समय में ये स्वयं को सनातनी बताकर समाज में घूमते हैं, जबकि इनका आचरण और इतिहास इसके विपरीत रहा है।

# एक सड़क हादसे में हुई छात्र की दर्दनाक मौत

**■ मेपल्स एकेडमी का होनहार छात्र था आकाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सड़क हादसे में एक स्कूल के होनहार छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। यह घटना ई रिक्शा और मोटर साइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत के चलते हुई। इस घटना में मृतक छात्र का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना का इंटरमीडिएट का लगभग 18 वर्षीय छात्र आकाश कुमार पुत्र मंगल सेनष निवासी ग्राम कुरावा थाना फुगाना अपने दोस्त प्रिंस के साथ रसूलपुर जाटान गांव जा रहा था। जब वह अपने दोस्त प्रिंस की बहन से मिलकर मोटर साइकिल पर बैठकर अपने घर लौट रहे थे तो खतौली मार्ग पर सामने से आ रहे ई रिक्शा से उनकी मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक कई फीट दूर तक जा गिरे। इस हादसे में प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया गया। आकाश की हालत बेहद नाजुक थी जिसे चिकित्सकों ने गंभीर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां रात करीब सवा बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आकाश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी एक बड़ी बहन है। उसके पिता मंगल किसान हैं। आकाश पढ़ाई में होनहार था। मृत्यु की खबर गांव कुरावा पहुंची तो गांव में मातम पसर गया। घायल प्रिंस का इलाज जारी है।

## गांव नगवा के खेत में मिली खोपड़ी पुलिस के लिए बनी सिर दर्द

# किसी की हत्या हुई या खोपड़ी लाकर फेंकी गई

### डीएनए टेस्ट रिपोर्ट से खुल सकता है राज, डॉक्टर, पुरुष व महिला का नहीं लगा सके अनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव नगवा के जंगल में मिली मानव खोपडी के बाद गांव में यह चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं यह खोपडी गांव से गायब सचिन की तो नहीं इसको लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह के कयास लगते रहे और परिजन भी इस मामले को लेकर पूरी तरह भयभीत होने के साथ गमजदा हो गया था। उधर पुलिस ने भी अपनी इस जांच को ओर तेज कर दिया था कि गांव नगवा के जंगल में मिली मानव खोपडी सचिन की है या नहीं मामला कुछ भी रहा हो अब तो सवाल यह है कि खोपडी तो जंगल में मिली ही है अब वो चाहे सचिन की हो या किसी ओर की, लेकिन यह तो



स्पष्ट हो रहा है कि किसी ना किसी व्यक्ति की हत्या तो हुई है। अब यह पुलिस जांच का विषय है कि आखिर मानव खोपडी किस की है अब यह मामला पुलिस के लिए ओर उस वक्त सिर दर्द बन गया जब लोगों ने खोपडी का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की। इस खोपडी से वैसे तो स्पष्ट हो रहा है कि इतनी जल्दी किसी भी शव की दशा ऐसी नहीं हो सकती। और यदि खोपडी मिली है तो बाकी शरीर कर हिस्सा कहां गया? यदि शरीर को जानवर भी खाते तो हड्डिया तो मिलनी ही चाहिए थी। कुल मिलाकर पुलिस की हडक तो भड गई है या यू कहें की यह मामला पुलिस के लिए भी सिर दर्द बन गया है और उधर गांव के लोग भी तरह-तरह के कयास लगा रहे है कुछ लोगों का कहना है कि यह खोपडी यदि सचिन की है तो इतनी जल्दी ऐसी दशा क्यो हुई? तो कुछ ग्रामीण यह भी मान रहे है कि यह खोपडी सचिन की नहीं है, लेकिन हत्या तो किसी की हुई है और वह कौन है और कहां का है जिसका शव या खोपडी यहां लाकर फेंकी गई है। फिलहाल पुलिस ने खोपडी का पोस्टमार्टम करा दिया है। अब यह मामला सचिन के परिजनों की समझ में भी नहीं आ रहा है। अभी तक तो स्पष्ट रूप से यह भी दावा नहीं किया जा सकता कि मानव खोपडी पुरूष की है या किसी महिला की। उधर पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर भी यह स्पष्ट नहीं कह पा रहे कि खोपडी पुरूष की है या किसी महिला की।

अब केवल डीएनए टेस्ट का विकल्प बचा है। प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएनए मिलान के बाद ही साफ होगा कि बरामद अवशेष सचिन के हैं या किसी और के हैं। उधर सचिन के परिजन पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगा रहे थे लेकिन यहां तो मामला ही दूसरा निकल आया है। जिसके लिए पुलिस पूरी माथापच्ची कर रही है। बस अब तो डीएनए रिपोर्ट के आने के बाद साफ हो सकेगा कि यह खोपड़ी किसकी है। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा निवासी 22 वर्षीय दलित युवक सचिन घर के बाहर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने गायब युवक की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इसी दौरान गांव नगवा के जंगल से एक खोपड़ी और उंगलियों की हढी मिली थी। जिसे परिजन गायब सचिन की बता रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना मे घायल हुए युवक की मौत से मचा कोहराम

**मोरना।** गंग नहर पटरी मार्ग पर हुए गड्डे मे गिरकर बाइक सवार घायल हो गया था जिसका मुज़फ्फरनगर अस्पताल मे उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी 21 वर्षीय कबीर पुत्र टीटू बीते 13 जनवरी को रहमतपुर से बाईक द्वारा गांव के ही युवक अनमोल के साथ किसी कार्य से भोपा जा रहा था। जैसे ही वह गंग नहर पटरी मार्ग पर बेलड़ा स्थित बारात घर के पास पहुंचा तभी सड़क मे हुए गहरे गड्डे मे गिरकर बाईक का संतुलन बिगड गया। कबीर व अनमोल सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए भोपा अस्पताल ले जाया गया। अनमोल को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत घर भेज दिया गया जबकि कबीर को गंभीर हालत मे मुज़फ्फरनगर निजी अस्पताल मे रेफर किया गया। जहां उसका उपचार चल रहा था की गुरुवार की देर रात कबीर ने दम तोड़ दिया। युवक का शव गांव पहुंचा तो घर मे कोहराम मच गया। पिता टीटू माता मिंटो छोटा भाई शुभम बहन गुड़िया, प्रीति, काजल बिलख पड़े।

कबीर के किसी कम्पनी मे प्राईवेट जॉब करना बताया गया है। शुक्रवार दोपहर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। कबीर की मौत से पूरे गांव में शोक छाया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक होनहार और व्यवहार कुशल था। फिलहाल मृतक के परिजन बार-बार कबीर को याद करके रोते बिलखते रहे।



मुजफ्फरनगर: मॉक ड्रिल के दौरान आपदा से निपटने की तैयारी को परखते जिलाधिकारी।



मुजफ्फरनगर: दमकल विभाग के कर्मी आग से निपटने की तत्परता दिखाते हुए।

# जनपद में हुई ब्लैक आउट-मॉक ड्रिल, प्रशासन ने परखी आपदा से निपटने की तैयारी

### पूरे जनपद में छाया अंधेरा, डीएवी कॉलेज में हुआ मुख्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के साथ जनपद में भी शुक्रवार 23 जनवरी को शाम ठीक छह बजे से 06:10 मिनट तक पूरे राज्य के साथ जनपद में भी ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा विभाग के तहत यह अभ्यास राज्य के 75 जिलों में एक साथ किया गया। जिसमें लखनऊ सहित हर जगह हाई-लो टोन में एयर-रेड सायरन बजा और कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद की गई। इसका मुख्य उद्देश्य यही था कि हवाई हमला हो या युद्ध जैसी स्थिती इस आपात स्थिति में सुरक्षा तैयारियों, विभागों के समन्वय और नागरिकों की जागरूकता का परिक्षण कराना था यह मॉकड्रिल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती और उत्तर प्रदेश दिवस अवसर पर की गई। इससे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल रिहार्सल है, कोई वास्तविक खतरा नहीं। इस दौरान लोगों को पहले से ही घरों में रहकर लाइट बंद रखने और सहयोग करने की अपील की गई थी। शुक्रवार शाम छह बजे से ठीक सायरन बजना शुरू हुआ जो दो मिनट तक हाई और लॉ टॉन में चला। यह हवाई हमले की नकली चेतावनी थी इसके साथ ही चिन्हित क्षेत्रों में बिजली कट की गई। जिससे दस मिनट कुछ जगहों पर पांच-दस मिनट तक अंधेरा छाया रहा और अभ्यास खत्म होने पर दूसरा सायरन बजा जिसने ऑल क्लियर का संकेत दिया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वह घरों में रहकर लाइट बल्ब, यहां तक की इन्वेटर की लाइटे भी बंद करने की अपील की गई थी। रिहर्सल से पहले जनपद मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने लोगों से यह भी अपील की थी कि मोबाइल टीवी व अन्य पर न तो कोई अफवाह फैलाए और न ही अफवाहों पर ध्यान दे। मॉकड्रिल के दौरान मॉकड्रिल नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस विभाग) भी मौजूद रहा और अग्नि शमन दल, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य आपातकालीन टीमे भी मौजूद रही। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा पुलिस प्रशासनिक, अधिकारी अधिनस्थ अधिकारी और मुख्य अग्नि शमन अधिकारी अनुराग मौजूद रहे।



## मकान की छत का मलबा गिरा, दो भैंसें जख्मी

**बुढ़ाना।** अर्ध रात्रि में शुरु होकर सायं के समय तक हुई बारिश से एक मकान की छत का मलबा खिलकर भर भराकर नीचे गिर गया। जिसमें दो भैंसें जख्मी हो गयी और हजारों रुपये की कीमत का घरेलू सामान नष्ट हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने भागकर मलबे से भैंसों को निकाला। पुलिस प्रशासन ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। यह तो गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य दूसरे कमरे में थे नही तो कोई बड़ी घटना होती। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव मंदवाडा में अर्ध रात्रि से शुरु हुई मूसलाधार बारिश ने शुक्रवार की सायं रिफाकत अली पुत्र मौसम राणा का मकान खिला दिया। परिणाम स्वरुप मकान की छत का मलबा अचानक से भर भराकर नीचे बंधी भैंसों के उपर गिर गया। जिसमें दो भैंसें जख्मी हो गयी। मलबे के गिरने और गृहस्वामी के परिवार के सदस्यों के चिल्लाने पर मौके पर आए दर्जनों ग्रामीणों ने मामला समझते देख भैंसों के उपर गिरा मलबा हटाना शुरु कर एक एक करके भैंसों को निकाला। मलबे में कमरे में रखा घरेलू सामान भी दबकर नष्ट हो गया। मकान गिरने की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस और तहसीलकर्मी भी मौके पर आए और पीड़ित परिवार से बातचीत कर मुआयना करके चले गये। ग्रामीणों ने बताया कि रिफाकत बहुत गरीब है। इसलिए इसको मुआवजा मिलना चाहिए और यह तो गनीमत रही कि जिस वक्त छत का मलबा गिरा उस समय कमरे में परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था नहीं तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। दो भैंसें जख्मी हुई हैं। जिनको उपचार दिला दिया गया है।



# साढ़े तीन माह बाद हुई बारिश, बिजली के साथ ओले भी पड़े

**■ सात अक्टूबर को हुई वर्षा के बाद शुरु हुई थी ठंड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** सर्दी शुरु होने से पहले ही आखिरी बारिश बीते वर्ष 07 अक्टूबर को हुई थी और उसी रात में गर्म कपड़े संदूक अलमारियों से निकल गये थे। अब करीब साढ़े तीन माह बाद फिर से बारिश ने दर्शन दिए तो ठंड में इजाफा हो गया। शुक्रवार की प्रथम रात्रि में लगभग 04 बजे से शुरू हुई यह हल्की बारिश सुबह 10 बजे के करीब मूसलाधार बारिश में बदल गयी और ओला वृष्टी भी हुई। वहीं जानकार बताते हैं कि फरवरी में दिन कुछ गर्म रहेंगे मगर रात में व अल सुबह में थोडी सर्दी रहेगी। सर्दी के साढ़े 3 माह कट गये। इस बारिश से उन किसानों की भी पूरी मौज आ गयी जिन्होंने अभी पोपुलर के पेड़ लगवाए हैं। ईख, गेंहू, सरसों के लिए भी यह बारिश वरदान बन गयी है। किसान बीते माह दिसम्बर से ये ही सुनते आ रहे थे कि बारिश अब होगी बारिश अब होगी। सर्दी के मौसम ने उस समय पलटी नही खाई मगर आज की बारिश ने बीते माह से चले आ रहे मौसम वैज्ञानिकों के दावों को धता बता आज की अल सुबह से ही बरसना शुरु कर दिया। पूरे दिन रुक रुककर बारिश हुई। सुबह के समय बादल गरजे तो आसमान में काले बादल घुमड़ गये थे। उसी दोरान हल्की बारिश हुई। बुढ़ाना में मूसलाधार बारिश सुबह दस बजे के करीब शुरु हुई। वहीं सुबह के समय बाजार सूने रहे तो ग्राहकों ने भी घर से निकलना सही नहीं समझा। बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में ओलावृष्टि की भी खबर है। जिसमें गेंहू की फसल को नुक्सान होना बताता जा रहा है लेकिन इसकी पुष्टी नहीं हो पाई थी।



मुजफ्फरनगर: दिनभर होती रही बारिश के दौरान साइकिल पर जाता एक दूधिया।

## बस की टक्कर से हिन्दू नेता संजय अरोरा घायल

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी बंगाल में जनसभा कर वापस लौट रहे राष्ट्र हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा मेरठ के निकट उस वक्त घायल हो गए जब उनकी कार को एक बस ने टक्कर मार दी। संजय अरोरा को तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया। वह संगठन को मजबूत करने तथा हिन्दूत्व की भावना जागृत करने के लिए पिछले दो दिनों से बंगाल गए हुए थे।




# 'करे कोई-भरे कोई' डॉक्टर के भाई-बहनाई जेल पहुंचे

### विगत दिवस गांव में क्लीनिक चला रहा डॉक्टर युवती को लेकर हुआ था फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बघरा।** ''करे कोई-भरे कोई'', यह कहावत तितावी थाना क्षेत्र में देखने को मिली कि गांव में प्रेक्टिस करने वाला डॉक्टर युवती को लेकर फरार हुआ और जब पुलिस आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार नहीं कर सकी और युवती की बरामदगी भी पुलिस नहीं दिखा पाई तो तितावी पुलिस ने आरोपी के भाई और जीजा को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, हालांकि इस मामले में कई ओर लोगों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन पुलिस ने अपना सारा गुस्सा लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी डॉक्टर के जीजा और भाई पर ही उतार दिया।

बताया जाता है कि तितावी थाना क्षेत्र के गांव बघरा निवासी डॉक्टर आमिर पुत्र सलीम तितावी क्षेत्र के गांव नंगला पिथौरा में डॉक्टर की दुकान चलाता था यहां रहते उसने दूसरे समुदाय की



युवती को अपने प्रेम जाल मे फंसा लिया। डॉक्टर न तो अपने पेशे की शर्म की और न ही समाज की मान मर्यादा रखी और वह सभी चीजों से बगावत करते हुए युवती को बहला फुसलाकर ले गया। लड़की के परिजनों ने सूचना दी तो पुलिस ने भागदौड शुरू की।

पुलिस ने इसमामले में कई लोगों को उठाया आरोपी डॉक्टर आमिर के भाई और बहनाई को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जब कई घंटे बीत जाने के बाद भी और हिरासत में लिए गए लोगों से सख्ताई के बावजूद पुलिस आरोपी डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाई और लडकी बरामद नहीं हुई तो पुलिस ने डॉक्टर के भाई और बहनोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उधर इस मामले में आरोपी डॉक्टर के नजदीकी और उसके परिचितों को भी हिरासत में लिया गया है। बताया जाता है कि पुलिस ने सविलांस सिस्टम से लेकर सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल की कॉल डिटेलों का भी सहयोग लिया, लेकिन पुलिस को न तो लडकी बरामद हुई और न ही आरोपी का गिरफ्तार किया।

# बेमौसम बारिश और ठंडी हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली और क्षेत्र में ठंड एक बार फिर तेज हो गई। शीतलहर के साथ हुई बेमौसम बारिश और रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते कई दिनों से तेज धूप और सुहावने मौसम से मिली राहत पर पानी फिर गया और लोगों को दोबारा स्वेटर, जैकेट, हीटर और अलाव का सहारा लेना पड़ा।

सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के चलते गलन बढ़ती चली गई। पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए, जिससे नगरवासियों को सदह्न का तीखा एहसास हुआ। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों और सड़कों पर लोग ठिठुरते नजर आए।

बारिश के चलते नगर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई। सड़कों पर कीचड़ फैलने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फलावदा मार्ग पर चीनी मिल की सिल्ट फैल जाने से हालात और भी खराब हो गए। चिकनी सिल्ट के कारण दोपहिया वाहन फिसलते रहे, जिससे कई लोग गिरकर घायल भी हो गए।

बेमौसम बारिश ने गन्ना किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में पानी भर जाने से गन्ने की कटाई और ढुलाई का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे खतौली त्रिवेणी चीनी मिल के सामने 'नो केन' की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि जब तक खेत सूखेंगे, तब तक कटाई संभव नहीं है। हालांकि यह बारिश गेहूं और



सब्जियों की फसलों के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। बारिश से फसलों को पर्याप्त नमी मिली है और ठंड बढ़ने से पौधों की बढ़वार में सुधार आने की उम्मीद है। किसानों के अनुसार इससे उत्पादन बेहतर रहने की संभावना है। वसंत पंचमी के दिन भी मौसम का रुख बदला-बदला सा रहा। सुबह से बादल छाए रहे और तेज हवाओं के कारण ठिठुरन बनी रही। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक इसी तरह के मौसम बने रहने की संभावना जताई है।

# टैंपो में सफर कर रही युवती से मोबाइल लूट, बाइक सवार फरार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में गुरुवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब टेंपो से घर लौट रही एक युवती से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया।

को अंजाम देकर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए, लेकिन तब तक बदमाश दूर निकल चुके थे। जानकारी के अनुसार थाना दोराला क्षेत्र के गांव दादरी निवासी आंचल पुत्री प्रदीप कुमार खतौली स्थित एक अस्पताल में कार्यरत है। गुरुवार शाम डड्ढ्ढ्ढटी समाप्त होने के बाद वह टेंपो में सवार होकर अपने गांव लौट रही थी। वह टेंपो की खिड़की के पास बैठकर मोबाइल चला रही थी। जैसे ही टेंपो रोडवेज बस स्टैंड के पास पहुंचा, उसी दौरान मोबाइल पर कॉल आने पर वह बात करने लगी। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए और चलते टेंपो से युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना से घबराई युवती ने शोर मचाया, जिस पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक काफी दूर से युवती का पीछा कर रहे थे और सुनसान स्थान देखकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित युवती परिजनों के साथ खतौली कोतवाली पहुंची और अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ तहरीर दी। युवती ने बताया कि उसके मोबाइल की कीमत करीब 20 हजार रुपये है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# ज्ञानस्थली स्कूल में मनाई बसंत पंचमी

**मीरापुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभाव के साथ संयुक्त रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुआ यजमान के रूप में विद्यालय निदेशक रोहित कुमार, साक्षी सिंह, प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान एवं बचन कौर ने यज्ञ का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियाँ देकर माँ सरस्वती की आराधना की। वातावरण को भक्तिमय बनाने हेतु भजन-कीर्तन और सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर नृत्य, कविताएँ व गीत प्रस्तुत किए, जिसने सभी का मन मोह लिया। संगीत शिक्षक शिवोम शर्मा के निर्देशन में श्रद्धा, ऋतिका, असना बतूल, अवनी धीमान, अरायना कपासिया, गुरवीर सिंह, माही सहित अन्य विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किए। हवन का संचालन कर रहे आचार्य पंडित दीपक कृष्णात्रेय ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्या, विवेक व ज्ञान के प्रतीक माँ सरस्वती की उपासना को आवश्यक बताया। संयोजक मीनाक्षी अरोड़ा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर अरुण शर्मा, हिमांशु वर्मा, आकाश चौधरी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## मीरापुर में विधि-विधान से हुई बसंत पूजा

**मीरापुर।** पंजाबी कॉलोनी चौक स्थित होलिका दहन स्थल पर शुक्रवार, 23 जनवरी को समाजसेवियों एवं व्यापारियों द्वारा बसंत पूजा के साथ ढांडा बांधकर होली के 40 दिवसीय उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूजा-अर्चना पंडित कुलदीप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने बसंत ऋतु के आगमन की कामना करते हुए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पूजा के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं में पीले चावलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में समाजसेवियों और व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में संजय माहेश्वरी, अमित आर्य, अमित वत्स, समीर कौशिक, अरुण यादव, शुभम रस्तोगी, निखिल गुप्ता, मनीष अरोरा, मंगेश खुराना, अखिल गुप्ता, अभिनव शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को बसंत पंचमी व आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मीरापुर। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य सजी वर्गिस द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 4 की छात्रा रुही ने बसंत पंचमी के महत्व पर अपने विचार रखे, जिन्हें सभी ने सराहा। अध्यापक राजपाल आर्य ने बताया कि यह पर्व बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और इस दिन पीले वस्त्र धारण करने का विशेष महत्व है, जो हरियाली और नई ऊर्जा का संकेत देता है। प्रधानाचार्य सजी वर्गिस ने कहा कि बसंत पंचमी का हिंदू धर्म में विशेष आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्व है। उन्होंने सुरक्षित पतंगबाजी का संदेश देते हुए चाइनीज मांझे का बहिष्कार करने की अपील की और सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रोशनी मैम, रिंकी मैम, पारुल मैम तथा नितिन सर का विशेष सहयोग रहा।

# सालभर में ही टूट गई पीडब्लूडी की सड़कें

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में लगातार सड़कों की गुणवत्ता में आ रही खामियों के बाद राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक की है। गाँधी कॉलोनी लिंक रोड़ व रुड़की रोड समेत कई सड़कों की गुणवत्ता का मुद्दा भी उठाया। नगर में बन रहे नाले भी चर्चाओं में रहा।

राज्यमंत्री कपिल देव ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के ख्रष्टिगत आज सहारनपुर आये चीफ़ इंजीनियर और लोकल स्तर के अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत हुई। जिसमें विशेष तौर से सड़क व नालों के निर्माण कार्य रहे। मंत्री कपिल देव ने कहा, अगर गुणवत्ता अच्छी हो तो सड़कें 10 साल तक चलती हैं नहीं तो 1 साल में ही टूट जाती हैं

शुक्रवार दोपहर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर की सड़कों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की है जिसमें सड़कों के निर्माण का मुद्दा उठाया गया। दरअसल नगर में लगातार सड़कों के निर्माण में आ रही खामियां व ख़राब गुणवत्ता पर बात. चीत हुई। मंत्री ने अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ सड़कों व नालों के निर्माण हेतु निर्देशित किया।राज्यमंत्री कपिल देव ने कहा, सड़कें चाहे पीडब्ल्यूडी, विधायक निधि, सांसद निधि या नगर पालिका किसी भी निधि को हों उनका पैसा जनता का होता है और शासन से पैसा आता है। उनकी गुणवत्ता बढ़िया होनी चाहिए।

चीफ़ इंजीनियर को भी सख़्ती के साथ निर्देशित किया गया है, निर्माणाधीन सड़कों को ख़ुद निरीक्षण कर क्वालिटी की जांच करें।उन्होंने कहा, गाँधी कॉलोनी लिंक रोड़ की सड़क में भी काफ़ी शिकायतें मिली थी, नगर के कई क्षेत्रों में सड़कों व नालों का निर्माण चल रहा है। नालों का निर्माण तो 25-25 सालों में होता है। इसलिए उनकी गुणवत्ता बढ़िया होनी चाहिए। रुड़की रोड़ मदीना चौक को जोड़ने वाली सड़क की भी चर्चा हुई है। नगरवासियों को जाम से निज़ात दिलाने के लिए 2 अंडरपास भी बनाये जा रहे हैं उन्होंने कहा, भोपा पुल और जानसठ पुल के नीचे अंडरपास भी बनेंगे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार शुक्रवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर बुढ़ाना में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चल चित्र पर फूलों की माला अर्पित की गई तथा नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि हर साल 23 जनवरी को भारत वर्ष में नेता. जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाती है। यह दिन भारतीय इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे व्यक्ति थे जिनकी कमी आज भी खलती है। उन्होंने सिखाया कि आजादी मांगी नहीं जाती छीन ली जाती है। इस वर्ष 2026 का पराक्रम दिवस हमें यही अवसर देता है कि हम उनके बलिदान को याद करें और विकसित भारत के संकल्प को उनके बताएं रास्ते पर चलकर पूरा करें क्योंकि आज भी अंडमान निकोबार की लहरों से लेकर हिमालय की चोटियों तक जय हिंद का नारा गूंज रहा है। इस दौरान यहां पर स्कूल के समस्त स्टाफ की उपस्थिति देखने को मिली।

## भोकरहेडी में स्ट्रीट वेंडर्स को सौंपे प्रमाण पत्र

**मोरना।** नगर पंचायत भोकरहेड़ी के प्रशानिक कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत नगर मे ठेला खोमचा लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण सहायता के प्रमाणपत्र भेंट किये गये। कार्यालय के प्रधान लिपिक संजीव शील ने जानकारी देकर बताया की केरल राज्य के तिरुवंन्तपुरम मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत आयोजित लाइव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर पंचायत भोकरहेड़ी कार्यालय में उपस्थितजनो को दिखाया गया। लाइव कार्यक्रम के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ;ण सुविधा, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा तथा भविष्य में मिलने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा नगर पंचायत द्वारा लाभार्थियों को योजना का अधिकतम लाभ उठाने एवं डिजिटल भुगतान अपनाने हेतु प्रेरित किया गया तथा उपस्थित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।कार्यक्रम मे अनेक लाभार्थियों ने भाग लिया।

## न्यू वैल्किन स्कूल में सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी,आज़ाद हिंद फ़ौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का संयुक्त आयोजन अत्यंत भव्य,अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और देशभक्ति की भावनाओं से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधालय के अध्यक्ष विनय कुमार, उपाध्यक्ष केके आनंद , प्रबंधक दुष्यंत कुमार एवं प्रधानाचार्य मनीष कुमार के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि हमारा क्लाइंट नीचे दी गई अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित संपत्ति ("अनुसूचित संपत्ति") खरीदने के लिए सौदेबाजी कर रहे हैं।

कोई भी व्यक्ति जो बिक्री, उपहार, पट्टा, हस्तांतरण विलेख, विरासत, बिक्री के लिए समझौते या कोई अन्य समझौता, समझौता ज्ञापन, विनिमय, बंधक, दृष्टिबंधक, प्रभार, ग्रहणाधिकार, विश्वास, प्रतिभूति, कब्जा, ईजमेंट, कुर्की, अधिग्रहण या अन्यथा किसी भी माध्यम सहित अनुसूचित सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग में किसी अधिकार, स्वामित्व तथा/अथवा हित तथा /अथवा किसी ऋणभार का दावा करता है उसे एतद्वारा आज की तिथि से 5 (पांच) दिनों के भीतर अनुसूचित सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में ऐसे दावे स्थापित करने के लिए प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ इसकी जानकारी और अधिसूचना अध. ोहस्ताक्षरी को प्रदान करनी होगी, जिसमें विफल होने पर ऐसे दावे के सन्दर्भ के बिना अनुसूचित सम्पत्ति की बिक्री/हस्तांतरण पूर्ण किया जायेगा और यदि ऐसा कोई दावा प्राप्त होता है तो उसे अस्तित्व विहीन या निरस्त माना जायेगा।

**अनुसूची**

**अनुसूचित संपत्ति का विवरण**

भूमि का वह सभी टुकड़ा, जो कृषि भूमि है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: (i) Khasra Nos. 385 (ड) (0.252 hectare), 405 (त) (0.849 hectare), 405 (ख) (1.434 hectare), 385 (2.42 hectare), 405 (ड) (0.615 hectare), 404 (क) (1.136 hectare), 405 (क) (2.309 hectare), 404 (ग) (1.085 hectare), 405 (च) (3.741 hectare), 385 (घ) (0.125 hectare), 385 (ख) (0.036 hectare), 402 (क) (0.13625 hectare), 399 (ड) (0.143 hectare), 399 (घ) (0.2581 hectare), 381 (0.0185 hectare), 382 (0.1388 hectare), 382 (2.7703 hectare), 387 (1.1296 hectare), 389 (0.7222 hectare), 403 (0.6388 hectare), 428 (ग) (0.929 hectare), 429 (0.047 hectare), 434 (क) (0.6535 hectare), 454 (च) (0.893 hectare), 434 (ग) (0.763 hectare), 454 (ग) (0.881 hectare), 428 (ड) (0.031 hectare), 452 (ग) (0.14 hectare), 428 (घ) (0.528 hectare), 434 (ख) (0.753 hectare), 452 (ख) (0.14 hectare), 454 (च) (0.888 hectare), 452 (क) (0.139 hectare), 262 (घ) (0.05285 hectare), 286 (ख) (0.02275 hectare), 287 (ख) (0.0035 hectare), 262 (ख) (0.0364 hectare), 262 (ग) (0.075 hectare), 286 (क) (0.0105 hectare), 287 (क) (0.001 hectare), 405 (ड) (3.741 hectare), 458 (0.07 hectare), 399 (क) (0.0277 hectare), 454 (ख) (0.625 hectare), 405 (घ) (0.2046 hectare), 453 (0.113 hectare), 454 (क) (0.225 hectare), 58 (ब) (0.125 hectare), 454 (अ) (0.697 hectare), 405 (ज) (0.717 hectare), 404 (घ) (1.085 hectare), 405 (च) (1.27 hectare), 405 (म) (0.205 hectare), 459 (0.53 hectare), 385 (ग) (0.13 hectare), 426 (0.448 hectare), 430 (0.413 hectare), 427 (0.21 hectare), 428 (म) (0.165 hectare), 328 (1.162 hectare), 454 (क) (0.102 hectare), 454 (क) (0.277 hectare), 454 (ड) (0.41 hectare) ग्राम सुहेली, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का है: और (ii) Khasra No. 12 (0.0315 hectare) ग्राम कालेवाला, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का है।

हस्ता./-
भारत भूषण शर्मा, पार्टनर
जे. सागर एसोसिएट्स। अधिवक्ता और सॉलिसिटरस
सैंडस्टोन क्रेस्ट, पार्क प्लाजा होटल के सामने
सुशांत लोक फेज-1, गुड़गांव 122009, भारत।
bharat.sharma@jsalaw.com

स्थान: उत्तर प्रदेश
दिनांक: 24 जनवरी, 2026

# कुरुतियों को दूर कर सामाजिक विकास की जाट समाज ने ली शपथ

**मोरना।** मोरना मे स्थित लव पैराडाईज़ बैंकट हॉल मे अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे समाज की एक जुटता,तरक्की तथा समाज की दशा व दिशा पर चिंतन किया गया व अपने प्रदर्शन से समाज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।




मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह ने पॉप पाखंड तथा सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा आरक्षण संबंधित जानकारी समाज के व्यक्तियों को दी। राष्ट्रीय सचिव चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा की स्व.चौधरी अजीत सिंह की मृत्यु के बाद राजकीय सम्मान न मिलने कर्नल सोनाराम का शव मोर्चरी में पड़े रहना,सतपाल मलिक का अपमान करना तथा पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ किये गये व्यवहार पर रोष प्रकट किया।गोपाल चौधरी,दीपक चौधरी, जितेंद्र राठी कार्यक्रम संयोजक सर्वेंद्र राठी,अमन रॉयल, नवीन राठी,चौ. ओमपाल सिंह चौ. बाबू राम राठी युधिष्ठिर पहलवान आदि ने सम्बोधन किया।इसके अलावा प्रशांत चौधरी, हिमांशु राठी, संजीव चौधरी,मनीष अहलावत, योगेंद्र बालियान, विनीत जवला, कार्तिक राठी, धीरेंद्र काक. रान, बबलू चौधरी,मनोज चौधरी, बिट्टू प्रधान,विशु मलिक, रमेश मलिक,अनंगपाल राठी, शेर चौधरी, मुकुल चौधरी,अवनीत बालियान,संजीव खोकर, अभिनव काकरान, बिट्टू चौधरी, प्रणव बालियान, सागर,जुबेर तोमर, यशपाल राठी,मोहित राठी, आशु चौधरी व सम्मानित किए गए खिलाड़ियों में तनिष्क चौधरी रोबिन अर्जुन विवेक तोमर अभय प्रताप रुद्र प्रताप सिंह अविश कुमार सार्थक पहलवान अयान चौधरी जुनैद पहलवान अविश अक्षत चौधरी सारंग चौधरी आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र राठी ने की व संचालन अंकुर काक. रान ने किया।

# बीआईटी में छात्रों ने दिखाई फोटोग्राफी की प्रतिभा




**मीरापुर।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुजफ्फरनगर में फोटोग्राफी क्लब द्वारा क्रिएटिव बुक फोटोग्राफी एक्टिविटी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और ख्रश्य अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना तथा पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान के महत्व को दर्शाना था। संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुस्तकों को केंद्र में रखकर अनोखे और कलात्मक फोटोग्राफ प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक अनुराग विजय अग्रवाल, उप-निदेशक पुष्पनील वर्मा, डीन डॉ. अजय सिंह, जनरल मैनेजर सीए दुश्यंत कुमार एवं उप-पंजीयक डॉ. आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. शीतल राजपूत, गौरव राजपूत एवं इंजीनियर निकुल देशवाल द्वारा किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में काशिश राजपूत (बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हितांशी सैनी (बीएएमएस प्रथम वर्ष) द्वितीय तथा अभिषेक देशवाल बीटेक सीएस चतुर्थ वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। संस्थान प्रशासन ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए छात्रों को नवाचार व रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# महिला ने पड़ोसियों पर लगाया दबंगई का आरोप

**मोरना।** शुक्रताल मे अनुसूचित जाति की महिला ने पड़ोसी पर दबंगई दिखाने व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रताल निवासी महिला अमृता ने शिकायत कर बताया की पड़ोस में रहने वाली तीन महिलाए आये दिन मेरे गाली गलौच व मारपीट करने पर उतारू रहती हैं।तथा जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके अपमानित करती रहती है। काफी समझा बुझाने के बाद भी आरोपी हरकतों से बाज नहीं आ रही हैं।तथा घर के सामने कूडा इक्टठा करती है और पानी भर देती है।मना करने पर मारपीट करती है।बुधवार दोपहर आरा. ेपी महिलाओ ने पीड़ित के घर के सामने कूडा इक्टठा कर दिया विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौच मारपीट कर पीड़िता को घायल कर दिया। पीड़िता अमृता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

# एसडी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मनी बसंत पंचमी



**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर मौहल्ला टीचर कालोनी में स्थित शिक्षण संस्था एसडी पब्लिक जूनियर स्कूल बुढ़ाना में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा दत्त शर्मा ने बतलाया कि बसंत पंचमी का त्यौहार मुख्यत छात्र छात्रा एवं कलाकारों के लिए मनाया जाता है क्योंकि यह सभी मां सरस्वती की पूजा करते हैं क्योंकि मां सरस्वती के आशीर्वाद से ही कोई भी छात्र छात्राएं या कलाकार किसी भी कार्यक्रम को मां सरस्वती का आशीर्वाद लेकर ही प्रारंभ करते हैं। स्कूल के प्रबंधक अनिल दत्त शर्मा ने सभी छात्राओं को कहा कि आप आज बसंत पंचमी के अवसर पर निश्चित करें कि हमें अपनी योग्यता को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बसंत पंचमी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत पंचमी भारत के सबसे सकारात्मक व ऊर्जा से भरे त्योहारों में से एक है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा के साथ प्रकृति करवट लेती है और ठंड कम होने लगती है। चारों ओर हरियाली व फूलों की बहार दिखाई देने लगती है। इस पर्व पर पीले रंग के कपड़े पहनने और पीले पकवान खाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यहां श्रीमती रितु शर्मा, नेहा ठाकुर, सूर्यांश, राजीव शर्मा, विधि शर्मा, अंशिका बंसल, अंजलि सैनी, तनु और रोहित पंवार अध्यापकों के अलावा छात्र छात्राओं में सुहाना, रिया, जिया, पाखी, आकांक्षा, नंदिनी, अवनी आदि छात्र मौजूद थे।

# जीडी गोयनका में बच्चों ने की मां सरस्वती की पूजा अर्चना



**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका स्कूल में वसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग की सादगीपूर्ण सजावट से सजाया गया, जो ज्ञान, विद्या और नवचेतना का प्रतीक है।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधिकमीना गोयल व प्रधानाचार्या द्वारा संयुक्त रूप से हवन एवं माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने गीत, काव्य-पाठ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वसंत ;तु और विद्या के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने अपने संबोधन में वसंत पंचमी को ज्ञान, सृजनशीलता और सकारात्मक सोच का पर्व बताया। उप-प्रधानाचार्या श्रीमती अंजली आनंद ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया।यह आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने वाला रहा। जी.डी. गोयनका स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**मोरना ।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने कारगिल शहिद स्मारक शुक्रताल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर एक यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोज राठी कैप्टन देव पाल राठी सूबेदार अशोक कुमार सूबेदार सुदेश पाल हवलदार ब्रजवीर सिंह कोषाध्यक्ष तथा उनकी धर्मपत्नी तथा हवलदार सुनील कुमार ब्लॉक अध्यक्ष मोरना गौरव सेनानी मांगेराम प्रबंधक कारगिल शहीद स्मारक व गौरव सेनानी जयपाल सिंह तथा स्वामी श्रीकांत सरस्वती महाराज आदि ने भाग लिया।

# चिल्ड्रन एकेडमी में बंसत पंचमी पर की गई पीले रंग की सजावट

**मुज़फ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण पीले रंग की सजावट, पुष्पों और उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर दिखाई दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया। उन्होंने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की अद्भुत मिसाल है।

इस अवसर पर जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती वंदना, भजन एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चे पीले परिधानों में अत्यंत आकर्षक लग रहे थे। वहीं सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों पर भाषण, कविता एवं नाटड मंचन प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती की सुंदर झांकियाँ एवं पोस्टर बनाए, जबकि कक्षा 9 से 12 के छात्रों ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा जैसे ओजस्वी नारों के माध्यम से नेताजी के विचारों को जीवंत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी हमें ज्ञान और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण और साहस का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन महान आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को




सफल बनाया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम Mohammad Tosif . Mohammad Tosif से बदलकर Mohammad Tosif रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

Mohammad Tosif S/O Mohammad Asif H.N. 467, V.P.O Bagowali, Muzaffarnagar 251002, (U.P) India.

# देवबंद मार्ग पर सड़क हादसे में खालापार के दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की देर रात सहारनपुर मार्ग पर एक सड़क हादसे में खालापार के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपनी रिश्तेदारी देवबंद में गये थे और वहां से लौटते समय हादसा हुआ। जैसे ही यह खबर खालापार में पहुंची तो यहां शोक छा गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना खालापार के मौहल्ला खालापार शाहिद व शाहरूख अपनी रिश्तेदारी में देवबंद गये थे। बताया जाता है कि शाहरूख की रिश्तेदारी देवबंद में है और देर शाम दोनों ही बाइक द्वारा देवबंद से अपने घर के लिए रवाना हुए। जब शाहिद व शाहरूख सहारनपुर मार्ग के होते हुए वापस लौट रहे थे तो अचानक सड़क हादसे में दोनों घायल हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उनके पास से मिले कागजों के आधार पर पहचान करते हुए इसकी जानकारी परिजनों को दी। इस समय डाक्टरों ने उन्हे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी पर रखवा दिया है।

## पति-पत्नी सहित तीन को सात वर्ष की सजा

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार भोपा पुलिस को एक पीडित ने 28 मई 2013 को तहरीर देते हुए बताया था कि गांव के ही जगबीर पुत्र गोपी और उसकी पत्नी गोपी व वेदप्रकाश पुत्र मेहराम निवासी विलायतनगर थाना भोपा ने हत्या के इरादे से उसके भाई पर कातिलाना हमला कर दिया। जिससे उसको गंभीर चोटे आयी। पुलिस ने धारा 307,325,324,323 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था और 31 अगस्त को सुनीता ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने 25 जुलाई 2013 को आरोपियों के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र प्रेषित कर दिया था यह मुकदमा ए.डी.जे.कोर्ट न. 6 के न्यायालय में विचाराधीन था। कोर्ट ने अधिवक्ताओं की दलीले, सबूत व गवाहों के आधार पर सुनीता, जगबीर व वेदप्रकाश को 7-7 वर्ष के कारावास व 16-16 हजार का जुर्माना लगाया है।

# एक जनपद एक उत्पाद में चयनित गुड़ को जीआई टैंग में किया गया शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जीआई टैंग के साथ अब विश्व बाजार में दस्तक देगा और अपनी एक विशेष पहचान बनायेगा उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, जैस्मिन ने सभी अवगत कराया है कि एक जनपद एक उत्पाद में चयनित उत्पाद गुड़ को जीआईटैंग में शामिल कर लिया गया है, जो जीआई टैंग के साथ अब विश्व बाजार में दस्तक देगा और अपनी एक विशेष पहचान बनायेगा।

जीआई टैंग (भौगोलिक संकेतक) एक प्रकार से ऐसी मुहर है, जिससे उस उत्पाद की पहचान पूरी दुनिया में हो जाती है तथा उस क्षेत्र को सामूहिक रूप से इसके उत्पादन का एकाधिकार प्राप्त हो जाता है। अवगत कराना है कि नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 77 उत्पादों का जीआई उत्पाद प्राप्त है। जनपद मुजफ्फरनगर का गुड़-उत्पाद अब समृद्धि संस्कृति और सामूहिक बौद्धिक सम्पदा का हिस्सा बना है।

अतः जनपद मुजफ्फरनगर के गुड़ उत्पादक/गुड़ व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने गुड़ के उत्पादन एवं वैक्यूम पैकेजिंग के लिए जीआई टैग हेतु पंजीयन यथा शीघ्र कराने का कष्ट करें। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्यौगिक आस्थान सूजडू, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर में सर्म्पक कर सकते है।

# सुभाष चन्द्रबोस की जयंती मनाई

**चरथावल।** गांव पीपलशाह शहीद राजगुरु उत्तर माध्यमिक विद्यालय के 23वे स्थापना दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। छात्र छात्राओं द्वारा नेताजी के जीवन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए नेताजी की जयंती के अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा नवनिर्मित गैलरी मुख्य द्वार का लोकार्पण विद्यालय संस्थापक राकेश वशिष्ठ अध्यक्ष आनंद पुंडीर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक राकेश वशिष्ठ ने नेताजी के जीवन के बारे में बताया और कहा की अपने विद्यालयों के नाम महापुरुषों के नाम पर ही रखने चाहिए और नेताजी सुभाषचन्द्रबोस के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए वही प्रबंध समिति के सदस्यों का भी सहयोग रहा रवीना,नईमाँ, आस्था,हिमानी, रजनी, शविता,अंजलि, कशीश शर्मा आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्रधानाचार्य द्वारा सभी आँगनतुको का धन्यवाद अदा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात गांव निवासी एक युवक उसकी पुत्री को बहका-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ 60 हजार रुपए व सोने के आभूषण ले गई है। पीड़ित ने बेटी की जान को खतरा जताते उसकी बरामद की गुहार लगाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि टटोड़ा गांव निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वेदांता पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा



**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में बसंत पंचमी के उपलक्ष में विद्यालय प्रांगण में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प समर्पित किए गए , तत्पश्चात हवन का आयोजन किया गया। साथ ही पराक्रम दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के रूप में मनाया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी ने कहा कि बसंत पंचमी केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा उत्सव भी है । विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी जी ने बसंत पंचमी के विषय में बताते हुए कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर बच्चों को ज्ञान के महत्व , अनुशासन और संस्कारों के प्रति जागरूक किया जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं बल्कि जीवन को सुंदर और सार्थक बनाने का माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य जी ने कहा कि पराक्रम दिवस केवल नेताजी को स्मरण करने का दिन नहीं बल्कि उनके सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प लेने का अवसर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

### उप्र दिवस कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र मेरठ रोड पर होगा आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बताया कि पूर्व में निर्धारित उत्तर प्रदेश दिवस 2026 नुमाइश मैदान में आयोजित किया जाना था, अब स्थान परिवर्तन करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र मेरठ रोड पर उत्तर प्रदेश दिवस 2026 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल होंगे।

### बाल ठाकरे-सुभाष जयंती शिवसैनिकों ने मनाई एक साथ

**मुजफ्फरनगर।** आजाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं वह हिंदू हृदय सम्राट वाले साहब ठाकरे की 100 वी जयंती आज पश्चिम उत्तर प्रदेश में धूमधाम के साथ बनाई गई संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने हिस्सा लिया मुजफ्फरनगर में भी प्रकाश मार्केट स्थित कार्यालय पर खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित हुई जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस और शिव सेवा प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया, आज क्रांतिसेना ओर शिवसेना द्वारा दोनों की जयंती पर भगवा रैली का आयोजन किया गया था जिसे भरी बरसात के कारण रद्द कर दिया गया और पार्टी कार्यालय पर ही जयंती मनाई गई, इस अवसर पर शिवसेना और क्रांतिसेना द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाला साहब ठाकरे जी को भारत रत्न देने की मांग हेतु प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पार्टी कार्यालय पर पहुंचे एसडीएम बुढ़ाना को सोपा गया वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल मंडल प्रमुख शरद कपूर जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी जिला प्रमुख बिट्टू से खेड़ा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान विद्यार्थी सेवा जिला अध्यक्ष जतिन वशिष्ठ युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सैनी उज्ज्वल पंडित ललित रूबेला सुनील प्रजापति बाबूराम शैलेंद्र विश्वकर्मा सहेंद्र कश्यप नीतू भारद्वाज अमित मित्तल शशि सुजुडू रानी चौधरी विवान चौधरी गौरव आजाद रवि कुमार रोशन कुमार मनोज चौधरी सहित सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थिति रही

# मोदी के नेतृत्व से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला: मीनाक्षी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आर्थिक रूप से कमजोर रेहड़ी-पटरी कारोबारियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए और लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण कराया गया।

नगर पालिका परिसर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वाले गरीब पात्रों के लिए क्रेडिट कार्ड लांच एवं एक लाख रुपये तक ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केरल के तिरुवंतपुरम से पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड योजना के शुभारंभ का लाइव प्रसारण किया गया, जिससे नगर के लाभार्थी सीधे तौर पर जुड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 15, 20 और 50 हजार रुपये के स्वीकृत ऋण के प्रमाण पत्र लाभार्थियों को वितरित किए। इस अवसर पर बैंक प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने लंबित आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए तत्काल ऋण पत्रावलियों को स्वीकृत किया।

साथ ही क्रेडिट कार्ड योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए शीघ्र कार्ड वितरण के निर्देश दिए गए। जिसका कोई गारंटर नहीं, सरकार स्वयं उनकी गारंटी बन रही है, जिससे आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि गरीब परिवारों का बिजली बिल कम करने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य उपचार मिल रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए मातृ वंदना योजना लागू की गई है। साथ ही 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त किए, जाने से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को सीधा लाभ पहुंचा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पहले सड़कों और गलियों में सामान बेचने वाले रेहड़ी-पटरी कारोबारियों की स्थिति बेहद कमजोर थी। पीएम स्वनिधि योजना ने उन्हें बैंकिंग सहायता से जोड़ा और लाखों लोगों को पहली बार बैंक से ऋण मिला। अब क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से उन्हें और अधिक वित्तीय सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले क्रेडिट कार्ड केवल संपन्न वर्ग तक सीमित थे, लेकिन अब रेहड़ी-पटरी वालों के हाथों में भी क्रेडिट कार्ड होंगे, जिससे उनका कारोबार और जीवन दोनों सशक्त होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद कुसुमलता पाल, अमित पटपटिया, सभासदपति विकल्प जैन, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, डूडा व पालिका के कर्मचारी तथा लाभार्थी मौजूद रहे।

## मंदिर में पूजा के साथ मना बसंत पंचमी का उत्सव

**मोरना।** क्षेत्र मे बसंत पंचमी का पर्व धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोकरहेड़ी मे हवन यज्ञ कर पूजा की गयी मंदिर मे महिलाओ द्वारा संकीर्तन किया गया व प्रसाद का वितरण किया गया। कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार मे स्थित सेठो वाला शिव शक्ति मंदिर मे शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व पूर्व की भांति परम्परागत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया तथा मां सरस्वती की वंदना की गयी। व्यापारी लाला गौरव कुमार गर्ग ने बताया की बड़ी संख्या मे कस्बे के नागरिकों ने भारी उत्साह के साथ कार्यक्रम मे भाग लिया।साथ ही मंदिर मे पूजा अर्चना की। सेंकड़ो महिलाओ ने संकीर्तन मे भाग लिया यज्ञमान के रूप मे लवकेश शर्मा रहे। राकेश वर्मा द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मनोज शर्मा, डॉ. ऋषिपाल शर्मा, विनीत कुमार गोयल,सौरव गर्ग, लाला बिल्लू, टीटू आदि उपस्थित रहे।

## जुमे की नमाज़ में उलेमा की वोट जागरुकता की अपील

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी जनरल सेक्रेटरी जमीयत उलेमा ए हिंद तहसील बुढ़ाना ने जुमे की नमाज़ से पहले एसआईआर फॉर्म को लेकर लोगों से बयान किया। उन्होंने कहा कि जो भी 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लड़के और लड़कियां हैं उनकी वोट अवश्य बनवाई जाए। वोट बनवाने के लिए जिन काग़ज़ात की ज़रूरत है उन्हें तैयार कराया जाए। जिन लोगों के पास नोटिस आए हुए हैं उन्हें घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है बल्कि अपने काग़ज़ात को दोबारा सही तरीक़े से भरें और जिन प्रूफ़ की आवश्यकता है उन्हें तैयार रखें। जो काग़ज़ात नहीं हैं उन्हें बनवाने की पूरी कोशिश करें। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि वे अपने आधार कार्ड को अपडेट करवा लें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े और ज़रूरत के समय सभी दस्तावेज़ आसानी से प्रस्तुत किए जा सकें। अंत में देश में अमन व अमान के लिए दुआ की गई।

# जौली बिजलीघर पर बिजली गिरने से आधे शहर की बत्ती गुल

**मुजफ्फरनगर।** सीज़न की पहली बरसात ने मौसम फ़िर सर्द बना दिया है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री जबकि अधिकतम तापमान 14 डिग्री के आसपास पहुँच गया है। तो वहीं जनपद में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले कुछ दिनों के मुकाबले कम हुआ है हालांकि अभी मुज़फ्फरनगर का एआईक्यू 248 बना हुआ है जो ख़राब स्थिति बताई जा रही है।

मुजफ्फरनगर- जनपद में आज सुबह से हो रही मूसलाधार बरसात ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने ऐसी करवट ली कि शुक्रवार की सुबह घने बादलों और गरज के साथ शुरू हुई, जो देखते ही देखते भारी बरसात में बदल गई। जिसके कारण मुजफ्फरनगर का न्यूनतम तापमान गिरकर 9ब्तक पहुँच गया है, जिससे जनपद में कड़ाके की ठंड और ठिठुरन बढ़ गई है। शहर से लेकर देहात तक पानी बरस रहा है।सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे और दिन में भी शाम जैसा नजारा देखने को मिल रहा था ऐसे में रह रहकर बिजली गरज रही थी सुबह 9:30 बजे के आसपास बिजली की गड़बड़ इतनी तीखी थी कि लगा जैसे कहीं बिजली गिर गई हो इसी के साथ आदि शहर की विद्युत आपूर्ति टॉप हो गई काफी देर बाद जब लोगों ने बिजली नया आने का कारण जानना चाहा तो विद्युत अधिकारियों ने बताया की जोड़ी बिजली घर पर बिजली गिरने से काफी नुकसान हुआ है और लगातार हो रही बारिश के कारण बिजली ठीक करने में अड़चन आ रही है जान से रोड पर पेड़ गिरने से भी विद्युत लाइन छतिग्रस्त हुई तथा विद्युत आपूर्ति बहाल करने में विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ हवन-पूजन

**मुजफ्फरनगर।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत हवनख्रपूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष शोभित सिंह , कोषाध्यक्ष राज सिंह प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा , समस्त आचार्यगण, विद्यालय परिवार एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी का पावन पर्व मनाया।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में विद्यालय के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष महोदय को वरिष्ठ आचार्य योगेश एवं राजेंद्र द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा बसंत उत्सव के अवसर पर समूह गान की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसमें बसंत ऋतु का मनोहारी वर्णन किया गया।

कार्यक्रम में अर्चना शर्मा द्वारा वीर हकीकत राय के जीवन पर प्रेरणादायक प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हमें सदैव अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मेरे तन में राम, मेरे मन में राम, मेरे कण-कण में राम भजन ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या रितु गोयल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके 125वें जन्मदिवस से इस दिन को पराक्रम



दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष राज सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बसंत पंचमी उमंग, उत्साह एवं नवचेतना का पर्व है तथा इसी दिन से ऋतुओं में परिवर्तन की शुरुआत होती है। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा ने सभी को मां सरस्वती के जन्मदिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## सिविल लाईन पुलिस ने होटलों में की चैकिंग



**मुजफ्फरनगर।** 26 जनवरी के मद्देनजर जनपद में चैकिंग अभियान चलाया गया। इसी के तहत सिविल लाईन पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डों पर चैकिंग अभियान चलाया। सिविल लाईन पुलिस ने उनके क्षेत्र में स्थित होटलों में भी चैकिंग की। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की और रेलवे स्टेशन,बस अड्डो के कई यात्रियों के सामान चैक किये और होटल में सीसीटीवी कैमरों को भी चैक किया गया। सिविल लाईन थाना प्रभारी आशुतोष ने कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी भी ली।

# श्रीराम कॉलेज के छात्रावास में हुई मॉ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना

**मुजफ्फरनगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर आज श्रीराम कॉलेज के छात्रावास में तीन दिवसीय मॉ सरस्वती की पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभराम्भ मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमेन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ, तथा विशिष्ट अतिथियों में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, डीन एकेडमिक्स डा0 विनीत कुमार शर्मा बाहय प्रवेश समन्वयक कपिल धीमान, वार्डन बॉयज हॉस्टल राजीव रावल, वार्डन गर्ल्स हॉस्टल शालिनी मिश्रा आदि ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलीत करके की। इसी के साथ वही श्रीराम कॉलेज तथा श्रीराम पॉलिटैक्निक मे में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वी जयंती भी बनाई गई। श्री राम पॉलिटेक्निक रोड स्थित केंपस में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान की देवी माता सरस्वती एवं भगवान गणेश जी की विधिवत आरती एवं पुष्प अर्पण का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया।

इस अवसर पर बाहय प्रवेश समन्वयक कपिल धीमान ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के अर्न्तगत आज पूर्ण विधि विधान से मॉ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना की गयी। इन तीन दिवसों में भजन, कीर्तन, सरस्वती मॉ की आरती की जायेगी तथा तीसरे दिन मॉ सरस्वती की मूर्ति को गंगा नदी में विसर्जित किया जायेगा।इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमेन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने समस्त अध्यापक अध्यापिकों व विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के पर्व की शुभकामनायें दी। वही स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में बोलते हुये उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, जिसे आधिकारिक तौर पर पराक्रम दिवस या पराक्रम दिवस के रूप में जाना जाता है। शौर्य दिवस भारत में मनाया जाने वाला एक राष्ट्रीय आयोजन है, जो प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन को चिह्नित करता है।इस अवसर पर बाहय प्रवेश



समन्वयक कपिल धीमान ने कहा कि बसंत पंचमी का त्यौहार भारतीय समाज में विद्या की देवी मॉ सरस्वती की जयन्ती के रूप में बडी धूम-धाम से मनाया जाता है। यह त्यौहार शरद ;तु के जाने की और ग्रीष्म ;तु के आने का प्रतीक है। बसंत ;तु के मौसम में खेत खलिहानों में सरसों के पीले फूलों को लहराते हुये देखा जाता है जो हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है ।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डॉ0 विनीत कुमार शर्मा ने कहा कि बसन्त के आते ही वातावरण में ताजगी का एहसास होने लगता है। बसंत ऋतु का मौसम बडा ही सुहावना व सभी मौसमों में श्रेष्ठ होता है।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें तथा शिक्षणेत्तकर कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी प्रसारित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की सूचना मिलते ही खतौली पुलिस और साइबर क्राइम विभाग सक्रिय हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गृह मंत्रालय द्वारा संचालित साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से लखनऊ से भेजी गई रिपोर्ट में इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो साझा किए जाने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के आधार पर साइबर क्राइम थाना द्वारा खतौली पुलिस को अवगत कराया गया, जिसके बाद स्थानीय थाना में केस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान गौरव ठाकुर निवासी गांव टबित्ता, थाना खतौली के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी अपने मोबाइल फोन के जरिए इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक कॉलेज ग्रुप बनाकर अश्लील और अवैध वीडियो अपलोड कर रहा था। इतना ही नहीं, वह अपने मोबाइल नंबर से लगातार इस तरह की सामग्री अपने परिचितों और दोस्तों के साथ साझा कर रहा था। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक विनय शर्मा ने बताया कि साइबर क्राइम विभाग से प्राप्त रिपोर्ट में आरोपी द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड किए जाने की पुष्टि हुई है। आवश्यक दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और रिपोर्ट संलग्न कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की विवेचना थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी शातिर अपराधी को पुलिस ने दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। रतनपुरी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस टीम चौकी कल्याणपुर के पास टोडा मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों को रूकने को इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग कर दी जहां पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान गुफरान पुत्र इरफान निवासी रियावली नंगला थाना रतनपुरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गुफरान पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उस पर जनपद बागपत से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

## डकैती कांड में वांछित को दिल्ली पुलिस ने दबोचा

**चरथावल।** नगर के निवासी प्रियांशु को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में सन 2025 मे हुई डकैती की वारदात में वांछित बताया जा रहा है। पुलिस कार्रवाई के दौरान चरथावल कस्बे में एक समय अफ़वाहों और तनाव जैसी स्थिति बन गई, जिससे क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में सन 2025 मे एक डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसकी जांच में प्रियांशु का नाम सामने आया था। दिल्ली पुलिस को संदेह था कि आरोपी वारदात के बाद अपने गृह जिले में आकर छिपा हुआ है। इसके बाद आरोपी की तलाश के लिए पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी और फिजिकल सर्विलांस किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस को छानबीन के दौरान प्रियांशु का लोकेशन चरथावल इलाके में ट्रेस हुआ। इसके बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम अचानक चरथावल पहुंची और बिना किसी हो-हल्ले के दबिश देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। कुछ देर तक चली इस कार्रवाई के दौरान आस-पास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और पूछताछ करने लगे।ग्रामीणों के अनुसार पुलिस टीम की अचानक मौजूदगी को पहले किसी बड़ी वारदात या कार्रवाई के रूप में लिया गया, जिसके चलते कुछ समय के लिए कस्बे में अफ़वाहों का माहौल बन गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम ने आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कर आरोपी को अपने साथ दिल्ली रवाना कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी से अब दिल्ली में पूछताछ की जाएगी, जिसमें उसके साथियों और वारदात में शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में सुराग मिलने की संभावना है।पुलिस अन्य संभावित आरोपियों और नेटवर्क की भी जांच कर रही है। सूत्रों का दावा है कि डकैती कांड में शामिल कुछ और लोग अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

**स्थानीय पुलिस से मिली पुष्टि**

चरथावल थाना पुलिस का कहना है कि दिल्ली पुलिस द्वारा विशेष मामले में दबिश दी गई है और आरोपी की गिरफ्तारी कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। स्थानीय थाने ने मामले की पुष्टि तो की, लेकिन वारदात और जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी देने से इंकार कर दिया।

# जौला में बौद्धिक प्रतियोगिता हुई आयोजित

**बुढ़ाना/जौला।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने व छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव जौला में बौद्धिक प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्टूडेंट यूथ ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित बाबा गुलाम मोहम्मद जौला जनरल नॉलेज कॉम्पटीशन का केंद्र मिशन एजुकेशन एकेडमी स्कूल था।

प्रतियोगिता में शिक्षा के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। केवल जौला ही नही बल्कि आसपास के कई गांवों से छात्र छात्राएंघ् ठंड की परवाह किए बिना भारी संख्या में परीक्षा केंद्र पहुंचे। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के करीब 350 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया और अपनी तार्किक व बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुन्ना प्रधान, ताहिर ठेकेदार, फारुख मास्टर व उम्मेद दरोगा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुन्ना प्रधान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ता है और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार होने का मंच मिलता है। स्टूडेंट यूथ ग्रुप की टीम ने परीक्षा को अ त य ं त व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। स्कूल परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था व कड़े अनुशासन



के बीच छात्रों ने ओएमआर शीट व प्रश्नपत्रों के माध्यम से अपनी जनरल नॉलेज को परखा। ग्रुप सदस्यों ने बताया कि बाबा गुलाम मोहम्मद जौला के नाम पर इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुद्धिजीवियों व युवाओं का विशेष सहयोग रहा। यहां शाकिर राणा, साहिब राणा, डॉक्टर अहसान, नदीम, मुंतजिर अली, जीशान अहमद, आरिफ अली व मास्टर रिजवान सहित मिशन एजुकेशन एकेडमी के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। अध्यापकों ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें समय प्रबंधन और परीक्षा के दबाव को झेलने के गुर भी सिखाए। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें परीक्षाफल पर टिकी हैं। आयोजकों ने घोषणा की है कि प्रतियोगिता का परीक्षाफल रविवार को घोषित होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राएं एक समारोह में सम्मानित होंगे ताकि अन्य बच्चे भी उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर सकें। यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग स्टूडेंट यूथ ग्रुप के इस प्रयास की खूब जमकर सराहना कर रहे हैं।

बार काउंसिल आफ यूपी चुनाव का मामला.....

# निर्वाचन अधिकारी ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

**बुढ़ाना।** बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव इस वक्त पूरी सरगर्मी पर है। यहां पर लगातार दो दिन वोट पड़ेंगे। सभी वोटर अधिवक्ता हैं। इस चुनाव के लिए बाकायदा सिविल कोर्ट के जज और निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के लिए बुढ़ाना सिविल कोर्ट के जज और इस चुनाव के निवार्चन अधिकारी राहुल जायसवाल ने शुक्रवार के दिन समान्य दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि बुढ़ाना और जनपध्द मुजफ्फरनगर में आगामी 27 जनवरी और अगले दिन 28 जनवरी को मतदान होगा। चुनाध्व में हिस्सा लेने वाले सभी अर्घधिवक्ताओं के लिए मतदान के लिए सीओपी नंबर वाला परिचय पत्र अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान के दौरान कोई भी अधिवक्ता अस्त्र शस्त्र अथवा मोबाइल लेकर मतदान केंद्र पर उपस्थित नही होंगे। जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल होगा केवल उन्हीं अधिवक्ताओं का मतदान स्थल पर प्रवेश होगा। न्यायालय कक्ष में ही दो पोलिंग बूथ पर वोट डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद सभी मत पत्र लिफाफे में सील कर नजारत में रखे जाएंगे। दूसरी और इस चुनाव में मुजफ्फरनगर के अधिवक्ता शाहनवाज राणा सहित कई उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। जिसके लिए यहां बुढ़ाना में मतदान 27 व 28 जनवरी को दो दिन लगातार होगा। यहां पर फिलहाल 118 वोटें हैं।


शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मौसम ने फिर ली करवट, घर और रजाइयों में दुबके लोग













**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले कई दिनों से मौसम के साफ रहने और तेज धूप खिलने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट बदल ली। सवेरे से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और तड़के शुरू हुई बूंदाबांदी के बाद दिनभर रुक–रुककर बारिश होती रही। सुबह करीब आठ बजे से दोपहर एक बजे तक लगातार बारिश होने के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा हो गई, जिससे लोगों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिनभर बारिश के साथ 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही सर्द हवाओं ने एक बार फिर मौसम में ठंडक घोल दी। पिछले तीन दिनों से लगातार तेज धूप निकलने के कारण जहां मौसम का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं शुक्रवार को अचानक हुए मौसम परिवर्तन से तापमान में करीब सात डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई गिरावट के चलते सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस किया गया, जिससे लोगों ने एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लिया।

बारिश और ठंडी हवाओं के चलते बाजारों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं खेतों में खड़ी फसलों को हल्की बारिश से कुछ हद तक फायदा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, हालांकि लगातार बारिश होने पर आलू की फसल को नुकसान की आशंका से किसान भी चिंतित नजर आए। वही बारिश के बाद शहर के कबाडी बाजार, नेहरू मार्किट, कैराना रोड, विजय चौक, कलंदरशाह, पंसारियान, नई बस्ती आदि स्थानों पर जलभराव की समस्या बनी रही। बारिश हल्की होने पर शहर के बाजारों बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, माजरा रोड पर कीचड फैलने से पैदल चलने वाले लोगों को परेशानियां हुई है। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने लोगों को एक बार फिर सर्दी का अहसास करा दिया है और आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मामूली बारिश में जलमग्न हुआ कैराना का गुलशन नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मामूली बारिश के बाद ही कैराना नगर की गुलशन नगर कॉलोनी एक बार फिर जलभराव की गंभीर समस्या से जूझती नजर आई। बारिश का पानी सड़क पर पानी भर गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। हालात ऐसे हैं कि कॉलोनी की गलियों में पानी भरने से पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन भी नहीं चल पा रहे हैं।

कस्बे की गुलशन नगर कालोनी मामूली बारिश के चलते सड़क पर पानी भर गया।जलभराव के कारण कॉलोनी के दर्जनों छोटे बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गंदे पानी से होकर गुजरने में असमर्थ होने के कारण आज कई बच्चे स्कूल नहीं जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार बारिश में यही स्थिति बन जाती है, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान अब तक नहीं हो सका है। इसी बीच शुक्रवार को पवित्र जुम्मे का दिन होने के कारण लोगों को नमाज अदा करने के लिए भी इसी गंदे और बदबूदार पानी से होकर मस्जिद तक जाना पड़ा। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ी। कॉलोनी में 400 से अधिक मकान स्थित हैं।जलभराव के चलते कई मकानों के आसपास भी पानी भर गया है, जिससे मकानों की नींव कमजोर होने और उनके गिरने का अंदेशा बना हुआ है। लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार जलभराव का मुख्य कारण कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था का न होना है। पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी कई दिनों तक भरा रहता है और धूप निकलने के बाद ही धीरे–धीरे सूख पाता है। इससे मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में नगर पालिका की उदासीनता को लेकर रोष व्याप्त है। नागरिकों ने मांग की है कि गुलशन नगर कॉलोनी में जल्द से जल्द सीवरेज और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि हर बारिश में होने वाली इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

## तड़के कड़कड़ाती बिजली संग बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शुक्रवार तड़के करीब चार बजे से सर्दियों की तेज बारिश शुरू हो गई। आसमान में बार–बार चमकती बिजली और जोरदार कड़कड़ाहट के बीच हुई बारिश ने पूरे क्षेत्र का मौसम एकाएक बदल दिया। पिछले दो दिनों से लगातार निकल रही धूप के कारण मौसम में आई हल्की गर्माहट पर बारिश ने पूरी तरह ब्रेक लगा दिया और ठंड एक बार फिर बढ़ गई।

तेज और लगातार होती बारिश के चलते नगर के बाजारों में सुबह से ही सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों में जहां सुबह होते ही दुकानें खुलने लगती हैं और आवाजाही बनी रहती है, वहीं बारिश के कारण अधिकतर दुकानों के शटर गिरे रहे और ग्राहक न के बराबर दिखाई दिए।

बारिश शुरू होते ही कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। कई घंटों तक बिजली न आने के कारण घरों के इन्वर्टर डाउन हो गए और पूरे कस्बे में अंधेरा छा गया। बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानी की मोटरें भी नहीं चल सकीं, जिससे घरों के पानी के टैंक खाली हो गए। पानी की किल्लत के चलते लोगों को नहाने, कपड़े धोने और खाना बनाने जैसी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह–सुबह ही लोग पानी की व्यवस्था को लेकर इधर–उधर भटकते नजर आए।

## तूफानी बारिश से विद्युत आपूर्ति ठप, जनजीवन अस्त–व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के कारण बीती रात लगभग 3 बजे से कस्बे की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कस्बे के अधिकांश इलाकों में लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी व सरकारी नलकूप भी बिजली न होने के कारण बंद पड़े हैं, जिससे जल संकट गहराता जा रहा है। कृषि क्षेत्र भी इस प्राकृतिक आपदा से अछूता नहीं रहा। बारिश और तेज हवाओं के कारण किसान पशुओं के लिए चारा नहीं काट पाए। साथ ही खड़ी फसलों को भी नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, कस्बे में सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते लोग घरों में दुबके रहे। दिन भर रुक–रुककर हो रही बारिश ने सामान्य जीवन को ठप कर दिया है। बारिश के कारण सड़कों व गलियों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं आधे से ज्यादा प्रतिष्ठान भी बंद रहे। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मरम्मत का कार्य बारिश के रुकने के बाद ही शुरू किया जा सकेगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने और पेयजल के वैकल्पिक इंतजाम करने की मांग की है। वही विद्युत कर्मचारी दिनभर विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने में लगे रहे लेकिन 15 घंटे बीतने के बाद भी विद्युत सप्लाई सुचारू नहीं हो पाई विद्युत सप्लाई सुचारु न होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने बताया कि 132 बिजलीघर बाड़ी माजरा से टाउन की सप्लाई बंद है उनसे कितनी ही बार संपर्क कर सप्लाई देने के लिए फोन पर वार्ता की लेकिन अबदान नगर बिजली घर के जे ई ने शट डाउन लिया हुआ है जो वापस नहीं कर रहा है उनके शट डाउन वापस लेते ही विद्युत ट्राई लेकर सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत थानाभवन ब्लॉक में सड़क सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड थानाभवन में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में थानाभवन ब्लॉक के बीडीसी सदस्य एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एआरटीओ शामली रोहित राजपूत ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों का पालन करने की अपील की। गोष्ठी के दौरान कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम, हिट एंड रन योजना एवं राहवीर योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। एआरटीओ ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराना तथा दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया और सभी से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई।

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक लुटेरा घायल, दूसरा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस और लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद की है। तीसरा आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार, 18 जनवरी 2026 को ग्राम तितारसी चौराहे के पास तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने थाना भवन मिल के कर्मचारी कपिल उर्फ कामिल कुमार से उनकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और बैग लूट लिया था। इस संबंध में थाना थानाभवन में मु0अ0सं0 23/2026, धारा 309 (4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार रात करीब 11:30 बजे, थाना थानाभवन के पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के



नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम मुल्लापुर से ग्राम मसावी जाने वाले चौराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त राहुल पुत्र धर्मवीर गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी थानाभवन में भर्ती कराया गया है। वहीं, उसका साथी सुनील पुत्र राजकुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे द्ध315 बोरऋ, 01 जिंदा कारतूस, 04 खोखा कारतूस तथा लूटी गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

गिरफ्तार दोनों अभियुक्त मोहल्ला कानूनगोयान, कस्बा व थाना तीतरो, जनपद सहारनपुर के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस वारदात में शामिल तीसरे फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और पुलिस ने जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया है।

# सुभाषचंद्र बोस जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आजाद हिन्द फौज के नायक नेताजी सुभाषचंद बोस जयंती के अवसर पर कई स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षकों, समाजसेवी लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन चरित्र पर प्रकाश भी डाला गया। शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर प्रबंधक समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एसपी एनपी सिंह, प्रधान सलिल द्विवेदी, महामंत्री राजकुमार मित्तल ने नेताजी सुभाषचंद बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान प्रबंध समिति के लोगों के साथ साथ समाजसेवी लोगों ने रक्तदान किया। सर्वोदय ब्लड बैंक की अनुभवी टीम ने पहुंचकर रक्तदान कराया। इस दौरान करीब 100 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर पुनीत द्विवेदी, मुकेश मैनेजर, संदीप नामदेव, धर्मेंद्र काम्बोज, हिमांशु गौतम, संजीव मेडिकल आदि मौजूद रहे।





# हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया बसंत पंचमी व मां सरस्वती का प्रकटोत्सव











**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** नगर में बसंत पंचमी का पावन पर्व परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में जिन–जिन स्थानों पर होलिका दहन की परंपरा है, उन्हीं स्थानों पर प्रतिवर्ष बसंत की स्थापना की जाती है। बसंत पंचमी के अवसर पर पुरानी बसंत का विधिवत विसर्जन कर नई बसंत स्थापित की गई। नगर में ऐसे लगभग दो दर्जन स्थान हैं, जहां यह धार्मिक परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है।

बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विशेष आराधना की गई। नगर के बालाजी धाम में स्थापित मां सरस्वती की प्राण–प्रतिष्ठित मूर्ति के समक्ष हवन–पूजन का आयोजन हुआ। विधिविधान से किए गए पूजन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं और विद्या व सद्बुद्धि की कामना की।

पूजन कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया, जिससे धार्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। पूरे नगर में पीले वस्त्र, पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन के साथ बसंत पंचमी की उल्लासपूर्ण झलक देखने को मिली। पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और परंपरा का सुंदर संगम नजर आया। वहीं नगर के आश्रम पंचतीर्थी में बसंत पंचमी के पावन अवसर परआयोजित सत्संग मे महंत स्वामी रामदेव महाराज ने भक्तों को कहा कि बसंत ऋतु जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और नवचेतना का संचार करती है। यह पर्व ज्ञान, विद्या और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इस दिन साधना, अध्ययन और संस्कारों को अपनाने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। स्वामी रामदेव ने सत्य, सेवा और संयम को मानव जीवन का मूल आधार बताते हुए कहा कि इन्हीं गुणों से व्यक्ति और समाज का कल्याण संभव है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए नशा, आलस्य और अहंकार जैसे दुर्गुणों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा यदि अनुशासन, परिश्रम और आत्मसंयम को अपनाएं तो राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। प्रवचन के दौरान योग, ध्यान और प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा स्वदेशी जीवनशैली अपनाने का आ]वान किया गया। कार्यक्रम में भजन, कीर्तन, आरती और सामूहिक साधना का आयोजन किया गया, जिससे पूरा आश्रम आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सभी ने शांति, अनुशासन और आत्मिक आनंद का अनुभव किया कार्यक्रम में स्वामी अमरदेव जी सेवा समिति का विशेष योगदान रहा

**शामली।** जिलेभर में बसंत पंचमी व नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंजी धूमधाम के साथ मनाई गई। अनेंकों स्थानों पर हवन यज्ञ, सरस्वती पूजन किया गया। शिक्षण संस्थानों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का प्रकटोत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर दिनेश दीक्षित मौजूद रहे।

**उधर,** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वीर हकीकत राय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तथा मां सरस्वती का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार तथा विद्या इंटर कॉलेज, छपरौली के जीव विज्ञान प्रवक्ता विजेंद्र कुमार ने किया। इसके पश्चात वीर हकीकत राय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने समस्त छात्राओं को वीर हकीकत राय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं मां भारती के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, राहुल कुमार, मोनिका रानी, साक्षी रानी, आकांक्षा रानी, उपासना रानी, वंदना रानी, दिव्या रानी, अश्विनी कुमार, मोहित कुमार उपस्थित रहे।

**उधर,** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में बसंत पंचमी, वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में मनाई गई। यज्ञ–हवन के मुख्य यजमान विद्यालय अध्यक्ष चंचल गोयल एवं लायंस क्लब उज्ज्वल शामली के अध्यक्ष कमल गोयल अपनी धर्मपत्नी सहित रहे। पंडित देवकीनंदन द्वारा विधिवत यज्ञ–हवन संपन्न कराया गया। प्रवेश शर्मा ने वीर हकीकत राय के बलिदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मात्र 15 वर्ष की आयु में उन्होंने धर्म परिवर्तन स्वीकार न कर अपने प्राणों की आहुति दी, जिससे हमें अपने धर्म और संस्कारों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा मिलती है। राजीव शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व कर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके आदर्शों पर चलकर हमें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम में राजीव शर्मा, प्रवेश शर्मा, सोमदत्त शर्मा, सुधीर कुमार, शिवकुमार धीमान, आदेश धीमान, रामकुमार, विजेंद्र कुमार, मोहित कुमार, करुणकांत शर्मा, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, रिचा सिंगल, प्रीति शर्मा, रितु शर्मा, अंजली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**उधर,** शहर के आरके पीजी कालेज में शुक्रवार को मां सरस्वती पूजा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो। लोकेश मलिक द्वारा किया गया। कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों, पराक्रम एवं देशभक्ति की भावना को सु.ढ़ करना है, ताकि युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। नेताजी की 129वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम में प्रो। मनोज कुमार, प्रो। आर।पी। सिंह एवं प्रो। चंद्रबली पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों एवं युवाओं में देशभक्ति, त्याग और कर्तव्यबोध की भावना का विकास होता है। इसी क्रम में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ। सौरभ कुमार पाण्डेय, मेजर कृष्ण पाल, डॉ। गीता देवी, डॉ। रानी मिश्रा, डॉ। रोहित राणा, डॉ। गायत्री त्रिपाठी, डॉ। दर्शना, डॉ। सुरेंद्र, डॉ। प्रीतम, प्रो। प्रवीण अहमद, डॉ। मांगेराम सहित प्रियांशी, संजय, सुनील, चन्दकी राम आदि मौजूद रहे।

**उधर,** जिलेभर में वसंत पंचमी का त्योहार मां सरस्वती प्रकटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के चौराहों–नुक्कड़ों पर विधिविधान से हवन पूजन यज्ञ आयोजित किए गए। स्कूलों में भी हवन यज्ञ आयोजित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और होली का उपला रखा गया।

शुक्रवार को शहर के मोहल्ला मुरारीवाला कुआं परिवार की ओर से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मुख्य यजमान पूर्व सभासद मनोज मित्तल रहे। पंडित देवेंद्र प्रसाद भट्ट





द्वारा पूजा अर्चना की गई। मनोज मित्तल ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व पर पीले वस्त्र का महत्व है। सभी में पीले रंग का महत्व है। बसन्त से होली का आगमन होता है। होली के उपले रखे गए और मोर पंख का विशेष महत्त्व होता है। इस अवसर पर मुकेश संगल, चौधरी सुरेंद्र सिंह, प्रमोद मित्तल, दुर्गेश नामदेव, अनिल नामदेव, आदि मौजूद रहे। शहर के मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला पर बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मौके पर प्रधान सलिल द्विवेदी, राजकुमार मित्तल, लाल सिंह लचक, पुनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म दिवस व बसन्त पंचमी






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्मदिवस व बसन्त पंचमी का पर्व उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन एवं कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। सीडीओ सुमित राजेश महाजन ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया और भारत की आजादी में उनके अतुल्य योगदान को याद किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एम. पी. सिंह गोड, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता रविशंकर, परियोजना अधिकारी नेडा आर. वी. वर्मा, राजीव बंसल, आदित्य त्यागी, अनिल कुमार शर्मा, श्रीमती सुनीता रानी दीपक राठौर एवं विकास भवन के अन्य विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**नागल।** बसंत पंचमी एंव नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जंयती श्रद्धा के साथ मनायी गयी। ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना कर विद्यार्जन की कामना की गई।

इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही कोटा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने ज्ञान, विद्या और सृजनशीलता के महत्व को भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया।नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में आयोजित फर्स्ट एड मॉक ड्रिल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस मॉक ड्रिल का संच. लन अफ्फाक द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को आकस्मिक दुर्घटना, चोट लगने, बेहोशी, रक्तस्राव तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक उपचार की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ. अंजू बालिया ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशल, मानवीय संवेदनाओं एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से भी जोड़ना आवश्यक है। बसंत पंचमी ज्ञान और नवचेतना का पर्व है, वहीं नेता. जी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उप निदेशक आशुतोष गुप्ता ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद बताया और कहा कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम के आयोजित कराये जाते रहेंगे। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मे स्कूल के निदेशक कोणार्क चौधरी ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए विश्व कल्याण की कामना की । इस अवसर पर मुख्य रुप से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**रामपुर मनिहारान।** सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि ज्ञान, रचनात्मकता, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने का पर्व है बसंत पंचमी।

मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया।स्कूल को आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के विधिवत पूजन एवं वंदना के साथ हुई। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान, विद्या और नई ऊर्जा का प्रतीक बताया। प्रधानाचार्या डॉ शालू भूर्यान ने विद्यार्थियों को निरंतर ज्ञानार्जन, अनुशासन एवं सद्गुणों के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के डायरेक्टर सत्य संयम भूर्यान ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनने का आह्वान किया।

स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल करते हैं।

कार्यक्रम समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षण संस्थाओं में बसंत पचमी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र जंयती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित कर सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। नगर के जनता इण्टर कालेज मे आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चन्द सागर ने कहा कि जहां एक ओर हम मां सरस्वती के पावन मंदिर में विद्या एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी रहे जय हिंद का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वींजयंती पर सादरनमन करते हुए हमें उनके सिद्धांतों एवं आदर्श चरित्रों को अपनाकर भारत के आदर्श नागरिक बनना चाहिए उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र ने मुख्य प्रशासनिक सेवा आईसीएस को त्याग कर देश के आंदोलन में गरम दल के रूप में भाग लेकर विदेश में रहकर आजाद हिंद फौज की स्थापना की तथा अंग्रेजों को भारत से भागनेके लिए विवश किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता अरुण कुमार गौतम ने किया। इ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने मां शारदे को नमन करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन परिचय देकर उनके द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका के बारे में विस्तार से बताया तथा उनके नारों तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा एवं दिल्ली चलो की याद दिलाकर उनके सिद्धांतों व क्रियाकलापों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ऋषिपाल शिव कुमार राजेश त्यागी आकाश कुमार मोनू चौहान हर्ष धीमान राखी शर्मा मुकेश कुमार विनी शर्मा सहित अनेक स्वयंसेवकों खुशी जूही सलमानी, राकेश काजल मधु अफजल आदि मौजूद रहे।वही दूसरी ओर गांव फतेहपुर कला में स्थित भगवती देवी 4विधा मन्दिर स्कूल मे भी बसंत पंचमी के पर्व पर विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा करने के साथ साथ महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र जंयती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया और विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बीस के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक राजकुमार चौहान,प्रधानाचार्य राकेश भारद्वाज,अरुणा देवी,आजाद सिंह, जितेंद्र नेहा चौहान परी भरद्वाज पायल तनु अर्चना जानवी वीरा देवी शिवांशी विराट आदि अध्यापक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**चिलकाना।** क्षेत्र में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारी बारिश के चलते श्रद्धालुओ ने पर्व में बडा उत्साह दिखाया लेकिन बारिश के चलते पतंगबाजी न कर पाने के कारण बच्चे मायूस नजर आये।

शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर मंदिरों एवं घरो में विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन के दौरान मंत्रोच्चारण के साथ क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की मंगल कामना की गई। एकता जनसेवा समिति के तत्वाधान में नगर के बाईपास रोड पर हवन-पूजन कराये जाने पश्चात मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया।

समिति संरक्षक बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, संस्कृति और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। इस प्रकार के धार्मिक एवं सामा. जिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति की ओर से समय समय पर इस प्रकार के आयोजन कराये जाते हैं जो कि आगे भी कराये जाते रहेंगे।

**गंगोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की स्थानीय शाखा द्वारा बसंत पंचमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया। गुडछप्पर रोड पर स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर बसंत पंचमी मनाते हुए गायत्री परिवार के सदस्यों ने शांति कुंज के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा की तप साधना अखण्ड दीपक व मां भगवती देवी के जन्मदिवस को 100 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष बसंत पंचमी का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि यह वर्ष परिवर्तन का वर्ष है। पूरे विश्व में अनेक तरह के घटनाक्रम हो रहे हैं युद्ध की मारामारी मच रही है लेकिन भारत ही एक ऐसा देश है जहां शांति है तथा पूरा विश्व भारत को शांति का प्रतीक मानता है । हमारा देश पूरे विश्व को शांति का संदेश देता है आज भारत शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है।घअखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के कुभ क्षेत्र में भव्य शताब्दी समारोह मना रहा है पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक फैलाने के लिए यह वर्ष विशेष संकल्प का वर्ष है, वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरे देश के हर जनपद में शांतिकुंज ने भगवती देवी वाटिका के रूप में पौधे रोपण का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ में मां सरस्वती गायत्री की विशेष आहुतियां दी गई। सुभाष शर्मा, बलराम शमार्, श्रवण शर्मा, अरुण शर्मा, शिवम, राधिका, रणवीर उपाध्याय आदि शामिल रहे।

इसके अलावा नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर अनेक जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा से याद किया गया।

नगर पालिका परिषद परिसर में स्थित नेता जी पार्क में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके योगदान की चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, सफाई निरीक्षक राजीव मालिक, कर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक हरपाल सिंह, जोगेंद्र सहगल, सुशील, संदीप शाहनवाज पीरजी आदि ने उन्हें पुष्पांजलि भेंट की। एनडी पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनी राजपूत ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी सुभाष चंद्र बोस जी की तरह ही महान बने। प्रबंधक पंकज राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने अपने विचार व्यक्त किए। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में नेताजी सुभाष



चंद्र बोस की जयंती पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बच्चों को नेताजी के विषय में बताया और कहा कि नेताजी के नाम से मशहूर सुभाष चंद्र बोस ने भारत को आजादी दिलाने के मकसद से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना की और आजाद हिंद फौज का गठन किया। हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज मे भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्र छात्राओं के द्वारा नेताजी के जीवन पर विचार प्रस्तुत किये गये। अध्यापकगण ऋषीश कुमार, डा.नाथी राम, गगन गर्ग ने छात्र छात्राओं को बताया कि उनकी जयंती हर वर्ष 23 जनवरी को ष्पराक्रम दिवसष के रूप में मनाई जाती है। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने कहा कि नेताजी का नारा ष्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाष हर भारतीय के दिल में प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम का संचालन मैनपाल सिंह ने किया। श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व सीडीकेआर इंटर कालेज में भी नेता जी को याद किया गया।

**नकुड़।** के.एल.जी.एम. इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव ककराला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा एवं एनएसएस प्रभारी सलीम मोहम्मद ने स्वयंसेवकों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्षपूर्ण जीवन, राष्ट्रभक्ति और त्याग से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने नेताजी के जीवन परिचय और ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अध्यापक अखिलेश कुमार द्विवेदी, जयवीर सिंह एवं कंवर सेन गर्ग ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में छात्रा छवि, शिवना, वंशिका, उजेफ और देव कुमार ने वीर रस की कविताओं का सशक्त पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने कैडेट्स को योग के महत्व से अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम प्रभारी सलीम मोहम्मद एवं अध्यापक संजय शर्मा ने उत्तर प्रदेश दिवस के अंतर्गत होने वाले आयोजनों एवं गतिविधियों की जानकारी दी तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संद. ेश से स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

# छुटमलपुर पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा का फूलों से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** शुक्रवार शाम नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। यह यात्रा इटावा से प्रारंभ होकर मेरठ होते हुए छुटमलपुर पहुंची शिव मंदिर धर्मशाला में फूलों की मालाओं और उत्साहपूर्ण अभिनंदन के साथ यात्रा का स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया।



स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संयोजक एवं यात्रा प्रभारी अनुपम श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का भाव जगाना, ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव के बीच स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए जन-जन को प्रेरित करना है। यात्रा के दौरान मौजूद सभी लोगों से स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय आनंद (प्रान्त समन्वयक, काशी प्रान्त) डॉ. आनंद दीक्षित (प्रान्त सह-संयोजक, काशी प्रान्त एवं प्रान्त प्रचार प्रमुख, अवध प्रांत) प्रवीण अग्निहोत्री (जिला समन्वयक, झांसीकानपुर प्रान्त) विजेंद्र कुमार (प्रांत संगठन मंत्री, मेरठ) सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे यात्रा का स्वागत करने वालों में डॉ. देवेंद्र सैनी विकास गुप्ता दिनेश धीमन अमरदीप गणेश वशिष्ठ ओमप्रकाश राजेश राणा प्रतीत उपाध्याय राजेंद्र सैनी कुंवरपाल राठी सभासद प्रियंका काम्बोज अंकुर सैनी, नितिन सैनी विनोद गोयल सुमित काम्बोज आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया स्कूल का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी विद्यालय का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ आयोजित व छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

स्कूल परिसर में आयोजित यज्ञ के यजमान समिति के उपाध्यक्ष उमेश गोयल व पड़ित अवनीश शर्मा ने यज्ञ सपंन्न कराया। प्रबंधक राकेश तायल, नीरज अग्रवाल, सुनील गर्ग, प्रधानाचार्य संजय गुप्ता व शुभम गुप्ता, उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, कोर्डिनेटर पारूल अग्रवाल सहित स्कूल के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राओं ने यज्ञ में आहूति डाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उमेश गोयल ने बच्चो के अच्छे रिजल्ट लिए शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनका सर्वागीण विकास भी किया जाना उद्देश्य है। प्रबंधक राकेश तायल ने कहा कि विद्यालय सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुका है। बीते हुए पल को याद करते हुए स्थापना दिवस की बधाई दी। नीरज अग्रवाल व सुनील गर्ग ने कहा कि आगामी वर्शो में हमारा विद्यालय चौगुनी उन्नति करेगा। हम अभिभावकों के उन सपनों को पूरा करेगें जो उन्होने अपने शिशु के प्रति विद्यालय से लगा रखें है। स्कूल को फूलों व झालरों से सजाया। प्रधानाचार्य संजय कुमार व शुभम गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। सरंस्वती वदंना वंशिका, शिखा, नवधी, छवि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पेयजल को तरसे लोग

**चिलकाना।** देर रात से लगातार तेज हवा और बारिश के चलते विधुत आपूर्ति ठप्प होने से नगर वासियोंको भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, नगर के कंई मोहल्लों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

बृहस्पतिवार की देर रात से मौसम खराब होने पर चल रही तेज हवा व बारिश के कारण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है। रात भर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से शुक्रवार की सुबह नगर के कई मोहल्लों में पानी आपूर्ति की व्यवस्था भी चरमरा गई तथा नगरवासियों को रोजमर्रा के कामों में भारी परेशानियां उठानी पड़ी। अपने काम पर जाने वाले लोगों के साथ साथ ग्रहणियों को टंकी में पानी न आने के कारण खाना बनाने, कपडे धोने जैसे रोजमर्रा के कामों के लिए दिनभर भारी परेशानियां उठानी पड़ी।

नगर निवासी उस्मान ने बताया कि किन्हीं कारणों से यदि विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है तो नगरवा. सियों को पानी की भारी किल्लत से जूझना पड़ता है। नगर पंचायत के पास जनरेटर होने व सरकार की ओर से तेल का बजट आने के बावजूद भी नगरवासियों को पानी की आपूर्ति नहीं करायी जाती है। ऐसे में विद्युत सप्लाई चालू होने तक पीने के पानी की बूंद बूंद को लोग तरसते रहते हैं। नगरवासियों ने ऐसी स्थिति में जनरेटर चलाकर पीने के पानी की आपूर्ति कराये जाने की मांग की है।

इस सम्बन्ध में नगर पंचायत के मुख्य लिपिक अशोक कुमार ने बताया है कि विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण नगरवासियों को पानी की परेशानी का सामना करना पड़ा है। जल्द ही जनरेटर चलाकर नगरवा. सियों को पानी की आपूर्ति करायी जायेगी।

# 12 ज्योतिर्लिंग धाम की स्थापना को पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग धाम के लिए पूजा अर्चना कर नींव रखी गई।



मौहल्ला कायस्थान स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में निर्माण होने वाले भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग धाम के लिए पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधि विधान से पंडित ब्रह्मदत्त ने पूजा अर्चना कराई। तथा 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर नींव की स्थापना की।औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने पूजा अर्चना में भाग लिया और कहा कि एक ही जगह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होना सौभाग्य की बात है इसे धर्म और मजबूत होगा।

चेयरपर्सन श्रीमती रेनू बालियान ,प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना होने पर दर्शन एक ही स्थान पर सुलभ होंगे। श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक अनुज चौधरी व प्रधान अमित सैनी ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के विग्रह स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान राजीव अग्रवाल, सुशील सैनी,अमित कुमार,सचिन, विकास सैनी, सुशील पंवार, प्रमोद कौशिक, साहब सिंह कोरी, संजय सिंघल, नेहा, सीता भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा बॉबी, श्रीमती मधु शर्मा आदि काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आम जन जीवन पर असर, खेतों के लिए बरसा सोना

**गंगोह।** शुक्रवार तडके मौसम ने फिर पलटी मारी और दोबारा ठंड पैदा कर दी। तडके से आरंभ हुई बारिश के कारण जहां आम जन जीवन पर असर पड़ा वहीं खेतों के लिए यह खुशखबरी बताई गई है।

पिछले दो दिन से मौसम में बदलाव आ गया था जिसके कारण ठंड के असर मे थोड़ी कमी आ गई थी। शुक्रवार तडके करीब तीन बजे अचानक बारिश आरंभ हो गई जिससे मौसम फिर से ठंडा हो गया। तेज हवा ने शीत लहर की स्थिति पैदा कर दी तथा ठिठुरन पैदा हो गई। सुबह से जारी बूंदाबांदी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया, जिससे लोगों को घरों से निकलने में परेशानी हो गई। सडकों पर आवाजाही सुस्त दिखी तथा दोपहर तक बाजार में ग्राहक न होने के कारण आधी दुकानें नहीं खुली। बारिश ने किसानों के चेहरें खिला दिए। गेहूं और सरसों सहित आम की फसलों के लिए यह बरसात अमृत समान मानी जा रही है, जिससे पैदावार बेहतर होने की उम्मीद जगी है, दूसरी ओर बसंत के आगमन पर पतंग बाजी के सपने देख रहे युवाओं के अरमानों पर पानी फिर गया। खुले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों की जगह बादलों ने कब्जा कर लिया। बारिश के चलते तडके से ही बिजली आपूर्ति भी दोपहर तक पूरी तरह ठप रही तथा लोगों के घरों में पानी भी समाप्त हो गया, जिस कारण नागरिकों को अपनी दिनचर्या से निपटना मुश्किल हो गया था।

## भण्डारे का आयोजन

**गंगोह।** शुक्रवार को गणेश चौंक स्थित मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ के अलावा भंडारा आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


**पब्लिक नोटिस**
**श्रृंखला विलेख खोने/गिरने के सम्बन्ध में**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति रिहायशी मकान रकबई 203.72 वर्गगज बराबर 170.33 वर्ग मीटर वाके खसरा नम्बर 38 ख, आर्य नगर कालोनी ग्राम छुटमलपुर, परगना हरोडा, तहसील बेहट - जिला सहारनपुर दर आबादी बालाजी पुरम कालोनी, सहारनपुर को उसके मालिकान नफीस अहमद, नौशाद एवं फहीम अली पुत्रगण नूर अहमद निवासी ग्राम अलावलपुर परगना व तहसील भगवानपुर, जिला हरिद्वार द्वारा आदित्य बिरला कैपिटल लि. के पक्ष मे गिरवी रखते हुए ऋण लेना प्रस्तावित है इस बाबत नफीस अहमद आदि उक्त द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि इस सम्पत्ति की बाबत पूर्व मूल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांकी-05-12-2003 इकरारी सतीश कुमार बहक याकूब जिसकी रजि. दफतर सब रजिस्ट्रार बेहट, जिला सहारनपुर मे बही नं.-1 जिल्द नं. -670 पृष्ठ 599-609 दस्तावेज नं. -5961 पर दिनांक-5-12-2003 को हुई है, एवं मूल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांकी-27-08-2012 इकरारी याकूब बहक श्रीमती शरहिदा जिसकी रजि. दफतर सब रजिस्ट्रार बेहट, जिला सहारनपुर मे बही नं.-1 जिल्द नं.-2351 पृष्ठ 367-388 दस्तावेज नं.-8426 पर दिनांक 27-08-2012 को हुई है कही खो गये है काफी तलाश करने के पश्चात भी नही मिले है।

आदित्य बिरला कैपिटल लि. सभी को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित कर्ता है कि यदि किसी या सभी व्यक्ति इस सम्पत्ति के सम्बन्ध मे पूर्णतया या अंशत, बिक्री गिरवी, दान, अधिकार पत्र पट्टे लाईसेन्स तथा Change/ Easement द्वारा किसी भी प्रकार का हित रखता हो तो इस पब्लिक नोटिस के जारी होने के 7 दिन के अन्दर आदित्य बिरला कैपिटल लि. वाके सुल्तान आरकेड, दिल्ली रोड, सहारनपुर पर तुरन्त सम्पर्क कर साक्ष्य सहित अपनी आपत्तिया प्रस्तुत कर सकता है।

**( वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट )**
**चै.नं.-95. सिविल कोर्ट, सहारनपुर।**
मो.नं.-9837040508


# जनमंच में होंगे कार्यक्रमः मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने खराब मौसम के दृष्टिगत निर्देश दिए कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस तथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं राष्ट्रीय पर्यटन दिवस कम्पनी बाग के स्थान पर जनमंच में आयोजित किए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली स्टाल हैबिटेट सैंटर में लगाई जाएं। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई है। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि एवं विज्ञान विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों, किसानों, उद्यमियों, उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान व विश्वकर्मा श्रम सम्मान के विजेताओं, माटीकला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनमंच, हैबिटेट सैंटर में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 की थीम विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की योजनाओं से संबंधित आयोजन, स्टॉल, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप व ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रदर्शनिया लगाई जाएंगी। कार्यक्रम स्थल पर नगर निगम, कृषि, मिशन शक्ति, बैंक, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पर्यटन, पशुपालन, विश्वविद्यालय, स्टार्ट अप इण्डिया आदि से संबंधित लगाए जाएंगे। 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता दिवस एवं राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाएगा। मतदाता जागरूकता दिवस के संबंध में गोष्ठी, वाद-विवाद, कविता, भाषण के माध्यम से आमजनों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत स्कूली छात्र एवं छात्राओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मतदान के लिए बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। शाम से समय सांस्कृति संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय एवं प्रसिद्ध कलाक. ारों द्वारा प्रतिभाग कर प्रस्तुति दी जाएगी।

# पांचवे दिन मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाबा हरिदास मार्ग स्थित वैष्णों देवी धाम में आयोजित द्विशतचंडी महायज्ञ पांचवें दिन भी जारी रहा। मंदिर में आरती के बाद भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया।



बाबा हरिदास मार्ग पर आयोजित माता वैष्णो देवी धाम पर जारी श्री द्विशतचंडी महायज्ञ के क्रम में एक दिन पूर्व नित्य मण्डप पूजन उपरान्त वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञ मंडप को पवित्र किया गया और वैदिक परंपरा के अनुसार अरणी मंथन द्वारा अग्नि नारायण का प्राकट्य किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच लकड़ी की अरणियों से अग्नि उत्पन्न की गई। जिसे देव स्वरूप मानते हुए हवन और यज्ञ में स्थापित किया गया। श्रद्धालुजन ने अग्नि देव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ किया गया और इससे बाद श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन भी किया। मंडप पूजन के बाद फल सब्जियो द्वारा भगवती का सहस्त्रार्चन कराया गया। इस अवसर पर यजमानों के अलावा अनय श्रद्धालु भी मौजूद रहे। मंदिर व्यवस्थापक मुरारी लाल बजाज ने बताया कि आचार्य अवनीश वशिष्ठ व विशाल वशिष्ठ के निर्देशन में चल रहा महायज्ञ 26 जनवरी को संपन्न होगा।

# चोरों ने किसानों के ट्यूबवैलों पर सेंधमारी कर लाखों रुपये के सामान पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेखोफ चोरों का आतंक रूकने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने एक ही रात में दस से अधिक किसानों के ट्यूबवैलों में सेंधमारी कर वहां से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरो के खिलाफ कार्रवाई कर घटनाओं का खुलासा किये जाने की मांग की है।



बृहस्पतिवार की रात चोरों ने खेड़ामुगल पुलिस चौकी क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी बबलू, जोगिंद्र, समय सिंह सुग्गन, शिवकुमार, कतर, रतिराम, राजू, रामदिया और फूल सिंह समेत करीब 12 किसानों के ट्यूबवैलों में सेंधमारी कर वहां से स्टार्टर, मोटर, कटआऊट, केबिल, तेल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोरों ने खेतों में बने कमरों के दरवाजे और खिड़की तोड़कर वारदाता को अंजाम दिया। सवेरे खेतों पर पहुंचने पर चोरी की वारदात का पता चला।

उन्होंने पुलिस को बताया कि चोर लगातार ट्यूबवैलों में चोरियां कर रहे हैं। उन्होंने कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। यह पहली चोरी की घटनाएं नहीं है बल्कि इससे पहले भी किसानो के ट्यूबवैलों पर चोरी की घटनाएं होने के बावजूद किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं होने से जहां चोरो के होसले बुलंद हैं वहीं किसान चोरी की घटनाओं को लेकर चिंतित है।

# हर्षोल्लास से मनाई नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सिटीजन क्लब के सदस्यों एवं नगर वासियों ने सुभाष चौक स्थित नेता जी की प्रतिमा पर माल्र्यापण कर देश के लिए उनके बलिदान व सेवाओं को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया।

सुभाष चौक पर आयोजित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि नेता जी ने आईसीएस जैसी प्रतिष्ठित नौकरी छोड़कर देश को आजाद कराने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने कहा कि नेता जी का जीवन उच्च आदर्शों वाला था। उनमें प्रबल देश भक्ति की भावना थी। उन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया। वे भारत माता के सच्चे सपूत थे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। क्लब अध्यक्ष गुरजोत सिंह सेठी ने सभी का आभार जताया।





कार्यक्रम का संचालन अब्दुल हादि खां एडवोकेट ने किया। इस दौरान हुलाश राय सिंघल, सेठ कुलदीप कुमार, क्लब संयोजक डा. अशोक चौधरी, भाजपा नगराध्यक्ष अरूण गुप्ता, डा. कुलदीप राणा, डा. इकरम पाल सिंह, डा. शिव दर्शन पुंडीर, डा.बी.के.शर्मा, एडवोकेट भूदत्त शर्मा, प्रदीप कुमार बंसल, धर्मपाल महाजन, डा.कुलदीप राणा, डा. विजेंद्र गोयल, मौ. आकिल, डा. जे.पी.उपाध्याय, सत्य प्रकाश वर्मा, सतीश गिरधर, गुरदीप सिंह, अमृत सिंह, आदि शामिल रहे। **वहीं,** स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान बच्चों और संस्थाओं के प्रमुखों ने नेताजी का भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आरके पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी की 129वीं जयंती पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई। इस दौरान बच्चों द्वारा लगाए गए जय हिंद के उद्घघोष से वातावरण गूंज गया। इस दौरान विद्यालय चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा और प्रधानाचार्य मो. निका कपूर ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान बच्चों को नेता जी के सपनो का भारत बनाने का संक्लप दिलाया गया।

# उलेमा ने की मदरसा छात्रों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदनी दारुल उलूम में आयोजित वार्षिक दसतारबंदी कार्यक्रम में कुरआन ए करीम हिफ्ज (कंठस्थ) करने वाले छात्रों की दस्तारबंदी की गई। वक्ताओं ने मुस्लिम समाज से अपने-अपने बच्चों को दीनी तालीम दिलाए जाने का आह्वान किया।




बाईपास रोड स्थित मदनी दारुल उलूम परिसर में आयोजित हुए वार्षिक जलसे में मौलाना हबीब मदनी ने कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम है। जो पूरी दुनिया के इंसानों की रहनुमाई के लिए है। उन्होंने छात्रों को नसीहत करते हुए कहा कि अगर जिंदगी में सफल होना चाहते हैं तो कुरान की रस्सी को मजबूती से पकड़े रहना। दारुल उलूम जिर्घक्रिया के मोहतममिम मुफ्ती शरीफ खान कासमी ने कहा कि हमें अपने बच्चों दीनी और दुनियावी दोनों तालीम दिलानी चाहिए जिससे हमारे बच्चे वक्त के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। मदनी दारुल उलूम के सरपरस्त मौलाना कारी वलीउल्लाह और मोहतमिम मौलाना अब्दुल हन्नान ने कहा कि तालीम हासिल करने के लिए हमें कितनी भी मशक्कत उठानी पड़े हमें इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।

अंत में मौलाना कारी वलीउल्लाह ने देश में अनम चौन व समृद्धि के लिए दुआ कराई। मजाहिर उलूम सहारनपुर के उस्ताद कारी सलाहुद्दीन, कारी अब्दुल्लाह, कारी हफीजुर्रहमान, कारी अब्दुलगफ्फार, कारी तुफैल, कारी मुकर्रम समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रिमझिम बारिश के बीच भारतीय प्रकृति पर्व बसंत पंचमी नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ठाकुरद्वारा मंदिर समेत विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों ने पीले वस्त्र पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

नगर के मैन बाजार स्थित प्राचीन श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर में परम्परागत बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजा अर्चना कराकर ठाकुरजी को पीले मीठे चावलों का भोग अर्पण किया गया। आलोक कुमार व चिराग सिंघल ने श्रद्धालुओं में भोग वितरित किया। विनोद प्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, राकेश अग्रवाल, राधेश्याम गर्ग, ऋषिपाल कश्यप, पवन धीमान, सुशील गुप्ता, श्रवण सिंघल, तनुज गर्ग आदि मौजूद रहे। वहीं, दून वैली पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने पीले वस्त्र पहनकर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा व विद्यालय के चेयरमैन राज किशोर गुप्ता ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल रहा। **उधर,** शिव विहार कॉलोनी में साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच द्वारा वसंत पंचमी उत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में वसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान की देवी मां सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इस दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा की जाती है। इस मौके पर पुष्पा वर्मा, निधि वर्मा, हर्षित वर्मा, अनन्या, सीमा, दिव्यांशी, दीपा, ज्योति व अदिति आदि शामिल रही।



## रेली निकाल मताधिकार के प्रति किया जागरूक

**देवबन्द।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रेली का आयोजन कर विद्यार्थियों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया। राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता शपथ कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि युवा वर्ग लोकतंत्र की रीढ़ है और उनके सहभाग से ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था सशक्त बनती है। इसलिए युवाओं को मताधिकार के प्रति सजक रहना चाहिए।

# रिमझिम बारिश से मौसम का बदला मिजाज़

**मौहम्मद अदि अंसारी**

**देवबन्द।** रिमझिम बारिश के चलते मौसम का मिजाज बदला। कई दिनों से धूप से लोगों को ठंड से राहत मिल रही थी। लेकिन शुक्रवार को सुबह से हो रही बारिश से एक बार फिर लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। वहीं बारिश से जनजीवन अस्थ-व्यस्थ हो गया लोग घरों से बाहर नहीं निकले जिससे सड़कों पर आवाजाही भी बहुत कम रही। बारिश ने जहां लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा वहीं किसानों के लिए यह बारिश वरदान साबित हो हुई। गेहूं, सरसों व आम की फसलों को लाभ मिला।

ठाकुर अनिल सिंह, मुशर्रफ उस्मानी, मौहम्मद प्रवेज इस्राईल आदि किसानों का कहना है कि बारिश से पैदावार में बढ़ने से लाभ पहुंचेगा और खेतों को नई ऊर्जा मिलेगी। उधर बसंत की शुरुआत के साथ पतंगबाजी की तैयारी कर रहे युवाओं के उत्साह पर बारिश ने पानी फेर दिया। खुले आसमान में ऊंची उड़ान भरने वाली रंग-बिरंगी पतंगों की जगह बादलों ने डेरा जमा लिया। जिससे पतंगबाजी का मजा अधूरा रहा।




बारिश के चलते बाजारों में सन्नाटा रहा दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों पर हाथ धरे बैठे रहे। पूरे दिन हो रही बारिश से लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। बारिश के चलते सुबह से लेकर शाम तक देवबंद नगर की बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। जिससे लोगों को घरों में पानी न आने की समस्या से भी जूझना पड़ा।

## नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर कार्यशाला

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल एवं गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बंसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के अंतर्गत नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर समीक्षा गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पांडेय, सहायक प्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल धामपुर सहित 15 विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मियों ने भाग लिया। गन्ना समिति परिसर में आयोजित गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पांडेय ने कहा कि किसान अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने की बुवाई ना करें। विभाग की ओर से खेतों में खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान पांच फरवरी तक चलेगा।

# राष्ट्रपति से की टोल टैक्स की व्यवस्था समाप्त करने की मांग

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। इसमें उन्होंने रोड टैक्स के नाम पर आमजन के शोषण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने राष्ट्रपति से देश में टोल टैक्स की व्यवस्था समाप्त किए जाने की मांग की है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे ज्ञापन में पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि जब वाहन खरीदने के समय रोड टैक्स वसूल लिया जाता है, तो फिर टोल टैक्स की व्यवस्था क्यों है। यह डबल टैक्सेशन है और आम जनता पर बोझ है। पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा है कि सरकार को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए और टोल टैक्स की व्यवस्था को देश से समाप्त कर देना चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो यह आम जनता के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा है कि रोड टैक्स और टोल टैक्स दोनों एक ही उद्देश्य के लिए लिए जा रहे हैं, जोकि सडकों के रखरखाव और निर्माण के लिए है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह आम जनता का मुद्दा है और सरकार को इसका समाधान निकालना चाहिए।

# अशोक चौधरी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा क्षेत्र में ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुनः कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव अशोक चौधरी ने अपने गांव कौशल्या में अपने साथियों के साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर अशोक चौधरी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना उनका नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे है। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने इस जनसेवी पहल की सराहना करते हुए अशोक चौधरी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में चांदपुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता डॉ. आलामगीर, डायरेक्टर महेश प्रधान, पूर्व जिला महासचिव चौधरी गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता कलवा सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता मा. रमेशचन्द्र शर्मा, युवा नेता निमित चौधरी, वरिष्ठ नेता राजीव चौधरी, मा. जयवीर सिंह, अजयदीप सिंह, गजराज सिंह, देशराज सिंह, नरेश नेताजी, सदाकत अली, विरेंद्र सिंह, ऋषि सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी के द्वारा सर्दी के मौसम मे पुनः क्षेत्र के गरीब परिवारों को कंबल वितरण पर पूरे क्षेत्र भर में प्रशंसा की जा रही है।

### श्रंखला विलेख खोने/गिरने के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति रिहायसी मकान रकबई नंबर 203.72 वर्गगज बराबर 170.33 वर्ग मीटर वाके खसरा नंबर 38ख आर्य नगर कॉलोनी ग्राम छुटमलपुर परगना हरोड़ा तहसील बेहट जिला सहारनपुर दर आबादी बालाजी पुरम कालोनी सहारनपुर को उसके मालिकान नफीस अहमद, नौशाद एवं फहीम अली पुत्रगण नूर अहमद निवासी ग्राम अलावलपुर परगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में गिरवी रखते हुए ऋण लेना प्रस्तावित है इस बाबत नफीस अहमद आदि उक्त द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि इस संपत्ति की बाबत पूर्व मूल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 05.12.2003 इकरारी सतीश कुमार बहक याकूब जिसकी रजि. दफ्तर सब रजिस्टार बेहट जिला सहारनपुर में बही नं. 01 जिल्द न. 670 पृष्ठ 599-609 दस्तावेज नं. 5961 पर दिनांक 05/12/2003 को हुई है, व मूल दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 27.08.2012 इकरारी याकूब बहक श्रीमती श्रीमति शरहिदा जिसकी रजि. दफ्तर सब रजिस्ट्रार बेहट जिला सहारनपुर में बही न. 1 जिल्द न. 2351 पृष्ठ 367-388 दस्तावेज न. 8426 पर दिनांक 27.08.2012 को हुई है। कहीं खो गए हैं तथा काफी तलाश करने के पश्चात भी नहीं मिले हैं।
आदित्य बिरला कैपिटल लि. सभी को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम सूचित करता है कि यदि किसी या सभी व्यक्ति इस संपत्ति के संबंध में पूर्णतया या अंशत, बिक्री, गिरवी, दान, अधिकार पत्र, पट्टे लाइसेंस तथा Change/Easement द्वारा किसी भी प्रकार का हित रखता है तो इस पब्लिक नोटिस के जारी होने के 7 दिन के अंदर आदित्य बिरला कैपिटल लि. वाके सुल्तान आरकेड दिल्ली रोड सहारनपुर पर तुरंत संपर्क कर साक्ष्य सहित अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है।

**वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चै. न. 95 सिविल कोर्ट सहारनपुर।**

**प्रकीर्ण आवेदन अन्तर्गत धारा 8 हिन्दु माईनटरी एण्ड गार्जनशिप एक्ट 1956**
**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय सहारनपुर।**

प्रकीर्ण वाद संख्या 18 सन 2026
रेणू देवी पत्नी स्व0 देवराज पंवार निवासी ग्राम घसौती परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।
...आवेदिका/प्रार्थीया

**बनाम**

1- विनोद कुमार पुत्र अमरसिंह निवासी ग्राम घसौती परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।
2-उ0प्र0 सरकार डायरा कलेक्टर महोदय, सहारनपुर।
3 आम जनता ..... विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित रेणू देवी ने न्यायालय में अन्तर्गत धारा 8 हिन्दु माईनटरी एण्ड गार्जनशिप एक्ट 1956 में आवेदन किया है कि प्रार्थीया को उसके अव्यस्क बच्चो निति पंवार नित्या पंवार, की प्रार्थना पत्र में वर्णित प्रश्नगत मिलकियती सम्पत्ति को बेचने की अनुमति / स्वी ति प्रदान की जावे।

अतएव आपको एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि आप दिनांक 12-02-2026 को उक्त आवेदक के खिलाफ संदर्शित करने के लिए 10.00 बजे दिन में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

आज दिनांक 22.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
प्रशासनिक अधिकारी
न्यायालय जिला जज सहारनपुर।

(हेतु संदर्शित करने की सूचना)
प्रकीर्ण आवेदन अ0धारा 7 व 29 गार्जन एण्ड वार्ड एक्ट 1890
**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय सहारपुर।**

प्रकीर्ण वाद सं0 20 सन 2026
श्रीमति नौशाबा उम्र 46 वर्ष पत्नि रियाज अहमद निवासी छिम्पीवाडा कस्बा देवबन्द तहसील देवबन्द, जिला सहापनपुर। आ0सं0-4525 5462 4157 मो0-9870948793 .
.. वादिया / प्रार्थीया

**बनाम**

1-मौ0 अजीम पुत्र मौ0 नौशाद निवासी म0नं0-38 अंदरून कोटला, कस्बा देवबन्द तह0 देवबन्द जिला सहारनपुर। आ0सं0-6280 9372 4005 मो0-7078862041
2- उ0प्र0 सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय जिज सहारनपुर।
3-आम जनता ...विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित आवेदिका श्रीमति नौशाबा ने प्रा0 पत्र अं0धारा 7 व 29 गार्जियन वार्डस एक्ट 1890 बाबत अपने नाबालिग पुत्र फराज उम्र 17 वर्ष 6 माह की स्वयं को संरक्षिका का नियुक्त किये जाने हेतु एवं प्रा0 पत्र में वर्णित उसकी सम्पत्ति को विक्रय / हस्तांतरित करने की अनुमति हेतु प्रस्तुत किया है। अतएव आपको एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 02 के 19 दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

दस्तख्त और मुहर अदालत सहित आज दिपांक 22.01.2026 को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
प्रशासनिक अधिकारी
न्यायालय जिला जज सहारनपुर।

# अनुराज चौधरी एसआईआर मंडल के संयोजक मनोनीत

**देवबन्द।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपिन सिरोही ने देवबंद देहात मंडल उपाध्यक्ष अनुराज चौधरी को एसआईआर मंडल संयोजक मनोनीत किया है। मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



गुनारसा गांव निवासी अनुराज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजयूमो जिलाध्यक्ष द्वारा उन्हें एसआईआर मंडल संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। कहा कि जल्द ही मंडल के प्रत्येक गांव में बूथ संयोजक की नियुक्ति कर एसआईआर का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। मोहित गुर्जर, राहुल, मंगल गुर्जर, विशाल राणा, अंकित चौधरी ने आदि ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल संबंधित विभागीय को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें ताकि उनका उपयोग शुरू किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं निर्माण अधीन है, उनका पूर्ण समयबद्धता के साथ पूरा कर संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यथासंभव पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण जन प्रतिनिधियों द्वारा कराया जाए ताकि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता प्रदर्शित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि सूची की सत्यता एवं अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यक्रमों का प्रभावी नियोजन एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### सार्वजनिक सूचना

मेरा भाई रोहित गर्ग उम्र-34 वर्ष बिना बताए घर से कहीं चला गया है, काफी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। मेरे द्वारा थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दे दी गई है। जिसको मिले मेरे निम्न पते पर सम्पर्क करें।

**सुमित पुत्र अजब सिंह**
निवासी-राधा विहार कालोनी
थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर
मो.नं. 7599051544


# योगासन एवं प्राणायाम कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** श्री सांई इंटर कॉलेज रूपपुर में स्वयं सेवक सेविकाओं की इकाई द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में (NSS) कैंप के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के तत्वावधान में योग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था। उसके बाद ग्राम बुढनपुर, पाईन्दापुर तथा रशीदपुर में एक जागरूक रैली का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों द्वारा लोगों को योग के बारे में जानकारी दी गई। अध्यापक कोमल प्रजापति द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया।

# अल्काराज आसान जीत व सबालेंका संघर्षपूर्ण जीत के साथ चौथे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6.2, 6.4, 6.1 से हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। महिला वर्ग में वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका ने खराब प्रदर्शन के बावजूद दो टाईब्रेक में अनास्तासिया पोटापोवा को हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। टॉप सीड खिलाड़ी अल्काराज ने लगभग दो घंटे तक चले तीसरे राउंड के एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल की। अल्काराज ने मैच के शुरुआती गेम में सर्व ब्रेक करके शुरुआत में ही माहौल बना दिया और पहले सेट में तेज़ी से 5.1 की बढ़त बना ली। हालांकि मौटेट ने थोड़ी देर के लिए संघर्ष किया, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने आराम से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, दो बार सर्व ब्रेक करके बढ़त बना ली।

मौटेट ने लगातार चार गेम जीतकर थोड़ी वापसी की और बढ़त बना ली, लेकिन दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी ने खुद को संभाला और ज़रूरी गेम जीतकर दो सेट की बढ़त बना ली। अल्काराज़ ने तीसरे सेट में अपना लेवल और बढ़ाया, और दोनों खिलाड़ियों के नए-नए शॉट लगाने से 4.0 की बढ़त बना ली। मौटेट ने एक गेम जीतने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी को कोई नहीं रोक सका, जिसने बहुत अच्छे से मैच अपने नाम कर लिया। स्पेन के खिलाड़ी ने कोर्ट पर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था। जब आप कोरेंटिन जैसे खिलाड़ी के साथ खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आगे क्या होने वाला है, इसलिए उसे समझना मुश्किल होता है।जैसा कि आप देख सकते हैं, मुझे कोर्ट पर बहुत मज़ा आया। मुझे लगता है कि हम दोनों ने शानदार शॉट लगाए, शानदार पॉइंट्स बनाए। मुझे लगता है कि मैच में कुछ खास बातें थीं। अल्काराज का अगला मुकाबला अमेरिकी टॉमी पॉल से होगा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए अपनी कोशिश जारी रखेंगे। इस बीच महिला वर्ग में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना में गर्म मौसम में मुकाबला किया और फिर दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। 27 साल की सबालेंका लगातार छठे साल मेलबर्न में दूसरे हफ्ते में पहुंची हैं। सबालेंका ने कहा कि उसने ज़बरदस्त टेनिस खेला। मैं हर पॉइंट के लिए लड़ पाई, और मैं यह जीत पाकर बहुत खुश हूं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने शुरुआत में ही 2.0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उसका आम तौर पर मजबूत खेल कई अनफोर्स्ड गलतियों की वजह से बिखर गया। 55वीं रैंक वाली पोटापोवा ने टाईब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन सबालेंका ने बैकहैंड विनर से पहला सेट जीत लिया और फिर जश्न में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। पोटापोवा की अपने करियर में सिर्फ दूसरी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचने की उम्मीदें तब खत्म हो गईं जब सबालेंका ने 4.0 की बढ़त बना ली। मैच अचानक बदल गया जब पोटापोवा ने सुस्त सबालेंका का फायदा उठाया, लेकिन चार सेट पॉइंट गंवाना महंगा पड़ा। सबालेंका का अगला मैच 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने डेनमार्क की 14वीं सीड क्लारा टॉसन को 7.6 (5), 5.7, 6.3 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम के दूसरे हफ्ते में जगह बनाई। कनाडा की टीनेजर विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चौथे राउंड में पहुंच गईं। 19 साल की विक्टोरिया ने जॉन केन एरिना में टॉसन को हराकर ग्रैंड स्लैम में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। 17वीं सीड वाली खिलाड़ी ने पूरे मैच में म्बोको की परीक्षा ली, जिसमें मोमेंटम में उतार-चढ़ाव और लंबे बेसलाइन एक्सचेंज देखने को मिले। टॉसन ने शुरुआती सेट में अपनी सर्विस बनाए रखी, लेकिन म्बोको ने कंट्रोल हासिल करके 4.2 की बढ़त बना ली, जिसके बाद डेनमार्क की खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। सेट का फैसला एक तनावपूर्ण टाईब्रेक में हुआ, जिसमें म्बोको का शांत रहना और शॉट चुनना अहम साबित हुआ।

### अल्काराज ने बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की, जोकोविच, नडाल व फेडरर को पीछे छोड़ा

**मेलबर्न।** ग्रैंड स्लैम लेवल पर 100 मैचों के बाद, कार्लोस अल्काराज ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो उन्हें खास खिलाड़ियों की श्रेणी में रखता है। स्पेनिश खिलाड़ी, जो शुक्रवार को कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे, उनके पास मेजर में 87.13 का रिकॉर्ड है, जो ओपन एरा में 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत के लिए ब्योर्न बोर्ग के बराबर है। अल्काराज ने राफेल नडाल और एटीपी नम्बर 1 क्लब सदस्य जॉन मैकनरो सहित दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नम्बर 1 एक ऐसा स्टैंडर्ड सेट कर रहा है, जिस तक खेल के कुछ सबसे बड़े नाम इतनी जल्दी नहीं पहुंच पाए थे। नोवाक जोकोविच, रिकॉर्ड 24 बार के मेजर टाइटलिस्ट और मेलबर्न में 10 बार के चैंपियन, ने अपने पहले 100 स्लैम मैचों में 79-21 का रिकॉर्ड बनाया।

# सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा



**रायपुर, वार्ता।** भारत के टी20 ओपनर अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक बैटर के तौर पर वह अभी भी काम कर रहे हैं और उनका मानना है कि नेशनल टीम के लिए एक अग्रेसिव स्टार्टर के तौर पर अपनी भूमिका को बनाए रखने के बावजूद, हमेशा 'सुधार की गुंजाइश' रहती है। क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए, अभिषेक ने कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी पावर प्ले में विरोधी बॉलर्स पर दबाव डालना और टीम को शुरुआती मोमेंटम देना है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं अभी पूरी तरह से मैच्योर हो गया हूं, क्योंकि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

लेकिन मुझे लगता है कि मेरा काम पहले छह ओवरों में अग्रेसिव क्रिकेट खेलना है। मैं इसके लिए बहुत प्रैक्टिस कर रहा हूं। मुझे पता है कि अगर मैं अच्छी शुरुआत देता हूं या शुरुआत में अच्छा इंटेंट दिखाता हूं, तो टीम उस मोमेंटम को फॉलो कर सकती है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने अप्रोच पर भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा के असर को भी माना, और बताया कि टीम मैनेजमेंट उनसे उम्मीद करता है कि वह टॉप ऑर्डर में 'हिटमैन' द्वारा दिखाए गए इंटेंट को दोहराएंगे। अभिषेक ने कहा कि रोहित भाई ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पावरप्ले में वह जो शॉट लगाते थे, उसकी वजह से हमेशा प्रेशर रहता है। जब मैं टीम में आया, तो कोच और कैप्टन मुझसे भी यही चाहते थे। मुझे लगा कि यह मेरे स्टाइल के लिए भी सही है क्योंकि मुझे पहली कुछ गेंदों से ही अटैक करना पसंद है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह रोहित के तरीके को फॉलो करके और भारत की सफलता में योगदान देकर खुश हैं। अभिषेक ने मैचों से पहले तैयारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया, खासकर आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पास आने पर। उन्होंने कहा कि जब मुझे एक हफ्ता या दस दिन मिलते हैं,

तो मैं उन बॉलर्स को ध्यान में रखता हूं जिनका सामना मुझे अगली सीरीज़ या मैचों में करना है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि मैं उन प्लान्स को कैसे लागू करता हूं। आने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी, मैं उसकी प्रैक्टिस कर रहा हूं। अपनी बैटिंग के टैक्टिकल पहलू पर ज़ोर देते हुए, अभिषेक ने बताया कि फंटलाइन बॉलर्स को शुरू में टारगेट करने से मुकाबला भारत के पक्ष में हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसी तरह खेलना होगा क्योंकि ज्यादातर टीमों में, मेन बॉलर पहले कुछ ओवर फेंकते हैं। अगर मैं उन ओवरों में रन बनाता हूं, तो इससे टीम को उस मोमेंटम को फॉलो करने में मदद मिलती है। इससे बॉलर पर भी प्रेशर पड़ता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को नागपुर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच बनकर अपनी काबिलियत दिखाई, जिसमें उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर 84 रन बनाए और भारत को 48 रन से जीत दिलाई। अभिषेक की आठ छक्कों वाली पारी ने भारत को बैटिंग के लिए भेजे जाने पर 238/7 का बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से पीटा

**विंडहोक।** विल बैरोम (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने श्रीलंका अंडर-19 को अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को नौ विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 18-5 ओवर में मात्र 58 रन पर समेटने के बाद 12 ओवर में एक विकेट पर 62 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। स्टीवन होगान ने 27 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 28 और नितेश सैमुअल ने नाबाद 19 रन बनाये। होगान ने विजई चौका मारा। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में टॉप पर रहा और इस गेम के पॉइंट्स अगले राउंड में ले जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। श्रीलंका की टीम 13 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पाई। श्रीलंका की तरफ से कविजा गमागे ने 10 और चमिका हीनातिगाला ने 14 रन बनाये। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 58 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बैरोम ने 6-5 ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चार्ल्स लचमुंड और कैसी बार्टन को दो-दो विकेट मिले।

### कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी रोहतक और गुरुग्राम पहुंची

**गुरुग्राम।** कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ट्रॉफी टूर ने 21 जनवरी को रोहतक और 22 जनवरी को गुरुग्राम में रुककर अपनी राज्यव्यापी यात्रा जारी रखी, क्योंकि लीग हरियाणा में कबड्डी के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले फैंस और समुदायों से सीधे जुड़कर अपने पहले सीजन के करीब पहुंच रही है। रोहतक में, केसीएल ट्रॉफी के आने से शहर का प्रतिस्पर्धी कबड्डी से मजबूत जुड़ाव और उन खिलाड़ियों को तैयार करने में उसकी भूमिका सामने आई, जिन्होंने बाद में उच्च स्तर पर टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। फैंस, युवा एथलीट और स्थानीय खेल जगत के सदस्य ट्रॉफी को करीब से देखने के लिए इकठा हुए, जिससे लीग के आने वाले मैचों को लेकर गर्व और उत्साह की भावना और मजबूत हुई। इसके बाद यह टूर गुरुग्राम शहर पहुंचा, जहां ट्रॉफी के दौरे ने केसीएल के कबड्डी की पहुंच को नए और विविध दर्शकों तक बढ़ाने के प्रयास को रेखांकित किया। एक ऐसा शहर जो परंपरा को आधुनिक खेल दृष्टिकोण के साथ मिलाता है, गुरुग्राम ने कबड्डी को अपनी मुख्य मूल्यों से जुड़े रहते हुए परिचित सीमाओं से परे ले जाने के लीग के विजन को दिखाया। फैंस की प्रतिक्रिया ने लीग के पहले सीजन से पहले केसीएल और उसकी टीमों में बढ़ती दिलचस्पी को दिखाया। केसीएल ट्रॉफी टूर लीग की तैयारी में एक प्रमुख पहल है।

# मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की



**मेलबर्न, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। उन्होंने पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हंगरी के फैबियन मारोजसन को हराया। पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 ने तीन घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6.7(5), 4.6, 7.5, 6.0, 6.3 से जीत हासिल की। उन्होंने दो सेट से पिछड़ने के बाद अपने करियर की पांचवीं वापसी की और मेलबर्न पार्क में यह उनकी चौथी ऐसी वापसी थी।

मेदवेदेव बाहर होने के कगार पर थे, लेकिन तीसरे सेट में 5-5 से निर्णायक ब्रेक मिलने से पहले, इस पल ने मैच का रुख बदल दिया। वहां से, 11वें सीड वाले ने लगातार नौ गेम जीतकर कंट्रोल हासिल किया और आखिरकार मैच अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि वह बहुत अच्छा खेला, और मैं ऐसा था, 'अगर मैं हार गया, तो हार गया', लेकिन मैं बस कोशिश करूंगा, मैं बस लड़ूंगा।मैंने थोड़ा और करने की कोशिश की क्योंकि वह मुझे हर तरफ घुमा रहा था।

यह काम कर गया, मैंने बेहतर खेलना शुरू कर दिया, इसलिए मैं इससे खुश हूं। तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने 2026 सीजन की शुरुआत जबरदस्त फॉर्म में की है, और अपनी जीत का सिलसिला आठ मैचों तक बढ़ा दिया है, जिसमें इस महीने की शुरुआत में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 इवेंट में टाइटल जीतना भी शामिल है। मेदवेदेव का अगला मुकाबला अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 7.6(9), 6.4, 6.2 से हराकर आगे बढ़े। टिएन ने पिछले साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में पांच सेट के दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव को चौंका दिया था और अभी उनके हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2.1 की बढ़त है, जिससे एक रीमैच का बेसब्री से इंतज़ार है।

# अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगी इंडिया अंडर-19

**बुलावायो, वार्ता।** शनिवार को इंडिया अंडर19 और न्यूज़ीलैंड अंडर19 के बीच होने वाला ग्रुप-स्टेज का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट से कहीं ज्यादा होने वाला है। यह मुकाबला स्किल, हिम्मत और अनप्रेडिक्टेबल होने वाला है।

इंडिया अंडर 19 का मुकाबला न्यूज़ीलैंड की टीम से है जो बारिश से बाधित मैचों के कारण मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष कर रही है। इंडिया अंडर19 अपने दोनों ग्रुप मैच पहले ही जीत चुका है और अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। आयुष म्हात्रे की लीडरशिप वाली युवा टीम में टैक्टिकल स्किल के साथ वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों की इंडिविजुअल काबिलियत का मेल है। उनके इन-फॉर्म बॉलर, जिनमें हेनिल पटेल और खिलन पटेल शामिल हैं, एक खतरनाक बढ़त देते हैं, जिससे इंडिया मैच में फेवरेट बन जाता है।

दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड अंडर19 अपने पिछले मैचों में भारी बारिश के कारण बहुत कम मैच एक्सपीरियंस के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। उनके टॉप-ऑर्डर बैट्समैन और टॉम जोन्स और कैलम सैमसन जैसे खास बॉलर, इंडिया के मजबूत अटैक को संभालने और क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की बॉलर-फ्रेंडली और अनप्रेडिक्टेबल पिच पर एडजस्ट करने की दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस ड्रामा को और बढ़ाने वाली बात यह है कि आंधी-तूफान और लगातार बारिश खेल में रुकावट डाल सकती है, जिससे मैच का रोमांच बढ़ जाएगा और फैंस सोच में पड़ जाएंगे कि मैच पूरी तरह से होगा या एक हाई-इंटेंसिटी, छोटा मुकाबला बनकर रह जाएगा। खेल का दबदबा, मौसम का ड्रामा और कुछ लोगों के दमदार प्रदर्शन का यह मेल इस मैच को जरूर देखने लायक बनाता है।

# गॉफ लगातार चौथी बार चौथे राउंड में

**मेलबर्न, वार्ता।** शुक्रवार दोपहर को मार्गरेट कोर्ट एरिना में फैंस ने दानिल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद एक शानदार वापसी करते देखा, उसके बाद उन्हें महिलाओं के वर्ग में एक और मैच देखने को मिला जो पूरे समय तक चला, क्योंकि गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद अपनी साथी अमेरिकी खिलाड़ी हेले बैपटिस्ट को 1 घंटे और 50 मिनट में 3.6, 6.0, 6.3 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई।

यह जीत, उनके 77वें ग्रैंड स्लैम मैच की जीत, उनके 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में आई। गॉफ ओपन एरा में 22 साल की उम्र से पहले अपने 100वें महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रॉ मैच में खेलने वाली नौवीं खिलाड़ी हैं, जो इन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं: मैरी जो फर्नांडीज, स्टेफी ग्राफ, मार्टिना लहगिस, गैब्रिएला सबातिनी, अरांशा सांचेज विकारियो, मारिया शारापोवा, सेरेना विलियम्स, वीनस विलियम्स। सक्रिय खिलाड़ियों में से केवल वीनस विलियम्स (85) और इगा स्वियाटेक (83) ने अपने पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में ज्यादा जीत हासिल की हैं।

# जोविक ने पाओलिनी को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**मेलबर्न, वार्ता।** टॉप 100 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी, 18 साल की इवा जोविक ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए नम्बर 7 सीड जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे राउंड में 6.2, 7.6(3) से हरा दिया। इस नतीजे के साथ नम्बर 29 सीड जोविक सिर्फ अपने छठे प्रयास में पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे हफ्ते में पहुंचीं। यह चार मुलाकातों में किसी टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत भी है।

इस टीनएजर की पिछली तीन हार में से दो पाओलिनी के खिलाफ थीं, पिछले साल इंडियन वेल्स और यूएस ओपन में। जोविक ने अपने ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं यह जीत काफी समय से चाहती थी। कुछ मुश्किल हार मिली थीं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उस बाधा को पार किया और आज यह जीत हासिल की। एक



ओवर-प्रेसिंग पाओलिनी के खिलाफ 37 मिनट के पहले सेट में हावी रहने के बाद - इटैलियन खिलाड़ी ने पहले सेट में 13 अनफोर्स्ड एरर और सिर्फ चार विनर्स लगाए - जोविक को दूसरे सेट में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दो बार की मेजर फाइनलिस्ट पाओलिनी ने अपनी रणनीति बदली, जोविक के बैकहैंड पर ऊंची गेंदें फेंकीं और रैलियों को लंबा खींचा।

जोविक ने 5-4 और 6-5 पर दो बार मैच के लिए सर्व किया, लेकिन मैच खत्म नहीं कर पाईं। लेकिन इन झटकों के बावजूद, यह युवा खिलाड़ी थी जिसने एक शानदार टाईब्रेक में बढ़त बनाई, लाइन के नीचे शानदार टाइलमग वाले बैकहैंड से बढ़त हासिल की और एक बोल्ड रिटर्न विनर के साथ मैच पॉइंट पर पहुंची - जो मैच का उनका 20वां विनर था। जोविक ने कहा कि मैंने मैच में पहले जो कर रही थी, उस पर फोकस करने की कोशिश की।काफी आक्रामक होकर खेलना और गेम को कंट्रोल करना। मुझे लगता है कि जब मैं मैच के लिए सर्व कर रही थी, तो मैं थोड़ी ज्यादा पैसिव हो गई थी - इसलिए मैंने खुद से कहा कि खुलकर खेलो और इससे टाईब्रेक में मदद मिली। इस नतीजे से जोविक की तेज़ी से तरक्की जारी है, जो पिछले साल इस समय नम्बर 191 रैंक पर थीं। उन्होंने पिछले सितंबर में गुआडालाजारा में डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला टाइटल जीता था, और ऑकलैंड सेमीफाइनल और होबार्ट फाइनल में पहुंचकर 2026 की शानदार शुरुआत की। इस साल उनका रिकॉर्ड पहले ही 10-2 है, और उन्हें चौथे राउंड में यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ इसे और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा जिन्होंने तुर्की की ज़ेनेप सोनमेज के खिलाफ दूसरे सेट में 6-5 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की, और 2 घंटे और 34 मिनट में 6.3, 6.7(3), 6.3 से जीत हासिल की।

# बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने एक जोशीले युवा फैन से खेल के सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक बनने के अपने सफर के बारे में बताया। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, बुमराह ने लिखा कि उस बच्चे के सपने को जीने के 10 साल, जिसे उस खेल से प्यार हो गया जिसने उसे ऐसा महसूस कराया जैसा इस दुनिया में कुछ भी नहीं करा सकता, उन्होंने आगे कहा कि सोच और सोच के खिलाफ जाने का उनका सफर परिवार और विश्वास के सपोर्ट से जारी है।

बुमराह ने जनवरी 2016 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जहां वह टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



पिछले एक दशक में, दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दुनिया भर के क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक का नाम कमाया है। वह टेस्ट, वनडे और टी20 में आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग में नम्बर 1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले बॉलर हैं, और तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर हैं। बुमराह घरेलू क्रिकेट में गुजरात और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को रिप्रेजेंट करते हैं। भारतीय तेज गेंदबाजों में, वह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट और दूसरे सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, जहां 4-17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेने के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह 2016 में एक कैलेंडर साल में टी20 में 28 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी थे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और तब से लीडरशिप की जिम्मेदारी संभाली है, दिसंबर 2023 से भारत के टेस्ट वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे हैं और रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में तीन मौकों पर टीम को लीड किया है। उनके करियर की उपलब्धियों में 2018 और 2024 में आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, 2017 और 2018 में आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ द ईयर और 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ द ईयर में चुना जाना शामिल है।

# हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

**आकलैंड, वार्ता।** न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने एसए20 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेलते हुए एमआई केप टाउन के खिलाफ लगी थी। स्कैन में मांसपेशियों में लखचाव की बात सामने आई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 16-27 की औसत और 7-61 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए थे। न्यूज़ीलैंड के प्रमुख कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि हम सभी एडम के लिए बेहद निराश हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने में काफी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैचों में वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में लौटते हुए दिख रहे थे। उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है और हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। जेमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम का हिस्सा हैं। उन्हें विश्व कप के ट्रैवलिंग रिजर्व से मुख्य दल में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक दल में बिना रोकटोक बदलाव किए जा सकते हैं, उसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की मंजूरी जरूरी होगी। वॉल्टर ने कहा कि यह हमारे लिए अच्छी बात है कि काइल पहले से ही भारत में हमारे साथ हैं।

वह हमारे तेज गेंदबाज़ी समूह का अहम हिस्सा हैं और इस दौरे पर उन्होंने प्रभाव डाला है। वह मेहनती खिलाड़ी हैं और उनके पास अच्छे कौशल और अनुभव हैं, जो टूर्नामेंट में उनके काम आएंगे। जेमीसन ने पिछले साल पीठ की चोट से उबरकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इस महीने की शुरुआत में भारत के खिलाफ पहले वनडे में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। न्यूज़ीलैंड पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन टी20 विश्व कप के दौरान पितृत्व अवकाश लेकर कुछ समय के लिए टीम से बाहर हो सकते हैं। टूर्नामेंट से पहले न्यूज़ीलैंड दल में एक और ट्रैवलिंग रिजर्व जोड़ा जाएगा। कीवी टीम अपना अभियान 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू करेगी।

# डायमंड शोरूम में करोड़ों की चोरी

## छत के रास्ते रात्रि में शोरूम में घुसे थे चोर, मौके पर पहुंचे डीआईजी व एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिन निकलते ही करोडों की चोरों की वारदात ने पुलिस महकमे के होश उडा दिये। आनन फानन में डीआईजी व एसएसपी मौके पर पहुंचे और जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

दिल्ली रोड स्थित (कैरेटलेन) टाटा कंपनी के डायमंड शोरूम में चोरों ने करोड़ों की चोरी कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की जानकारी सुबह शोरूम स्टाफ के पहुं. चने पर हुई, आनन-फानन में शोरूम के मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद चोरी की सूचना पाते ही पुलिस टीम के साथ डीआईजी अभिषेक सिंह व एसएसपी आशीष तिवारी भी कैरेटलेन डायमंड शोरूम में पहुंचे, तब पता चला कि पूरी घटना को अंजाम देने वाले चोर छत के रास्ते दीवार तोड़कर शोरूम में घुसे और पूरी घटना को अंजाम दिया। फिलहाल घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक टीम भी इस घटना की जांच में लगी है, साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खांगला जा रहा है। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टिया शोरूम के साइड वाला जीना है उससे दीवार को तोड़ा गया है और जो अभी तक हमने ट्रेस किया है घटना को अंजाम देने वाले जो चोर थे वह छत के रास्ते से आए थे, इसमें उन्होंने जितनी चोरी की है उसका असेसमेंट करवा रहे हैं और शोरूम के मैनेजर द्वारा बताया गया कि जो शोरूम है उसका सबकुछ इनशोर्ड है, हमारे द्वारा घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं जल्द ही इस घटना का पूरा खुलासा हो जाएगा। प्रथम दृष्टिया जो पाया गया है डिस्प्ले से 6 से 7 नेकलेस चोरी करना पाया गया है ज्यादा तोड़फोड़ नहीं हुई है बाकी इंश्योरेंस एजेंट को बुलवाया गया है जल्द ही असेसमेंट कर पूरी जानकारी दी जाएगी। वही डीआईजी अभिषेक सिंह ने यह भी बताया कि क्योंकि चौकी के निकटतम का मामला पाया गया है इसके लिए एसएसपी को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।



## कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

**तीतरों।** कस्बे में सैन समाज की ओर से भारत रत्न तथा बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस दौरान राजकुमार सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने शोषितों, वंचितों तथा अति पिछडे वर्ग की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया।

सोमपाल सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी की मिसाल रहे। स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षक के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले कर्पूरी ठाकुर एक बार बिहार के उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे।

सत्य कुमार ने कहा कि दशकों तक विधायक और विपक्ष के नेता के रूप में भी सक्रिय रहे। अपनी लोक. प्रियता और गरीबों की आवाज बनने के कारण उनको जीवनकाल में ही जननायक की उपाधि दी गई थी।

इस दौरान बाल चन्द, राजू, संतोष कुमार, रणवीर सिंह, सचिन, देवीदयाल, फोनी कुमार, बृजमोहन, कँवरपाल, अनुज कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# निरीक्षण कर डीएम ने देखा एसआईआर कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा जनपद में निर्वाचन कार्यों में लगे ईआरओ एवं एईआरओ, सुपरवाईजर, बीएलओ को सूची को देखकर शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने तहसील सदर में चल रहे एस आई आर के कार्यों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 के भरे जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र भरे जाने के निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। मतदाता सूची में विद्यमान किसी नाम पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करवाने हेतु प्रारूप-7 में आवेदन किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने नोटिस संदर्भों का भी निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए 6 जनवरी से 6 फरवरी तक बूथ लेवल अधिकारियों व पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में विद्यमान किसी प्रविष्टि, मतदाता पहचान पत्र में संशोधन, निवास परिवर्तन व दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु प्रारूप-8 (घोषण पत्र के साथ) में आवेदन किये जाने की जॉच की। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे ऊपर आयु के नागरिको को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु आयोग की वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकता है।



उन्होंने नागारिकों एवं मतदाताओं से अनुरोध किया गया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपना अथवा अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य चैक कर लें और निर्वाचक नामावली को शुद्ध व अद्यावधिक बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# जयंती को लेकर अलर्ट पर रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** आगामी रविदास जयंती के पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए बेहट पुलिस प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। शुक्रवार को कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने आयोजकों को उच्चाधिकारियों के निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि शोभायात्रा या कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह फैलाने या उत्तेजक नारेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने आयोजकों को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि वे प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर ही कार्यक्रम आयोजित करें। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के विभिन्न आयोजकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने सहमति व्यक्त की कि सभी कार्यक्रम निर्धारित रूट और नियमों के दायरे में रहकर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएंगे।



# मौलाना फरीद मजाहिरी को सदभावना मंच का बनाया संयोजक

## मदरसा अनवारूल उलूम में सम्पन्न हुई जमीअत उलेमा की बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मदरसा अनवारुल उलूम, शेखपुरा कदीम में जमीयत उलमा की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का शुभारंभ कारी अय्यूब कासमी की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जबकि कारी कलीम ने नात-ए-पाक पेश की। जिला महासचिव मौलाना सरताज अहमद कासमी ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई और कार्यकारिणी सदस्यों से पूर्व में लिए गए निर्णयों एवं किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। सैयद जहीन अहमद ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर सद्भावना मंच की जिला इकाई के गठन की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपील की कि सेकुलर सोच रखने वाले देश के बहुसंख्यक समाज के लोगों को जमीयत उलमा हिंद के इस मिशन से जोड़ा जाए, ताकि आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सके।



बैठक में आधुनिक शिक्षण संस्थानों से जुड़े बच्चों को संगठित मकतब व्यवस्था से जोड़ने, इस्लाह-ए-मुआशरा (सुधार-ए-समाज) की उप समितियों को सशक्त करने तथा 'शिक्षा-ए-जौजैन' (दांपत्य जीवन) कार्यशाला जैसी योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इन प्रस्तावों पर अमल के लिए ठोस कार्ययोजना भी तय की गई।

इसके साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रबंध समिति की बैठक ईद-उल-फितर के बाद आयोजित की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से जामा मस्जिद कलां के प्रबंधक एवं कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य मौलाना मोहम्मद फरीद मजा. हिरी को सद्भावना मंच की जिला समिति के गठन के लिए संयोजक (निगरां) नियुक्त किया गया।

बैठक में खजांची मुफ्ती आरिफ मजाहिरी, उपाध्यक्ष मौलाना शमशीर कासमी, कारी अय्यूब अहमद कासमी, मौलाना मशर्रफ रशीदी (कन्वीनर इस्लाह-ए-मुआशरा), मौलाना इरफान खेड़ा मुगल, मुफ्ती असजद हुसैनी, मौलाना इरशाद उकाबी, सूफी इस्लाम, मौलाना उस्मान खुर्शीदी, मुफ्ती अब्दुल खालिक कासमी, मौलाना इरफान, कारी शौकीन हुसैनी सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मौलाना गुलफाम मजाहिरी ने की तथा संचालन जिला महासचिव मौलाना सरताज अहमद कासमी ने किया। बैठक का समापन जिला अध्यक्ष मौलाना गुलफाम मजाहिरी की दुआ के साथ हुआ।

# एनडीपीएस एक्ट में कोर्ट ने सुनाई दो वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 ने अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट का दोषी पाते हुए दो वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी 2022 को थाना नानौता में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार की सूचना पर आरोपी शोएब पुत्र वाजिद मलिक निवासी ग्राम खेड़ा कुरतान थाना कांधला जनपद शामली के कब्जे से 8 ग्राम स्मैक बरामद होने पर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था। उपरोक्त अभियोग एसटी नं.-487/2020 पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 में विच. ाराधीन रहा। एडीजीसी श्री त्यागी ने बताया कि पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन कनवीशन में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 जनपद सहारनपुर ने अभियुक्त शोएब पुत्र वाजिद मलिक निवासी ग्राम खेड़ा कुरतान थाना कांधला जनपद शामली को थाना नानौता में पंजीकृत मु0अ0सं0 58/2020 धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट का दोषी पाते हुए 2 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# 132 लाभार्थियों को प्रदान किए गए क्रेडिट कार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत केरल में क्रेडिट कार्ड लांच करने एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण आईसीसीसी में लाभार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार व अनेक पार्षद भी मौजूद रहे। सहारनपुर में भी 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वालेये क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जायेंगे।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर सहारनपुर के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 में एक ऐसे विकसित भारत का सपना देखा है, जिसमें हर आदमी के पास रोजगार होगा और वह आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर 2024 को योजना का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा योजना को 2030 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों तक एक रुपये में से मात्र 15 पैसे लाभार्थी तक पहुंच पाते थे बाकि बिचौलिए खा जाते थे। मोदी सरकार ने लोगों को बिचौलियों से बचाया है। आज लोन का पैसा या कोई भी लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से इस पूंजी से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया।



महापौर ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में सहारनपुर में नगर निगम क्षेत्र के 21629 वेंडर्स को प्रथम किश्त के रुप में 10 हजार, 8772 वेंडर्स को द्वितीय किश्त के रुप में 20 हजार तथा 1679 वेंडर्स को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराया गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 510 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रुप में 15 हजार, 773 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रुप में 25 हजार तथा 317 लाभार्थियों को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार रुपये की किश्त प्रदान की गयी है। सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जा रहे है।

इससे पूर्व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुधीर शर्मा ने महापौर डॉ. अजय कुमार, उपसभापति मयंक गर्ग, तथा पार्षद ज्योति अग्रवाल, सलेख चंद, स्वराज व पार्षद प्रतिनिधि परविंदर तोमर को बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

## बारिश ने बढ़ाई ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पिछले कई दिनों से चटक धूप का आनंद ले रहे लोगों को शुक्रवार सुबह से शुरू हुई बरसात ने फिर से गर्म कपडों मे दुबकने को मजबूर कर दिया है।

सुबह तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने एक बार फिर से मौसम मे ठंडक बढा दी है।बारिश के चलते आज बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। ग्राहकी के नाम पर इक्का दुक्का ही नजर आया। वहीं अधिकांश दुक. ानदार भी समय से पहले ही दुकान बंद कर घरों मे दुबक गये। बंसत पंचमी का पर्व होने के कारण युवाओं में पतंग उडाने का जोश था लेकिन बारिश ने सब कुछ पानी पानी कर दिया । बारिश होने से किसानों के चेहरों पर रौनक आ गयी। पिछले कई दिनों से जिस तरह से तापमान बढ रहा था उससे किसान चिंतित थे कि गेंहू की फसल के लिए अचानक बढा हुआ तापमान ठीक नही था।

# सौहार्द व एकता को मजबूत करते हैं पर्व: विमला वाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में आज वसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह पर्व विद्या, ज्ञान, कला एवं संगीत की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती को समर्पित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन-यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति विमला वाई ने की। उन्होंने विश्व. विद्यालय परिवार को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विवेक, सृजनशीलता एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने माँ सरस्वती से सभी के जीवन में ज्ञान, बुद्धि, सफलता एवं सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना की। इसके पश्चात कुलपति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। कुलपति विमला वाई ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार में आपसी सौहार्द, एकता एवं अनुशासन को सुदृढ़ करते हैं तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नेताजी के राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव कमल कृष्ण, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, उप कुलसचिव अनुप कुमार, सहायक कुलसचिव संजीव कुमार एवं रमेश कुमार, अकादमिक समन्वयक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. आर. के. गुप्ता, अभियंता विवेक पुंडीर सहित विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में उत्सवपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन सफल एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम पारंपरिक गरिमा एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

## हार्ट अटैक से युवक की मौत

**चिलकाना।** धौलाहेड़ी गांव निवासी 26 वर्षीय हष्टपुष्ट युवक को हार्ट अटैक आने के कारण अचानक मौत हो गई, परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

26 वर्षीय युवक सद्दाम उर्फ आलम पुत्र फारुख निवासी ग्राम धौलाहेड़ी खनन परिवहन करने वाली एक गाड़ी पर सह परिचालक के रूप में कार्य करता था। जो कि बुधवार रात्रि के समय नानौली स्थित एक क्रेशर से खनन सामाग्री भरने के लिए गया था। इसी दौरान उसके सीने में अचानक तेज दर्द हो गया। सद्दाम की हालत ज्यादा बिगड़ती हुई देख गाड़ी चालक उसको आनन फानन में ग्राम पठेड़ स्थित निजी चिकित्सक के यहां ले आया। जहां से सद्दाम की हालत को ज्यादा गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन जब तक उसे एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# कार ने दो छात्रों को कुचला, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेहटा।** कस्बे में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस्लाम नगर रोड पर स्थित मदनी मदरसे के पास एक तेज रफ्तार कार ने मदरसे के दो छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एक छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब छात्र मदरसे से बाहर निकल रहे थे। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर से एक छात्र बिजली के ट्रांसफॉर्मर पर लटक गया, जबकि दूसरा छात्र दूर जाकर गिरा।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। एसपी देहात सागर जैन, नकुड़ सीओ रुचि गुप्ता और अम्बेहटा चौकी प्रभारी नीरज कुमार मौके पर पहुंचे। घायल छात्रों को तत्काल नकुड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



घायल छात्रों की पहचान अनस पुत्र साजिद निवासी नकुड़ और अब्दुल्ला पुत्र आजाद निवासी अम्बेहटा के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और कई लोग पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस ने कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच जारी है। देर शाम इलाज के दौरान एक छात्र अनस की मौत हो गई।

# बर्फीली हवाओं व बारिश से घरों में दुबके लोग, सड़कों पर रहा सन्नाटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चार दिन निकली धूप के बाद आज सुबह अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। दिनभर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पारा नीचे गिरने से ठंड फिर बढ़ गई है। सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही, वहीं बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। उधर तेज हवाएं चलने से सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ है तथा कुछ स्थानों पर विद्युत खंभे और तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधिक हुई है। कुछ स्थानों पर तो विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत आपूर्ति ठीक कर दी है परंतु जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों को अंधेरे में ही रात गुजारनी होगी। वैसे बारिश का रबी की फसल को फायदा ही हुआ है परंतु तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल नीचे गिरने से नुकसान होने का अनुमान है। तेज हवाओं और रुक-रुक कर हुई बारिश का सबसे अधिक असर बसंत पंचमी पर्व पर देखने को मिला। इस अवसर ?र होने वाली पारंपरिक पतंगबाजी पूरी तरह ठप हो गई। मौसम की प्रतिकूलता के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके, जिससे पतंग उड़ाने का उत्साह फीका पड़ गया। पतंगबाजी के शौकीन युवाओं में इसको लेकर खासा निराशा देखने को मिली। पर्व को लेकर युवाओं ने पहले ही बड़ी संख्या में पतंगें, मांझा व अन्य सामान खरीद लिया था, लेकिन मौसम के कारण वे अपनी पसंदीदा गतिविधि नहीं कर सके। कई युवाओं ने बताया कि पूरे साल बसंत पंचमी का इंतजार रहता है, लेकिन इस बार मौसम ने सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। वहीं, पतंग और मांझा बेचने वाले दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि बसंत पंचमी पर अच्छी बिक्री की उम्मीद थी, लेकिन बारिश और तेज हवाओं के कारण अपेक्षित कारोबार नहीं हो सका। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव आया है और आने वाले कुछ समय तक हल्की बारिश व तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। कुल मिलाकर, मौसम की मार के चलते बसंत पंचमी का उत्साह इस बार फीका रहा और पतंगबाजी प्रेमी युवा निराश होकर रह गए।

## अलग अलग स्थानों पर पेड़ गिरे, मार्ग अवरूद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** तेज हवा व बारिश के चलते गन्देवड मार्ग पर चिलकाना से ग्राम धौलाहेड़ी के बीच अलग अलग स्थानों पर तीन पेड गिरने से मुख्य मार्ग अवरूद्ध हो गया। सूचना मिलने पश्चात वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

बृहस्पतिवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि से चल रही तेज हवा व बारिश के चलते चिलकाना - गन्देवड मार्ग पर तीन अलग अलग जगहों पर सड़क किनारे खड़े हुए सरकारी पेडों के गिर जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। गमीनत यह रही कि पेड़ गिरते समय कोई वाहन इनकी चपेट में नहीं आया अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। यह पेड गन्देवड मार्ग पर चिलकाना बाईपास से सुल्तानपुर के बीच ईंट भट्टे के निकट, निर्माणाधीन पुल के निकट तथा गांव धौलाहेडी मसखरा नदी पुल के निकट गिरे हैं। तेज हवा के चलते इन पेड़ों के गिर जाने से मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से अवरूद्ध रहा। मात्र छोटे वाहन ही सड़क के किनारे कच्चे रास्ते से होकर निकल पा रहे थे।



सूचना मिलते ही तेज हवा व बारिश के बीच ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेडों को सड़क से हटाने के लिए काम शुरू किया। वन विभाग के नकुड रेंज अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मार्ग पर गिरे पेड हटाने के लिए टीम भेजी गई है जल्द ही रास्ते पर गिरे हुए इन पेडों को हटा दिया जायेगा।

# कई विद्युत पोल गिरने से आपूर्ति रही ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में देर रात से चल रही तेज हवा व बारिश के कारण बरथाकायस्थ पठेड में 11 के वी विद्युत लाईन के लगभग आठ से दस पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई।

बृहस्पतिवार को देर रात्रि के समय से चल रही तेज हवा व बारिश के कारण गांव पठेड में पंचकुआ रोड पर विद्युत लाईन के पोल उखड़कर सडक पर गिर जाने के कारण जहां विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गयी वहीं इस मार्ग पर यातायात भी बाधित हो रहा है। पंचकुआ फीडर के अंतर्गत पठेड क्षेत्र में विद्युत पोल उखड़कर सडक पर गिर जाने से ग्राम पठेड, शाहपुरा, पंचकुआ, दभेडा व आल्हनपुर सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई, साथ ही साथ विद्युत पोल व तार सडक पर पड़े होने के कारण राहगीरों को आवागमन करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

इस सम्बन्ध मे अवर अभियंता प्रवीण बघेल ने बताया है कि तेज हवा व बारिश के कारण लगभग आठ से दस विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनमें से कुछ टूट गये हैं तथा कुछ उखड़कर सडक पर गिर गये हैं। उन्होंने बताया कि 11 के वी विद्युत लाईन दुरूस्त कराने में अभी थोड़ा समय लगेगा क्योंकि 33 के वी विद्युत लाईन में भी कमी आयी हुई है पहले उसको सही कराया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

शनिवार, 24 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पाक की हरकत

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता दिखाई नहीं दे रहा है और वह बराबर भारत को परेशान कर रहा है। रक्षा सूत्रों की मानें, तो पाक भारत के खिलाफ एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपना रहा है। इस मॉडल के चलते पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। इन ड्रॉन्स को लॉ लेवल ड्रॉन वॉर फेयर का नाम दिया गया है। यह ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिसके चलते ये ड्रोन रडार को चकमा दे सकते हैं। अधिकतर ड्रोन राजस्थान और पंजाब में देखने की बात सामने आई है, जहां तक बात भारतीय सुरक्षा बलों की है, उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए 800 में से 240 ड्रोन मार गिराए हैं। ड्रोन्स का अलग-अलग ब्यौरा भी सामने आया है, जो बताता है कि 5 ड्रोन में हथियार व युद्ध से जुड़ा सामान मिला है। 160 ड्रोनों से सामान गिराया गया है। वहीं 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। जनवरी महीने की ही बात करें, तो अब तक इस तरह की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्र बताते हैं कि ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे और उनका मकसद भारतीय सेना के कार्य और उनका पैटर्न पता लगाना था। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस तरह का पैटर्न पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के रास्ते खोजने के लिए अपनाता है। भारत ने सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन पाकिस्तान इन आपत्तियों पर कोई ध्यान देता दिखाई नहीं दे रहा है, अच्छी बात यही है कि पाक पर भरोसा न करते हुए भारत अपनी तरफ से तैयारी करता दिखाई दे रहा है और इस संदर्भ में भारतीय सेना और वायु सेना काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीद रही है। डीआरडीओ से भी तैयार सिस्टम खरीदे जा रहे हैं। जो पाक सीमा और एलओसी पर तैनात किए जाएंगे। राजस्थान-पंजाब बॉर्डर के अलावा जम्मू कश्मीर में पिछले हफ्ते एलओसी के पास पाक ड्रोन देखे गए हैं। मतलब साफ है कि पाक से इस समय बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। 800 ड्रोन आने की घटनाएं कोई मामूली घटना नहीं है। ना ही यह छुटपुट घटनाओं की श्रेणी में आती है। इससे पता चलता है कि पाक भारत की खुफिया जानकारी बराबर जुटा रहा है। जिससे उसका इरादा खतरनाक हो रहा है। जम्मू कश्मीर में जिस तरह आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं, उससे भी पता चलता है कि वह अपने नापाक मंसूबों से पीछे नहीं हटने जा रहा। यह भी तब है जब ऑपरेशन सिंदूर के चलते वह भारत के हाथों बुरी तरह पिट चुका है, लेकिन लगता यही है कि उसने हालात से कोई सबक नहीं सीखा और वह बराबर भारत को उकसा रहा है। असल में उसके उकसाने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ भी कम नहीं है। यही वे ताकते हैं जो नहीं चाहतीं कि भारत पाक के बीच में किसी तरह शांति का रास्ता खोजा जाए। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार अपराध



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाये वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है, मौनी अमावस्या के दिन पुलिस से विवाद के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे है।

**-संजय सिंह, नेता आप**

# नेपाल चुनाव परिणाम पर पड़ोसी देशों की नजर

> अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहाजा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला।



**यशोदा श्रीवास्तव**

जेन जी आंदोलन में भारी नुकसान के बाद सत्ता में आई अंतरिम सरकार के वादे के मुताबिक नेपाल वक्त से पहले चुनाव की दहलीज पर है। प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की ने सत्ता संभालते ही छः महीने के भीतर चुनाव कराकर सत्ता सीन पार्टी को सरकार की कमान सौंप देने का वादा किया था। सुशीला कार्की के वादे के अनुसार पांच मार्च को नेपाल प्रतिनिधि सभा का चुनाव तय है। नामांकन की तिथि समाप्त हो चुकी है। राजनी. तिक दल और उनके प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार और जनसंपर्क में जुटे गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रतिनिधि सभा के 165 सीटों के लिए नेपाल के मान्यता प्राप्त 68 राजनीतिक दलों के अलावा और स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दल उम्मीदवारों में कई नामचीन चेहरे भी हैं जो अपने दलों से टिकट न पाने की वजह से निर्दल ही चुनाव लड़ने को मजबूर हुए। भारी उथल पुथल के बीच नेपाल में होने जा रहे इस चुनाव पर दुनिया की नजर है खासकर उन देशों की जो नेपाल के पड़ोसी राष्ट्र हैं जैसे भारत,चीन, पाकिस्तान आदि। नेपाल में हाल के दिनों में अमे. रिका की भी दिलचस्पी बढ़ी है इसलिए उसे भी नेपाल के चुनाव परिणाम की उत्सुकता है।

नेपाल का यह चुनाव वाकई कई मायनों में दिलचस्प और महत्वपूर्ण है। नेपाली कांग्रेस जो नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी है और इसका राजशाही के जमाने से ही लोकतंत्र की लड़ाई का इतिहास रहा है,अब परिवर्तित नेपाली कांग्रेस हो गई है। इस पार्टी को कोइराला परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी कहा जाता था जिसका भारत से नजदीकियां रही है। 2021 में सांगठनिक चुनाव में इस पार्टी से कोइराला परिवार का वर्चस्व टूट गया। सभापति के चुनाव में शेर बहादुर देउबा कोइराला परिवार के शेखर कोइराला को पराजित कर पार्टी के सभापति (अध्यक्ष) पद पर काबिज हुए थे। देउबा पश्चिम नेपाल के डेडुल्धुरा क्षेत्र से 1991 से सांसद चुने जाते रहे और नेपाल के पांच बार प्रधानमंत्री रहे। पिछले महीने जेन जी आंदोलन में देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को काफी प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। इस आंदोलन के बाद नेपाली कांग्रेस की छवि सबसे कमजोर नेतृत्व वाली पार्टी के रूप उभर कर सामने आई। तभी से देउबा पर विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाने की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा जानते थे कि अधिवेशन का मतलब सभापति पद से उनकी छुट्टी करना है, इसलिए वे अधिवेशन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जैसा कि नेपाली कांग्रेस के विधान में है कि पार्टी के केंद्रीय समिति के 54 प्रतिशत सदस्य यदि चाहें तो अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। इसी विधान के तहत पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा ने अधिवेशन आहुति की जो चार दिन तक चला। इस बीच देउबा न केवल अधिवेशन को अवैधानिक करार देने में जुटे रहे, गगन थापा, विश्व प्रकाश शर्मा और सह महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहा. जा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला। नए नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने इनकी जगह पर किसी अन्य को टिकट दे दिया है। देउबा के चुनाव न लड़ने से डेडुल्धुरा चुनाव क्षेत्र जो सुर्खियों में रहा करता था,इस बार चुनावी परिदृश्य से गायब है। देउबा के शानदार राजनीतिक सफर का अंत इतना क्रूरतम होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।

इस चुनाव में चार खास चुनाव क्षेत्रों की चर्चा जोरों पर है। झापा क्षेत्र संख्या पांच जहां से पूर्व पीएम व एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली चुनाव मैदान में हैं। ओली अपनी पार्टी के घोषित पीएम का चेहरा हैं। इसी चुनाव क्षेत्र से काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव मैदान में हैं। वालेन शाह भी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से पीएम के लिए घोषित चेहरा हैं। इस चुनाव क्षेत्र में 35 बनाम 74 का नारा सुर्खियों में है। वालेन शाह पूर्व में इंजीनियर रहे हैं बाद में मशहूर रैपर हुए। युवाओं में खासा लोकप्रिय हैं। काठमांडू नगर निगम के मेयर का चुनाव निर्दल लड़ कर जीते थे। उन्होंने प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने के लिए मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। इनकी उम्र 35 वर्ष है और ओली की 74 वर्ष इसलिए इस चुनाव क्षेत्र की लड़ाई 35 बनाम 74 के बीच है। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की भी चर्चा खूब है। यहां से शोसल मीडियाष्हामी नेपालष के जरिए युवाओं में पैठ बनाए सुडान गुरूंग राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। सुडान पिछले दिनों सुर्खियों में तब आए जब उनकी शिनाख्त जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में उभरी। हालांकि इस आंदोलन ने ओली सरकार के तख्तापलट के साथ नेपाल को दर्द भी बहुत दिया। इसके बाद सुर्खियों में है सर्लाही का क्षेत्र संख्या चार।

यहां से नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा चुनाव मैदान में हैं। गगन थापा भी नेपाली कांग्रेस की तरफ से पीएम का चेहरा हैं। गगन थापा के अनुसार उनकी पार्टी बिना किसी गठबंधन के सरकार बनाएगी। यदि ऐसा हो पाया तो नेपाल की राजनीति में चमत्कार होगा। तीसरे नंबर पर जिस चुनाव क्षेत्र की चर्चा है वह है रुकुम क्षेत्र संख्या एक। यहां से माओवादी केंद्र के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड चुनाव मैदान में हैं। प्रचंड का भी दावा सरकार बनाने का है। प्रचंड नेपाल में राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक के रूप में देखे जाते हैं। इस बार प्रचंड के चुनाव क्षेत्र में चुनावी मुक. ाबला बड़ा रोचक होने जा रहा है क्योंकि जनयुद्ध में अपने मां बाप को गंवा देने वाले प्रचंड के करीबी रहे युवा नेता संदीप पुन प्रचंड के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 35 वर्षीय संदीप पुन प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादी केंद्र के छात्र संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। संदीप पुन प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में जो सबसे बड़ी बात है वह यह कि जितनी बड़ी पार्टियां हैं, इस बार बिना किसी गठबंधन के साथ अकेले चुनाव मैदान में हैं। 2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव बाद यह पहला अवसर है जब बड़ी राजनीतिक पार्टियां अकेले चुनाव लड़ रही है और सभी को अपनी सरकार आने का भरोसा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी जिसका उदय पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था,इस बार नेपाल के सभी क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इतना ही नहीं जिस तेजी से इस पार्टी ने मधेश के जिलों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और ढेर सारे बड़े नेता इस पार्टी से जुड़े हैं उससे चुनाव परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। रवि लामी छाने खुद भी चितवन दो से चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को नेपाली कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों से लाभान्वित होने की उम्मीद है। भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के क्षेत्र संख्या एक से भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय के बेटे आशीष शर्मा का टिकट कटना यहां के दो तीन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। प्रतिनिधि सभा के उच्च सदन के 110 सीटें समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत भरी जाएगी, जिसके लिए राजनी. तिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची चुनाव आयोग को पहले ही सौंप दी है। चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत के आधार पर उच्च सदन में किस राजनीतिक दल के कितने सदस्य नामित किए जा सकते हैं,यह तय होता है। उच्च सदन के प्रति. निधियों का नाम राजनीतिक दलें अपने हिसाब से करती हैं। अभी जैसा कि नेपाल का चुनावी परिदृश्य दिख रहा है,उस हिसाब से किसी पार्टी के पक्ष में राय जाहिर करना जल्दबाजी होगी। नेपाल चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले देश विदेश के विश्लेषक भी यह तय कर पाने की स्थिति में नहीं हैं कि नेपाल के चुनाव परिणाम का सीन क्या होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबड़े ने सुलझाई गिबन की गुत्थी

शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अपीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अपीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है। आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे।

गिबन छोटे शरीर और लंबी बाहों वाले, पेड़ों पर छलांग लगाने वाले कपि हैं जो उत्तरपूर्वी भारत, पूर्वी बांग्लादेश और दक्षिणपूर्वी चीन से लेकर इंडोनेशिया के कई द्वीपों में पाए जाते हैं, लेकिन इनके उद्विकास की कहानी को समझना वैज्ञानिकों के लिए मुश्किल रहा है। अब दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक गांव के पास मिले एक जीवाश्म से बात कुछ पकड़ में आई है। इस जीवाश्म में ऊपरी जबड़े का हिस्सा और सात अलग-अलग दांत हैं। इससे इस पूर्व निष्कर्ष की पुष्टि हुई है कि सबसे पहले ज्ञात गिबन लगभग 70 से 80 लाख साल पहले इस इलाके में रहते थे।



चीन के कुनमिंग नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम ऑफ जूलॉजी के पुरा-मानवविज्ञानी ज्युपिंग जी और उनके साथियों का कहना है कि यह जीवाश्म और इस क्षेत्र व इसके पास के क्षेत्र से मिले 14 दांत युआनमोपिथेकस शाओयुआन नामक एक प्राचीन हाइलोबैटिड प्रजाति के हैं। हाइलोबैटिड्स कपियों का एक कुल है जिसमें वर्तमान गिबन्स की लगभग 20 प्रजातियां और पूर्वोत्तर भारत से इण्डोनेशिया तक के उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले सियामांग गिबन शामिल हैं। 2006 में वाई. शाओयुआन के बारे में पता चलने के बाद जी और उनके दल का मानना था कि यह एक प्राचीन गिबन है। लेकिन इसकी पुष्टि के लिए अतिरिद्र जीवाश्मों की आवश्यकता थी। लगभग एक दशक पूर्व एक स्थानीय निवासी को वाई. शाओयुआन का ऊपरी जबड़े का हिस्सा मिला था। इस जबड़े में चार दांत और दाढ़ का कुछ हिस्सा था। इसकी मदद से शोधकर्ता यह समझ सके थे कि यह एक शिशु गिबन का जबड़ा है जो 2 वर्ष की उम्र के पूर्व ही मर गया था। आधुनिक कपियों और प्राचीन प्राइमेट्स के जीवाश्मों की तुलना करने पर पाया गया कि वाई. शाओयुआन सबसे प्राचीन ज्ञात गिबन है। ये नतीजे दो साल पूर्व की एक रिपोर्ट को झुठलाते हैं जो कहती है कि उत्तरी भारत में हाइलोबैडिट कुल की लगभग 1.3 करोड़ वर्ष पुरानी दाढ़ मिली थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अपीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अपीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है।

आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे, इसी समय वाई. शाओयुआन भी पृथ्वी पर निवास करते थे। तो हो सकता है कि इसके बाद के सभी गिबन्स के पूर्वज वाई. शाओयुआन हों, या यह भी हो सकता है कि आधुनिक गिबन के पूर्वज और वाई. शाओयुआन निकट सम्बंधी हों। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवॉल्यूशन में शोधकर्ता बताते हैं कि दांत की चबाने वाली सतह पर बने उभार और गढ्डों के निशान और दांतों व जबड़े की अन्य विशेषताएं काफी हद तक वर्तमान गिबन की तरह हैं। इसके अलावा वाई. शाओयुआन के अश्मीभूत दांत की कुछ विशेषताएं आधुनिक गिबन के दांतों की विशेषताओं की पूर्ववर्ती लगती हैं। दाढ़ के आकार के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वाई. शाओयुआन का वजन लगभग छह किलोग्राम था, यह भी आधुनिक गिबन्स के समान है। इनके दाढ़ की संरचना इंगित करती है कि यह भी वर्तमान गिबन की तरह मुख्यत: फल खाता था। बहरहाल के. रगनेगेरेंसिस के विकास की कहानी अभी अस्पष्ट ही है क्योंकि इसका केवल एक ही दांत मिला है, जिसके आधार पर पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुश्किल है।

**...स्रोत फीचर्स**

# बालिकाओं के साथ हैवानियत के बढ़ते मामले चिंताजनक

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष**





**श्वेता गोयल**

वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो पूरी तरह लड़कियों को समर्पित है। प्रत्एक बालिका को मानवीय अधिकार मिलना सुनिश्चित करने, समाज में बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा करने तथा उन्हें नया अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस दिवस की शुरूआत की गई थी।

दरअसल बालिकाओं को शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में असमानता का शिकार होना पड़ता है और ऐसे मामलों को दुनिया के समक्ष लाना, लोगों के बीच बराबरी का अहसास पैदा करना, लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता पैदा करना ही इस दिवस का अहम उद्देश्य है। लैंगिक भेदभाव तो सदियों से एक बहुत बड़ी समस्या है, इसीलिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के माध्यम से लोगों में लैंगिक असमानता को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकारों द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की गई है, बालिका विवाह और लिंग परीक्षण पर रोक जैसे कानून लागू हैं और बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसा महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन छोटी-छोटी बालिकाओं पर अत्याचारों का सिलसिला निर्बाध रूप से जारी है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर बालि. काएं अपने जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं। अगर पिछले कुछ दिनों के मामलों पर नजर डालें तो बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न की काफी वीभत्स तस्वीर सामने आती है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आते ऐसे मामलों की लंबी फेहरिस्त है। आए दिन अबोध बालिकाओं के साथ हैवानियत के निरन्तर सामने आते ऐसे मामलों से इंसानियत भी शर्मसार हो रही है। चिंताजनक स्थिति यह है कि अक्सर ऐसे ज्यादातर मामलों में पुलिस का गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया सामने आता रहा है। निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती और महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने के बाद भी अगर इस तरह के मामले थमने का नाम नहीं ले रही तो इसका स्पष्ट कारण यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। हैदराबाद की बेटी दिशा का मामला हो या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। यह विडम्बना ही है कि हम नवरात्र जैसे पर्वों पर बालिका पूजन करने का ढ़ोंग करते हैं लेकिन देवी स्वरूपा उन्हीं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं करते। बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत में प्रतिवर्ष 3-7 लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि आज कई बालिकाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं लेकिन उसके बावजूद शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में उन्हें 21वीं सदी में भी असमानता की शिकार होना पड़ता है। तमाम जागरूकताओं के बावजूद समाज में लैंगिक भेदभाव आज भी बरकरार है। बहुत से मामलों में बालिकाओं के नजदीकी लोग ही उनका शोषण करते हैं। सरकारों द्वारा भले ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं का गणेश कर दिया गया है लेकिन जब कुछ मामलों में कानून के रक्षक ही बालिकाओं के शोषण के मामले में भक्षक की भूमिका में सामने आते हैं तो ऐसी योजनाएं औचित्यहीन प्रतीत होने लगती हैं। बालिकाएं आज स्वयं को कहीं भी सुरक्षित नहीं समझती, इसलिए केवल कागजों में बालिकाओं के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं बनाते रहने से तब तक कुछ हासिल नहीं होने वाला, जब तक कि समाज बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध होने की गारंटी न दे। बहरहाल, राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सरकार के साथ समाज भी अगर लिंगभेद को खत्म करने तथा देश में ऐसा वातावरण निर्मित करने का संकल्प ले, जहां बालिकाएं स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करें, तभी ऐसे दिवस मनाए जाने की कुछ सार्थकता होगी। जरूरत इस बात की है कि बालिकाओं के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए बेहद कड़े कानून बनें, ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हो और ऐसे मामलों की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों तथा अन्य अधिकारियों को कड़े दंड का प्रावधान हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के लिए बारिश से प्रभावित पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित लोग प्लास्टिक की चादरों के नीचे शरण लेते हुए।

## ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले की तलाश जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की पुलिस घरेलू हिसा से जुड़ी गोलीबारी में तीन लोगों की हत्या करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय समयानुसार, गुरुवार की शाम करीब 4:20 बजे हुई गोलीबा. री के बाद पुलिस 37 वर्षीय संदिग्ध जूलियन इनग्राम को तलाश कर रही है। गुरुवार को पुलिस के साथ-साथ उसकी तलाश के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि एक वाहन में 25 वर्षीय महिला और 32 वर्षीय पुरुष की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाक पीएम

## विपक्ष बोला: ट्रम्प को खुश करने के लिए इससे जुड़े शहबाज, यह अमीरों का एक क्लब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमे. रिका के 'बोर्ड ऑफ पीस' के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया डान के मुताबिक ऐसा करके शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं।



■ पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया

पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्राकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। हुसैन ने कहा कि पीएम को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन (यूएन) के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा है। हुसैन ने कहा कि यह बस एक अमीरों का क्लब बन रहा है। लेखक हुसैन ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए उनकी नीतियों का पालन कर रहा है। एक जिम्मेदार देश की विदेश नीति ऐसी नहीं होती। बोर्ड में इजरायल और अब्राहम समझौते करने वाले देश शामिल हैं, लेकिन फिलिस्तीनियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने इसे विनाशकारी कदम' करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान हमास को हथियार छोड़ने पर मजबूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिकी जनरल के नेतृत्व में गाजा में फोर्स तैनात हो सकता है और पाकिस्तानी सैनिकों को फिलिस्तीनी प्रतिरोध से लड़ना पड़ सकता है। संसद में विपक्षी नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक्स पर पोस्ट कर इसे नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड फलस्तीनियों से उनका अधिकार छीन रहा है। यह फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को कमजोर करेगा और यूएन को हाशिए पर धकेलने की कोशिश है। पाकिस्तान, जो कश्मीर जैसे मुद्दों पर यूएन के प्रस्तावों पर जोर देता है, इस तरह की पहल में शामिल होकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तहरीक-ए-तहफ्फुज के नेता मुस्तफा नवाज खोखर ने बिना संसद या सार्वजनिक बहस के इस बोर्ड में शामिल होना सरकार की मनमानी को दिखाता है। उन्होंने इसे औपनिवेशिक परियोजना (किसी शक्तिशाली देश का दूसरे देश पर कब्जा) बताया और कहा कि बोर्ड का चार्टर ट्रम्प को अत्यधिक शक्तियां देता है। खोखर के मुताबिक, बोर्ड के सदस्य को ट्रम्प शामिल या हटा जा सकते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार भी होगा। खोखर ने सवाल उठाया कि अगर यह बोर्ड ईरान जैसे किसी देश के खिलाफ कार्रवाई का फैसला करता है, तो पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद को ऐसे खतरनाक जिम्मेदारियों से बांध रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटाया

**कीव।** यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटया है। रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव ने गुरुवार को टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। फेडोरोव ने कहा कि यह फेरबदल यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और दुश्मन तथा उसकी अर्थव्यवस्था के खिलाफ 'एसिमिट्रिक' एवं साइबर हमलों को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। रक्षा मंत्री के अनुसार कैबिनेट ने अनातोली क्लोचको, ओलेक्सांद्र कोज़ेंको, मायकोला शेवत्सोव, वलोडिमिर ज़्वेरुखा और हन्ना ग्वोज्दियार को उनके पदों से हटा दिया है।

### न्यूज़ीलैंड के उत्तरी द्वीप में भूस्खलन से चीनी नागरिक की मौत

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड में उत्तरी द्वीप के पश्चिमी बे ऑफ़ प्लेंटी में भूस्खलन में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई है। न्यूज़ीलैंड में चीनी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। न्यूज़ीलैंड के बे ऑफ़ प्लेंटी इलाके में माउंट माउंगानुई के बेस पर एक हॉलिडे पार्क में गुरुवार को हुए बड़े भूस्खलन के बाद बच्चों समेत कई लोग लापता हैं। भारी बारिश और बाढ़ ने इस द्वीप के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया है, जिससे लोगों के घरों में बिजली बंद हो गई और द्वीप के पूर्वी तट पर कुछ इलाके अलग-थलग पड़ गए हैं।

### विमानन में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-यूरोपीय संघ

**दावोस।** भारत और यूरा. `पीय संघ ने विमानन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए नियामकों के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धाता जताई है तथा ढांचागत विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने गुरुवार को दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपीय संघ के परिवहन आयुक्त अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्टास से मुलाकात की।

# ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया

## एक साल में संपत्ति 12800 करोड़ बढ़ी, भारत में 8 प्रोजेक्ट चल रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में दावा किया कि वे अमेरिका को फिर से महान और अमीर बना रहे हैं। उन्होंने अपनी नीतियों और टैरिफ के कारण 16.48 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने का दावा किया। वहीं 20 जनवरी को आई न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ वॉर का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ा। इस दौरान ट्रम्प की निजी संपत्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

जनवरी 2025 में दोबारा व्हाइट हाउस लौटने के बाद पिछले एक साल में ट्रम्प की संपत्ति कम से कम करीब 12810 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में 8 ट्रम्प-ब्रांडेड प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं या प्लान्ड हैं, जिनमें रेसिडेंशियल टावर्स, कमर्शियल स्पेस और अन्य शामिल हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेट है। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद की शक्ति का इस्तेमाल कर खुद और परिवार को फायदा पहुंचाया। ट्रम्प विदेशी सरकारों और कंपनियों से ऐसे सौदे कर रहे हैं जिनसे उनके परिवार को पैसा मिल रहा है। ट्रम्प की कमाई का बड़ा हिस्सा विदेशी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से आया है। ट्रम्प आर्गनाइजेशन 20 से ज्यादा विदेशी प्रोजेक्ट्स चला रहा है।



■ असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं
■ संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है

### ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा भी जुटाया

**न्यूयार्क** टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया।

उन्होंने 'ट्रम्प' नाम को लाइसेंस देकर करीब 210 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें ओमान में लग्जरी होटल और सऊदी अरब में गोल्फ कोर्स शामिल हैं। भारत में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड कमर्शियल प्रोजेक्ट ट्रम्प वर्ल्ड सेंटर पुणे में बन रहा है। इससे ट्रम्प को 289 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई होने का अनुमान है। गुड़गांव में रेसिडेंशियल और होटल प्रोजेक्ट्स लिस्टेड हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ महीने पहले ट्रम्प ने भारत को डेड इकानमी कहा था। वियतनाम पर पिछले साल अमेरिका ने 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। टैरिफ कम करने के बदले ट्रम्प आर्गनाइजेशन को हनोई में 1.5 बिलियन डॉलर का गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी मिली और टैरिफ घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए स्थानीय कानूनों को भी दरकिनार किया गया। इसी तरह, इंडोनेशिया में अक्टूबर 2025 में एक वायरल वीडियो में राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो को ट्रम्प के बेटे एरिक से मिलने की बात करते सुना गया। एरिक ट्रम्प परिवार का बिजनेस संभाल रहे हैं। इंडोनेशिया में मार्च में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड गोल्फ क्लब खुला। वहां एक और प्रापर्टी और बाली में एक रिसार्ट भी ट्रम्प आर्गनाइजेशन की वेबसाइट पर लिस्टेड हैं। ट्रम्प आर्गनाइजेशन वियतनाम के हनोई में गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प की सबसे बड़ी कमाई क्रिप्टोकरेंसी से हुई है। पिछले साल उनकी फैमिली से जुड़ी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल कंपनी और एक मीम काइन से कम से कम 867 मिलियन डॉलर आए। 2025 में यूएई की एक फर्म ने ट्रम्प की कंपनी में 2 बिलियन डॉलर डाले, जो विश्व लिबर्टी फाइनेंशियल मानी जाती है। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने यूएई को सेमीकंडक्टर चिप्स बेचने की मंजूरी दी। ट्रम्प और उनके बेटों के पास वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के स्टेक हैं, जो परिवार की सबसे बड़ी संपत्ति बन गई है। पाकिस्तान के साथ भी एक बड़ा क्रिप्टो डील हुआ है, जो 17000 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा, ट्रम्प और मेलानिया ने फिल्ममेकिंग से भी कमाई की। अमेजन ने मेलानिया के आने वाले डाक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के राईट के लिए 28 मिलियन डॉलर दिए। साथ ही, टेक और मीडिया कंपनियों जैसे एक्स, मेटा, यूट्यूब और पैरामाउंट ने ट्रम्प के खिलाफ मुकदमों को सेटल करने के लिए कुल 90.5 मिलियन डॉलर दिए। यूट्यूब ने ट्रम्प के चैनल सस्पेंड करने पर 24.5 मिलियन डॉलर, जबकि पैरामाउंट ने कमला हैरिस के इंटरव्यू एडिट मामले में 16 मिलियन डॉलर चुकाए।

# कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी उजागर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' से मार्क कार्नी का निमंत्रण वापस लिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दिया गया निमंत्रण वापस ले लिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट से इस निर्णय की जानक. ारी दी। प्रधानमंत्री कार्नी को संबो. धित एक संक्षिप्त पत्र के रूप में लिखे संदेश में ट्रम्प ने बिना कोई विशेष कारण बताए स्पष्ट किया कि कनाडा के इस निकाय में शामिल होने के निमंत्रण को रद्द माना जाए। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच गहराते कूटनीतिक मतभेदों की ओर इशारा कर रहा है।

यह कदम दोनों नेताओं के बीच इस सप्ताह हुई सार्वजनिक बयानबाजी और तीखी नोकझोंक के बाद उठाया गया है। इससे पहले गुरुवार को कार्नी ने ट्रंप के उस विवादास्पद दावे को सिरे से खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कनाडा अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच से लौटने के बाद कार्नी ने क्यूबेक सिटी में कहा था कि कनाडा और अमेरिका के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय साझेदारी है, लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण जीवित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडा अपनी विशिष्ट पहचान और नागरिकों के कारण फल-फूल रहा है। दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी ने वैश्विक व्यवस्था में आने वाली 'दरार' के प्रति आगाह किया था और प्रमुख शक्तियों द्वारा टैरिफ (शुल्क) तथा आर्थिक दबाव के उपयोग की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने ग्रीनलैंड और डेनमार्क के प्रति भी अपना समर्थन व्यक्त किया था, जिसे अमेरिकी नीतियों के विरोध के रूप में देखा गया। इसके विपरीत, ट्रम्प ने उसी मंच से बोलते हुए दावा किया था कि कनाडा अमे. रिका की वजह से ही जीवित है। दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति और कनाडाई प्रधानमंत्री के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात भी नहीं हुई थी, जिससे तनाव की स्थिति पहले ही स्पष्ट हो गई थी। व्हाइट हाउस में दोबारा वापसी के बाद से ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापारिक और राजनीतिक मोर्चे पर कड़ा रुख अपना रखा है। उन्होंने कनाडा पर व्यापक व्यापारिक शुल्क लगा दिए हैं और बार-बार यह सुझाव देकर विवाद पैदा किया है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए।

# अमेरिका ने वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन छोड़ा

■ डब्ल्यूएचओ का दो हजार 380 करोड़ बकाया, अमेरिका बोला: भुगतान नहीं करेंगे, जरूरत से ज्यादा दे चुके

**वाशिंगटन।** अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हम डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा।

अमेरिका पर डब्ल्यूएचओ की करीब 2 हजार 380 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस बकाया है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन का कहना है कहा कि वे कोई भुगतान नहीं करेंगे क्योंकि डब्ल्यूएचओ को पहले ही जरूरत से ज्यादा दिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस फैसले से अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के हेल्थ सिस्टम पर असर पड़ सकता है। इसे अमे. रिकी कानून के खिलाफ भी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन डब्ल्यूएचओ से बाहर होने का फैसला किया था। गुरुवार को अमे. रिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ बीमारियों को रोकने, संभालने और जानकारी शेयर करने में नाकाम रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है।

# हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बना रहा जर्मनी

## युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर, ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह

**बर्लिन।** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुता. बिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है। युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरुआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक जरूरी फार्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मान. सिक रूप से कितने सक्षम हैं। यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है। सरकार का मकसद यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाना है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार होगा। जर्मन सेना (बुंडेसवेयर) में पिछले साल नवम्बर तक एक्टिव आर्मी की संख्या 1 लाख 84 हजार थी। मई से नवम्बर 2025 के बीच इसमें 25000 का इजाफा किया गया। मई में ही चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने संसद से कहा था कि जर्मन सेना को 'यूरोप की सबसे मजबूत सेना' बनना होगा। बुंडेसवेयर के सैन्य इतिहासकार टीमो ग्राफ ने अल जजीरा से कहा कि बहुत लंबे समय के बाद सेना इतनी बड़ी हुई है।



# इंसानों को संघर्ष छोड़, एकता के साथ होना चाहिए: सुनीता विलियम्स

**कोझिकोड।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्राी सुनीता विलियम्स ने इंसानों से संघर्षों पर पुनर्विचार करने और एकता का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। सुविलियम्स ने केरल के कोझिकोड में आयोजित 'केरल लिटरेचर फेस्टिवल' (केएलएफ) में पृथ्वी पर जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी पर राष्ट्रों की सीमाएं गायब हो जाती हैं और पृथ्वी एक साझा घर के रूप में दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक-दूसरे से लड़ने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी एक साझा घर की तरह दिखती है।





# जेलेंस्की बोले: पुतिन के पास पैसा खत्म, तो जंग भी खत्म

## अगर अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है, तो यूरोप क्यों नहीं

दावोस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास पैसा खत्म हो जाएगा तो यूक्रेन जंग भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने गुरुवार को यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में कही। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है और तेल जब्त कर सकता है तो यूरोप क्यों नहीं करता। यूरोप के तटों से होकर जाने वाला यही तेल यूक्रेन के खिलाफ जंग को पैसा दे रहा है। अगर पुतिन के पास पैसा नहीं बचेगा तो यूरोप में कोई युद्ध नहीं बचेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि यही रवैया पहले ईरान के साथ भी देखा गया। वहां लोग आजादी के लिए सड़कों पर उतरे लेकिन आंदोलनों को खून में डुबो दिया गया और दुनिया चुप रही। उन्होंने यूरोप को याद दिलाया कि रूस की संपत्तियां फीज तो की गईं, लेकिन जब उन्हीं पैसों से यूक्रेन की रक्षा की बात आई तो फैसला रोक दिया गया।



■ जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है

जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ 'वार क्राइम ट्रिब्यूनल' बनाने को लेकर सिर्फ बैठकें हुईं नतीजा कुछ भी नहीं निकला। उन्होंने सीधे पूछा कि क्या यह समय की कमी है या राजनीतिक हिम्मत की। जेलेंस्की ने माना कि सुरक्षा गारंटी पर बातें हो रही हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जो वादे किए हैं उसके लिए वे आभारी हैं, लेकिन हर बार बात अटक जाती है। आखिर में कहा जाता है कि ट्रम्प का सहारा चाहिए। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप को अब अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। नाटो पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन सिर्फ इस भरोसे पर टिका है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर आगे आएगा, लेकिन अगर अमेरिका नहीं आया तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को आत्मरक्षा करना सीखना होगा। वो ग्रीनलैंड में 14 या 40 सैनिक भेजकर क्या हासिल करना चाहता है? इससे पुतिन को क्या मैसेज जाता है, चीन को क्या मैसेज जाता है और शायद सबसे जरूरी बात, इससे डेनमार्क को क्या मैसेज जाता है ,उन्होंने कहा कि यूक्रेन को ठंडे इलाकों में लड़ने का असली अनुभव है और वह ग्रीनलैंड की रक्षा कर सकता है लेकिन वह नाटो का सदस्य नहीं है। ईरान और बेलारूस का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जब आजादी के लिए लड़ने वालों की मदद नहीं की जाती तो उसके नतीजे लौटकर आते हैं। बेलारूस में रूस ने मिसाइलें तैनात कर दीं और मिसाइलें सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होतीं। जेलेंस्की ने कहा कि ग्रीनलैंड के मामले में भी यूरोप वही गलती कर रहा है और यह सोचकर बैठा है कि कोई और आकर समस्या सुलझा देगा जबकि इस बीच रूस की युद्ध मशीन लगातार चल रही है।

